CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम :34° C
न्यूनतम: 23° C

नई दिल्ली, शनिवार 27 सितम्बर 2025 राष्ट्रीय संस्करण: वर्ष 23 अंक 176 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper


shahtimes2015@gmail.com आश्विन शुक्ल पक्ष 6 विक्रमी सम्वत् 2082 4 रबी उल सानी 1447 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



एआई की मदद से छात्रवृत्ति प्रक्रिया सरल बनाई जाएगी: योगी पेज 2



हारिस रऊफ पर गिरी आईसीसी की गाज खेल टाइम्स



प्रकृति, संस्कृति और समाज को जोड़ता सतत पर्यटन सम्पादकीय



तुर्की के जवाब में भारत ने साइप्रस का मुद्दा उठाया पेज 12

# ट्रम्प ने अब ब्रांडेड दवाओं पर लगाया 100 प्रतिशत टैरिफ

**वाशिंगटन, वार्ता**

**अमेरिकी राष्ट्रपति** डोनाल्ड ट्रम्प ने ब्रांडेड या पेटेंटेड दवाई पर 100 फीसदी टैरिफ लगाने का ऐलान किया है। ये टैरिफ एक अक्टूबर 2025 से लागू होगा।

यह टैक्स उन कंपनियों पर नहीं लगेगा, जो अमेरिका में ही दवा बनाने के लिए अपना प्लांट लगा रही हैं। भारत पर अमेरिकी राष्ट्रपति ने पहले ही 50 फीसदी टैरिफ लगाया है। ये टैरिफ 27 अगस्त से लागू हो चुका है। कपड़े, जेम्स-ज्वेलरी, फर्नीचर, सी फूड जैसे भारतीय प्रोडक्ट्स का एक्सपोर्ट इससे महंगा हो गया है। हालांकि दवाओं को इस टैरिफ से बाहर रखा गया था। ट्रम्प ने कहा कि एक अक्टूबर से हम ब्रांडेड या पेटेंटेड दवाई पर 100 फीसदी टैरिफ लगा देंगे, सिवाय उन कंपनियों के जो अमेरिका में अपना दवा बनाने वाला प्लांट लगा रही हैं। लगा रही हैं का मतलब होगा कंस्ट्रक्शन चल रहा है। इसलिए, अगर कंस्ट्रक्शन शुरू हो गया है, तो उन दवाइयों पर कोई टैक्स नहीं लगेगा। जियोजित इनवेस्टमेंट्स लिमिटेड के चीफ इनवेस्टमेंट स्ट्रैटजिस्ट -शेष पृष्ठ दो पर



- **एक अक्टूबर से लागू होगा नया फरमान, अमेरिका को 30 प्रतिशत दवाएं एक्सपोर्ट करता है भारत**
- **जेनेरिक दवाओं पर भी बैन लगा सकते हैं ट्रम्प**
- **जेनेरिक दवाओं का विश्व में सबसे बड़ा निर्यातक है भारत**

## अमेरिका के साथ व्यापार समझौते पर हुई रचनात्मक बातचीत: सरकार

**नई दिल्ली।** सरकार ने शुक्रवार को कहा कि वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल के नेतृत्व में अमेरिका गए भारतीय प्रतिनिधिमंडल की वहां के अधिकारियों के साथ द्विपक्षीय व्यापार समझौते की दिशा में रचनात्मक बातचीत हुई और दोनों पक्षों ने निर्णय तक शीघ्र पहुंचने के लिए बातचीत जारी रखने का फैसला किया है। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय ने कहा कि भारतीय प्रतिनिधिमंडल ने 22-24 सितम्बर तक अपने दौरे में वहां अमेरिकी व्यापार प्रतिनिधि जैमीसन ग्रीर और भारत के लिए नामित अमेरिकी राजदूत सर्जियो गोर के साथ बैठकें कीं। बयान में कहा गया है कि प्रतिनिधिमंडल ने समझौते के विभिन्न पहलुओं पर अमेरिकी सरकार के साथ रचनात्मक बैठकें कीं। दोनों पक्षों ने समझौते की संभावित रूपरेखा पर विचारों का आदान-प्रदान किया और पारस्परिक रूप से लाभकारी व्यापार समझौते पर शीघ्र निष्कर्ष निकालने के उद्देश्य से बातचीत जारी रखने का निर्णय लिया गया।

## पेपर लीक करवा रही भाजपा का दूसरा नाम 'पेपर चोर पार्टी' : राहुल गांधी

**नई दिल्ली।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष तथा लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने उत्तराखंड में पेपर लीक की ताजा घटना को लेकर भाजपा सरकार पर कड़ा प्रहार करते हुए शुक्रवार को कहा कि बार-बार पेपरलीक होने की घटनाओं से युवाओं का सपना तबाह करने वाली भाजपा सरकार 'पेपर चोर' सरकार बन गई है। श्री गांधी ने कहा कि अब तक भाजपा वोट चोरी करवाकर सत्ता में आने के षड्यंत्र में लिप्त रही है, लेकिन अब इससे भी आगे निकल कर देश के युवाओं के भविष्य से खिलवाड़ कर रही है। उन्होंने उत्तराखंड में यूकेएसएसएससी के हाल में हुए पेपर लीक का हवाला दिया और कहा कि पेपर चोर हो चुकी भाजपा युवाओं की मेहनत पर पानी फेर रही है।

## हाईकोर्ट ने खारिज की राहुल गांधी की याचिका

**प्रयागराज।** इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने सिख समुदाय से जुड़े विवादित बयान को लेकर दायर निगरानी याचिका के खिलाफ कांग्रेस सांसद राहुल गांधी की याचिका को खारिज कर दिया है। न्यायाधीश समीर जैन की अदालत ने इस मामले में सभी पक्षों की बहस पूरी होने के बाद तीन सितम्बर को अपना फैसला सुरक्षित कर लिया था, जिस पर शुक्रवार को फैसला सुनाया गया। राहुल गांधी ने वाराणसी के स्पेशल जज एमपी/एमएलए कोर्ट के फैसले के खिलाफ याचिका दाखिल की थी। उन्होंने वाराणसी एमपी एमएलए कोर्ट द्वारा निगरानी याचिका स्वीकार किए जाने को दी थी। याचिका को खारिज कर दिया।

## डा. मनमोहन सिंह के नाम पर पुस्तकालय का उद्घाटन

**नई दिल्ली।** कांग्रेस संसदीय दल की नेता सोनिया गांधी तथा पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने गुरुवार को यहां पूर्व प्रधानमंत्री डा. मनमोहन सिंह के नाम पर अनुसंधान केंद्र और पुस्तकालय का उद्घाटन किया। डा. सिंह के नाम पर स्थापित इस एक का नाम डा. मनमोहन सिंह अनुसंधान केंद्र और पुस्तकालय रखा गया है। यह केंद्र कांग्रेस के नए मुख्यालय इंदिरा भवन में स्थापित किया गया है। इस केंद्र पर डा. सिंह की पुस्तकें, उनके लेख और भाषणों के संकलन रखे गए हैं। इस मौके पर डा. सिंह की पत्नी गुरशरण कौर, कांग्रेस संसदीय दल की नेता सोनिया गांधी, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी तथा अन्य कई प्रमुख नेता मौजूद रहे।

## यूसीसी वक्त की जरूरत: हाईकोर्ट

**नई दिल्ली।** दिल्ली हाईकोर्ट ने शुक्रवार को देश में समान नागरिक संहिता (यूसीसी) लागू करने की वकालत की। कोर्ट ने कहा कि पर्सनल लॉ बाल विवाह की परमिशन देता है, जबकि पोक्सो एक्ट, बीएनएस में यही अपराध है। इन कानूनों के बीच बार-बार होने वाले टकराव को देखते हुए इसकी कानूनी रूप से स्पष्ट व्याख्या जरूरी है।

## वांगचुक एनएसए के तहत गिरफ्तार

**लेह।** लद्दाख में राज्य का दर्जा बहाल करने की मांग को लेकर आंदोलन का नेतृत्व कर रहे पर्यावरणविद और सामाजिक कार्यकर्ता सोनम वांगचुक को पुलिस ने शुक्रवार को राष्ट्रीय सुरक्षा अधिनियम (एनएसए) के तहत गिरफ्तार कर लिया है। यह कार्रवाई उस घटना के एक दिन बाद हुई, जब लेह में बंद और विरोध प्रदर्शनों के दौरान सुरक्षाबलों और प्रदर्शनकारियों के बीच हुई भीषण झड़पों में चार लोगों की मौत हो गई थी। वांगचुक की गिरफ्तारी के बाद लेह में इंटरनेट सेवा बंद कर दी गई है।

# आई लव मुहम्मद के बैनर को लेकर बरेली में बवाल

## सड़कों पर उतरे सैकड़ों लोग, तोड़फोड़-हंगामा, पुलिस ने किया लाठीचार्ज

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** बरेली में शुक्रवार को जुमे की नमाज के बाद मुस्लिम समाज के लोगों ने विरोध प्रदर्शन किया। शहर के अलग-अलग इलाकों में आई लव मुहम्मद लिखे पोस्टर बैनर लेकर सैकड़ों लोग सड़कों पर उतरे। इस दौरान खलील स्कूल के पास कुछ शरारती तत्वों ने तोड़फोड़ की। पुलिस ने स्थिति पर काबू पाने के लिए लाठीचार्ज किया। साथ ही मौलाना तौकीर रजा को नजरबंद कर लिया गया है।

डीआईजी रेंज बरेली अजय कुमार साहनी ने कहा कि नमाज शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हुई। कुछ शरारती तत्व माहौल खराब करना चाहते थे, उन्हें खदेड़ दिया गया है। श्यामगंज में पुलिस ने प्रदर्शन करने वालों को रोकने का प्रयास किया। इस दौरान एसपी क्राइम से नोकझोंक भी हुई, लेकिन जुलूस के रूप से भीड़ नारेबाजी करते हुए आगे बढ़ती गई। स्थिति को देखते हुए श्यामगंज में पुलिस ने दुकानें भी बंद करा दी। नौमहला मस्जिद के बाहर भी सैकड़ों लोग जुटे। लोगों ने नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन किया। वहीं, खलील स्कूल के पास प्रदर्शनकारियों ने अचानक वाहनों में तोड़फोड़ शुरू कर दी। पुलिस ने उन्हें समझाने का प्रयास किया, लेकिन वह नहीं माने। प्रदर्शनकारियों को शांत कराने के लिए पुलिस ने लाठियां पटकीं, तो भगदड़ मच गई। इत्तेहाद-ए-मिल्लत कौंसिल (आईएमसी) के प्रमुख मौलाना तौकीर रजा खां के ऐलान के बाद से शहर में गहमागहमी का माहौल है। मौलाना ने आई लव मुहम्मद मामले में डीएम के जरिये राष्ट्रपति को ज्ञापन भेजने की बात कही है। ज्ञापन में लोगों से शांतिपूर्ण तरीके से शामिल होने की अपील की। इसके मद्देनजर गुरुवार शाम से ही शहर में चौकसी बढ़ा दी गई थी। शुक्रवार को सुबह से ही इस्लामिया मैदान और बिहारीपुर को छावनी में तब्दील कर दिया गया। श्यामगंज मंडी वाले रोड पर बैरिकेडिंग करने के साथ भारी फोर्स तैनात की गई। सैलानी इलाका बंद रहा। दोपहर होते-होते लोग घरों से निकलने लगे। जुमे की नमाज के बाद लोग जुलूस -शेष पृष्ठ दो पर





- **मौलाना तौकीर रजा नजरबंद जुमे की नमाज शांतिपूर्ण संपन्न**

### पोस्टर को गाड़ियों पर लगाकर न घूमें

**बरेली।** दरगाह की तरफ से युवाओं से यह अपील की गई कि वह पोस्टर को गाड़ियों पर लगाकर न घूमें, घरों पर पोस्टर न चिपकाएं और पोस्टर लेकर जुलूस में शामिल न हों, क्योंकि यदि पोस्टर फटेंगे तो जमीन पर गिरेंगे और लोगों के पैरो तले आएंगे इससे इस्लाम की तोहीन होगी।

### सहारनपुर में जुमे की नमाज के बाद लहराया 'आई लव मुहम्मद' का पोस्टर

**सहारनपुर ब्यूरो।** महानगर में जुमे की नमाज के दौरान एक युवक ने 'आई लव मुहम्मद' के नाम का पोस्टर लहराया। इसके बाद पुलिस ने तुरंत उसे पकड़ लिया। काफी जद्दोजहद के बाद उससे पोस्टर छीन लिया और अपने साथ ले गई। महानगर की जामा मस्जिद में शुक्रवार दोपहर एक बजे नमाज शुरू हुई। नमाज अदा होने के बाद नमाजी अपने-अपने घर की ओर जाने लगे, तभी उनमें से एक व्यक्ति ने अपनी जेब में से आई लव मुहम्मद लिखा पोस्टर निकालकर लहराना शुरू कर दिया। वहां मौजूद पुलिसकर्मियों ने तत्काल उस व्यक्ति को पकड़ लिया और उसे वहां से ले गए। इस दौरान कुछ देर के लिए अफरातफरी का माहौल हो गया। पुलिस प्रशासन ने सुरक्षा व्यवस्था के लिए कड़े बंदोबस्त किए थे। मौके पर पर्याप्त मात्रा में पुलिस बल एवं अधिकारी मौजूद रहे। बताया गया कि पुलिस उक्त व्यक्ति से पूछताछ कर रही है।

# दिल्ली-NCR में पटाखे बनाने की इजाजत, बिक्री पर रोक

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने दिवाली से पहले शुक्रवार को दिल्ली-एनसीआर में पटाखा बनाने की इजाजत दे दी। कोर्ट ने कहा कि जिन मैन्युफैक्चरर्स के पास ग्रीन पटाखा बनाने के लिए एनईईआरआई और पीईएसओ का परमिट हैं, सिर्फ वे ही पटाखा बना सकते हैं।

सीजेआई बीआर गवई, जस्टिस के. विनोद चंद्रन और जस्टिस एनवी अंजारिया की बेंच ने मैन्युफैक्चरर्स के लिए एक शर्त भी रखी। बेंच ने कहा कि वे कोर्ट के अगले आदेश तक एनसीआर में कोई भी पटाखा नहीं बेचेंगे। अगली सुनवाई 8 अक्टूबर को होगी। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि पटाखों पर पूरी तरह बैन न तो संभव है, न ही यह सही है। हम केंद्र से आग्रह करते हैं कि दिल्ली सरकार, पटाखा बनाने और बेचने वालों सहित सभी हितधारकों से बातचीत करके पटाखों पर पूर्ण प्रतिबंध को संशोधित करने का प्रस्ताव लेकर आएं। एक व्यावहारिक समाधान लेकर आएं, जिसे सभी स्वीकार करें। सुप्रीम कोर्ट ने 3 अप्रैल 2025 को दिल्ली-एनसीआर में पटाखों पर बैन सिर्फ सर्दियों के मौसम के बजाय पूरे साल तक बढ़ाने का आदेश दिया था। इस फैसले को कोर्ट में चुनौती दी गई है, जिस पर अभी सुनवाई चल रही है।



- **सुप्रीम कोर्ट बोला- सिर्फ ग्रीन पटाखे बना सकेंगे, बैन का आदेश लागू नहीं हो सका**

## उत्तराखंड राज्य चुनाव आयोग पर सुप्रीम कोर्ट ने लगाया दो लाख का हर्जाना

- **एसईसी की हाईकोर्ट के आदेश के खिलाफ याचिका खारिज**

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को उत्तराखंड राज्य चुनाव आयोग (एसईसी) की उस चुनौती को खारिज कर दिया, जो उसने हाईकोर्ट के आदेश के खिलाफ दायर की थी। हाईकोर्ट ने आयोग के उस स्पष्टीकरण वाले सर्कुलर पर रोक लगाई थी, जिसमें कहा गया था कि जिन उम्मीदवारों के नाम कई मतदाता सूचियों में दर्ज हैं, वे पंचायत चुनाव लड़ सकते हैं।

जस्टिस विक्रम नाथ और संदीप मेहता की पीठ ने यह आदेश पारित किया और एसईसी पर 2 लाख रुपये का जुर्माना भी लगाया। जस्टिस नाथ ने आयोग के वकील से सवाल किया कि आप कैसे वैधानिक प्रावधान के विपरीत निर्णय ले सकते हैं? हाईकोर्ट में दाखिल याचिका में बताया गया था कि कई मामलों में ऐसे लोगों को चुनाव लड़ने की अनुमति दी जा रही थी, जिनके नाम एक से अधिक मतदाता सूचियों में शामिल थे। एसईसी के स्पष्टीकरण में कहा गया था कि किसी उम्मीदवार का नाम एक से अधिक ग्राम पंचायत/क्षेत्रीय निर्वाचन क्षेत्र/नगर निकाय की मतदाता सूची में दर्ज होने के आधार पर उसका नामांकन पत्र निरस्त नहीं किया जाएगा। हाईकोर्ट ने उपलब्ध सामग्री का अध्ययन करने के बाद यह पाया कि यह स्पष्टीकरण उत्तराखंड पंचायती राज अधिनियम, 2016 का उल्लंघन प्रतीत होता -शेष पृष्ठ दो पर

# मिग-21 ने भरी आखिरी उड़ान, 62 साल बाद हुआ रिटायर

**चंडीगढ़, वार्ता**

- **मिग-21 की अंतिम उड़ान में एयरफोर्स चीफ हुए सवार**
- **1965, 1971 और कारगिल जंग में शामिल रहा चर्चित एयरक्राफ्ट**

**भारतीय वायुसेना** की रीढ़ कहा जाने वाला मिग-21 एयरक्राफ्ट शुक्रवार को रिटायर हो गया। चंडीगढ़ एयरबेस में फाइटर जेट को विदाई दी गई। शुक्रवार से विमान की सेवाएं आधिकारिक तौर पर खत्म हो गई हैं।

विदाई समारोह में एयरफोर्स चीफ एपी सिंह ने 23 स्क्वाड्रन के 6 जेट के साथ आखिरी उड़ान भरी। स्क्वाड्रन लीडर प्रिया शर्मा ने भी फ्लाईपास्ट में हिस्सा लिया। 1963 में एयरक्राफ्ट चंडीगढ़ में ही वायुसेना में शामिल हुआ था। 62 साल की सर्विस के दौरान सुपरसोनिक मिग-21 ने 1965 के भारत-पाक युद्ध, 1971 के बांग्लादेश मुक्ति संग्राम, 1999 के कारगिल युद्ध और 2019 के बालाकोट एयर स्ट्राइक में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। यह भारत का पहला सुपरसोनिक जेट था यानी ये आवाज की गति (332 मीटर प्रति सेकंड) से तेज उड़ सकता है। अब इसकी जगह तेजस एलसीए मार्क 1ए को शामिल किया जाएगा। मिग-21 के रिटायरमेंट समारोह में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, तीनों सेनाओं के प्रमुख समेत रक्षा मंत्रालय के कई अधिकारी शामिल हुए। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि लंबे समय से मिग-21 अनेक वीरतापूर्ण कार्यों का साक्षी रहा है। इसका योगदान किसी एक घटना या किसी एक युद्ध तक सीमित नहीं रहा है। 1971 के युद्ध से लेकर कारगिल संघर्ष तक, या बालाकोट हवाई हमले से लेकर ऑपरेशन सिंदूर तक, ऐसा कोई क्षण नहीं रहा जब मिग-21 ने हमारे सशस्त्र बलों को जबरदस्त ताकत प्रदान न की हो। आपकी वीरता की जो यह यात्रा रही है इसमें मिग-21 का भी योगदान रहा है। आज हम सब इसको विदाई दे रहे हैं। मेरे मन में गौरव और कृतज्ञता की भावना भी है। हम एक ऐसे अध्याय को विदाई दे रहे हैं, जिससे काफी यादें जुड़ी हैं। यह एक मशीन भर नहीं है बल्कि भारत रूस की मित्रता की मिसाल है। मिग ने कई गौरव के पल जोड़े हैं। भारत में 850 मिग रहे हैं। अभी आप लोगों ने देखा कि फाइनल फ्लाई पास्ट को खुद लीड किया। यह उसके प्रति सम्मान दर्शाता है। सूर्यकिरण टीम भारतीय वायुसेना की एरोबेटिक डिस्प्ले टीम है। इसे दुनिया की चुनिंदा और सबसे बेहतरीन सैन्य एरोबेटिक टीमों में गिना जाता है।



Global HR Solutions
Kyrgyzstan (Bishkek)
जल्द जरूरत है !
जॉब्स उपलब्धः
• वेल्डर (3G & 4G ARC) • राज मिस्त्री
• कंस्ट्रक्शन लेबर • सिलाई टेलर
वेतनः 700 USD प्रति माह (नेट)
टैक्स कम्पनी देगी
आवश्यक दस्तावेज़ः
• रेफरेन • योग्यता प्रमाणपत्र
• सर्विस सर्टिफिकेट • वेल्डर टेस्ट रिपोर्ट
सम्पर्क करें :-
+91 8630026067

## संक्षिप्त समाचार

### दवाओं पर ट्रम्प के टैरिफ का सबसे ज्यादा असर होगा

**नई दिल्ली।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने अक्टूबर से सभी ब्रांडेड और पेटेंट प्राप्त दवाओं पर 100 प्रतिशत आयात शुल्क लगाने की घोषणा का सबसे अधिक भारतीय कंपनियों के प्रभावित होने की आशंका है। सरकारी आंकड़ों के अनुसार वित्त वर्ष 2024-25 में भारत से अमे. रिका को फार्मास्यूटिकल्स का निर्यात 21.09 प्रतिशत बढ़कर 978.39 करोड़ डॉलर पर पहुंच गया था। खासकर भारतीय कंपनियां अमेरिका को जेनरिक दवाओं का बड़े पैमाने पर निर्यात करती हैं, जो वहां सस्ती दवाओं का प्रमुख स्रोत है। उद्योग मंडल फिक्की की पिछले साल प्रकाशित रिपोर्ट के अनुसार, अमेरिका की जेनरिक दवाओं की 40 प्रतिशत मांग की पूर्ति भारतीय कंपनियों द्वारा की जाती है।

### मुख्तार पर शिकंजा कसने वाले आईपीएस के घर में चोरी

**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ के विकासनगर क्षेत्र में तैनाती के दौरान माफिया मुख्तार अंसारी पर शिकंजा कसने वाले आईपीएस अधिक. ारी यमुना प्रसाद के घर में बीते बुधवार को चोरी की वारदात हुई है। चोरों ने घर से नकदी, घड़ियों, चांदी के बर्तन और टोटियां समेत कई सामान पार कर दिए। पुलिस सूत्रों के अनुसार यमुना प्रसाद वर्तमान में नोएडा में डीसीपी पद पर तैनात हैं और परिवार के साथ वही रहते हैं। लखनऊ के आवास पर रिश्तेदार असित सिद्धार्थ रहते थे, जिन्होंने चोरी की जानकारी पुलिस को दी। घटना का खुला. सा 23 सितम्बर को तब हुआ, जब बिजली विभाग के कर्मचारी घर पहुंचे। घर खोलने पर भीतर का सामान अस्त-व्यस्त मिला।

# हाईकोर्ट की यूपीपीएससी की मुख्य परीक्षा नहीं कराने के आदेश पर रोक

**प्रयागराज, वार्ता**

इलाहाबाद हाईकोर्ट ने उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग (यूपीपीएससी) की संयुक्त राज्य इंजीनियरिंग सेवा (मुख्य परीक्षा) पर रोक लगाने के एकल पीठ के आदेश पर रोक लगा दी है। कोर्ट ने कहा कि आयोग मुख्य परीक्षा का आयोजन करे, मगर इसका परिणाम जारी नहीं किया जाएगा।

इससे पूर्व एकल पीठ ने मुख्य परीक्षा के आयोजन पर रोक लगाते हुए प्रारंभिक परीक्षा-2024 के परिणाम को संशोधित करने का आदेश दिया था। एकल पीठ ने कहा है कि



**परीक्षा कराएं, मगर परिणाम नहीं होगा जारी**

आयोग पहले प्रारंभिक परीक्षा का संशोधित परिणाम जारी करे और उसके आधार पर ही मुख्य परीक्षा आयोजित करे। इस आद. `श के खिलाफ आयोग ने विशेष अपील दाखिल की। न्यायमूर्ति एमसी त्रिपाठी और न्यायमूर्ति अनीस कुमार गुप्ता की पीठ के समक्ष शुक्रवार को वरिष्ठ अधिवक्ता अनूप त्रिवेदी ने अपील पर सुनवाई का अनुरोध किया, जिसे स्वीकार करते हुए खंडपीठ ने एकल न्याय पीठ के आदेश पर आंशिक रोक लगा दी है और मुख्य परीक्षा के आयोजन की छूट दे दी है। प्रतियोगी राजत मौर्या व 41 अन्य की ओर से दायर याचिकाओं पर कहा गया कि यूपीपीएससी ने प्रारंभिक परीक्षा का परिणाम तैयार करते समय आरक्षण के माइग्रेशन (प्रवासन) के सिद्धांत का पालन नहीं किया। इसके तहत आरक्षित वर्ग के जिन उम्मीदवारों ने योग्यता के आधार पर अनारक्षित वर्ग के उम्मीदवारों के बराबर या उससे अधिक अंक प्राप्त किए हैं, उन्हें अनारक्षित सूची में शामिल किया जाना अनिवार्य है।

# भारत को आत्मनिर्भर बनाना होगा: राष्ट्रपति

## रेयर अर्थ एलिमेंट के प्रोडक्शन पर बोलीं द्रौपदी मुर्मू, रिसर्च की अपील

**नई दिल्ली, वार्ता**

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने शुक्रवार को कहा कि वर्तमान भू-राजनीतिक स्थिति को देखते हुए भारत को रेयर अर्थ एलिमेंट के प्रोडक्शन में आत्मनिर्भरता हासिल करनी चाहिए। मुर्मू ने यहां राष्ट्रीय भूविज्ञान पुरस्कार 2024 में बोलते हुए कहा कि इससे भारत को विकसित राष्ट्र बनने के अपने लक्ष्य को हासिल करने में मदद मिलेगी और देश की सुरक्षा सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

उन्होंने कहा कि वर्तमान भू-राजनीतिक स्थिति को देखते हुए यह बहुत जरूरी है कि भारत दुर्लभ अर्थ एलिमेंट के प्रोडक्शन में आत्मनिर्भर बने। उन्होंने कहा कि ये एलिमेंट दुर्लभ इसलिए नहीं हैं क्योंकि इनकी उपलब्धता कम है, बल्कि इन एलिमेंट की पहचान करने की प्रक्रिया बहुत जटिल है।



**बाढ़, भूस्खलन, भूकंप और सुनामी जैसी प्राकृतिक आपदाओं की रिसर्च करे वैज्ञानिक**

राष्ट्रपति मुर्मू ने आगे कहा कि स्वदेशी तकनीक के विकास से इस जटिल प्रक्रिया को पूरा करने में मदद मिलेगी। उन्होंने कहा कि यह आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, सेमीकंडेक्टर और क्लीन एनर्जी टेक्नोलॉजी का दौर है। स्मार्टफोन, इलेक्ट्रिक वाहन और रेन्युबल एनर्जी टेक्नोलॉजी में रेयर अर्थ एलिमेंट आवश्यक हैं। बता दें कि रेयर अर्थ एलिमेंट 17 रासायनिक रूप से समान धात्विक तत्वों का एक समूह है जो स्मार्टफोन, इलेक्ट्रिक वाहन और वाइंड टर्बाइन सहित एडवांस टेक्नोलॉजी के लिए आवश्यक है। उन्होंने कहा कि माइन्स मंत्रालय स्थिरता और इनोवेशन के लिए प्रतिबद्ध है। खनन क्षेत्र एआई मशीन लर्निंग और ड्रोन-बेस्ड सर्वे को बढ़ावा दे रहा है। खदानों के अवशेषों से मूल्यवान तत्वों की प्राप्ति पर भी ध्यान केंद्रित किया जा रहा है।

उन्होंने कहा कि इस साल देश के कई हिस्सों में बादल फटने और भूस्खलन के कारण लोगों को काफी नुकसान हुआ है और ऐसी प्राकृतिक आपदाओं की जानकारी समय पर प्राप्त करना बेहद जरूरी है। राष्ट्रपति ने कहा कि भूवैज्ञानिक समुदाय से मेरी अपील है कि वे बाढ़, भूस्खलन, भूकंप और सुनामी जैसी प्राकृतिक आपदाओं की रिसर्च पर अधिक ध्यान दें।

## चार लाख छात्र-छात्राओं को छात्रवृत्ति वितरित करते हुए बोले सीएम योगी

# एआई की मदद से छात्रवृत्ति प्रक्रिया होगी सरल

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को चार लाख छात्र-छात्राओं को छात्रवृत्ति वितरित करते हुए कहा कि कई बार विद्यालयों से छात्रवृत्ति के लिए डाटा फीड करने में त्रुटि हो जाती है। ऐसे में छात्र अपने अधिकार से वंचित रह जाता है। इसके लिए हम एआई के माध्यम से प्रक्रिया को सरल बना रहे हैं।

योगी ने कहा कि इस प्रक्रिया में मानवीय हस्तक्षेप कम रहेगा और जैसे ही छात्र का पंजीकरण हो जाए, उसके फोन पर पूरी डिटेल उपलब्ध हो और समय पर छात्रवृत्ति पहुंच जाएगी। इसकी व्यवस्था की जा रही है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में आयोजित कार्यक्रम में बोलते हुए यह बातें कहीं। इस दौरान उन्होंने



**2017 के पहले उप्र में छात्रों को छात्रवृत्ति देने में भेदभाव किया जाता था**

कहा कि 2017 के पहले छात्रों को छात्रवृत्ति देने में भेदभाव किया जाता था। 2017 में जब हमारी सरकार आई तो हमने 2016-17 और 17-18 की छात्रवृत्ति एक साथ दी। उन्होंने कहा कि दरअसल फरवरी-मार्च में मिलने वाली छात्रवृत्ति इस बार सितम्बर में नवरात्र के अवसर पर छात्रों को दी जा रही है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि छात्र-छात्राओं को छात्रवृत्ति और शुल्क प्रतिपूर्ति सितम्बर के महीने में मिल रही है। इसकी सभी विद्यार्थियों को बधाई। पहले जो छात्रवृत्ति फरवरी-मार्च में मिलती थी अब सितम्बर में मिला करेगी। मुख्यमंत्री योगी ने प्रतीकात्मक तौर पर कई विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति का चेक प्रदान किया। इस बार फरवरी-मार्च में मिलने वाली छात्रवृत्ति इस बार सितम्बर में नवरात्र के अवसर पर छात्रों को दी जा रही है। बाबा साहेब भीमराव आंबेडकर और सरदार पटेल ने अपनी शिक्षा से, अपनी योग्यता से हमारे देश को और समाज को दिशा दी थी। सरकार का प्रयास है कि हर छात्र को सहायता मिले जिससे कि वो अपनी शिक्षा से समाज के विकास में योगदान दे सके।

### यूपी के 240 गांवों में बीएसएनएल के 4-जी नेटवर्क पर होगी बात

**लखनऊ।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शनिवार को उड़ीसा से भारत संचार निगम लिमिटेड की 4-जी सेवा का शुभारंभ करेंगे।

देश मे बीएसएसनल की 4-जी सेवा के शुरू होने के बाद उत्तरप्रदेश के उन 240 गांवों में संचार नेटवर्क आसानी से उपलब्ध होंगे, जहां पर अभी तक मोबाइल पर लोगों का बात करना सपने के समान था। इन गांवों में अभी तक किसी भी दूरसंचार कम्पनी की कनेक्टिविटी नहीं है। बीएसएसनल की 4-जी सेवाओं के शुभारंभ से एक दिन पूर्व शुक्रवार को लखनऊ में आयोजित प्रेस कांफ्रेंस में बीएसएसनल (पूर्वी परिमंडल) के चीफ जनरल मैनेजर एके गर्ग ने बताया कि पहली बार बीएसएसनल की 4-जी स्वदेशी सेवा की कल से शुरुआत हो रही है। इसके लिए पूरे देश मे 97500 साइट्स स्थापित किए गए हैं। इसके अलावा बीपीएन नेटवर्क के तहत 18900 साइट्स को कवर किया जा रहा है। एके गर्ग ने बताया कि अभी तक हमारे पास 4-जी टेक्नोलॉजी नही थी। इस टेक्नोलॉजी को 22 माह के अंदर डेवलप किया गया है। टेक्नोलॉजी के डेवलप होने के बाद भारत विश्व के उन पांच देशों मे शामिल हो गया है, जिनके पास यह टेक्नोलॉजी डेवलप करने की क्षमता है। उन्होंने बताया कि कल इस सेवा के शुरू होने के मौके पर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ व वित्त राज्यमंत्री भी उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम का आयोजन आईजीपी में किया गया है। उन्होंने बताया कि हम 5-जी सेवा पर भी काम कर रहे हैं।

# कच्चे माल पर कर बढ़ाना भाजपा का गोलमोल सच

**लखनऊ, वार्ता**

सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने भारतीय जनता पार्टी सरकार पर हमला बोलते हुए कहा कि दिखाने के लिए तैयार माल पर घटाने के साथ ही कच्चे माल पर जीएसटी बढ़ाना 'जीएसटी गोलमाल' का सच है।

यादव ने शुक्रवार को एक्स पर लिखा- भाजपा ने दिखाने के लिए तैयार सामान पर जीएसटी घटा दी, लेकिन वो सामान जिससे बनता है, उसके कच्चे माल पर जीएसटी बढ़ा दी। यही है भाजपा के 'जीएसटी गोलमाल' का सच। उन्होंने कहा ष्भाजपा कारोबारियों को संकट में डाल रही है, क्योंकि भाजपाई तो सड़कों पर नारे लगाकर, 50 प्रतिशत का भाषण देकर निकल गए। जब जनता बाज़ार जा रही है और सस्ता माल नहीं पा रही है, तो दुकानदारों से झगड़ रही है। भाजपा सुधार नहीं, ग्राहक-दुकानदार के संबंधों को बर्बाद कर रही है। भाजपा किसी



**अखिलेश ने बीजेपी पर बोला तीखा हमला**

की सगी नहीं है। एक अन्य पोस्ट में सपा सुप्रीमो ने रिहायशी इलाकों में वन्य जीवों के बढ़ते हमलों को लेकर कहा कि कहीं भेड़िया, कहीं तेंदुआ, कहीं अजगर, कहीं सांड उप्र में दहशत का जो वातावरण बना हुआ है, उसके लिए भाजपा सरकार कुछ करेगी या ये कहकर पल्ला झाड़ लेगी कि जानवर के पदचिह्न नहीं मिले हैं। जिन पर हमले हो रहे हैं, क्या उनके घायल शरीर के निशान काफ़ी नहीं हैं या फिर उनके जख्म जिनके बच्चे जानवर उठा ले जा रहे हैं। भाजपा अब क्या सीसीटीवी के खिलाफ़ एफ़आइआर कराएगी।



**सेंसेक्स** 80956.01
**निफ्टी** 24782.70



**सोना रु.** 113080
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

## अर्थ व्यापार



**चांदी रु.** 137467
प्रति किलो



# बाजारों में चौतरफा बिकवाली, सेंसेक्स लुढ़का

## सेंसेक्स की कंपनियों में शामिल शेयरों में ज्यादा गिरावट रही

**मुंबई, वार्ता**

घरेलू शेयर बाजारों में शुक्रवार को लगातार छठे दिन गिरावट देखी गई और शुरुआती कारोबार में बीएसई का 30 शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 450 अंक लुढ़क गया। बाजार में शुक्रवार को शुरू से ही बिकवाली हावी रही। सेंसेक्स 203.67 अंक की गिरावट के साथ 80,956.01 अंक पर खुला।

फार्मा, आईटी, बैंकिंग, कंज्यूमर ड्युरेबल्स, स्वास्थ्य, तेल एवं गैस और एफएमसीजी समेत लगभग सभी सेक्टरों में निवेशकों ने बिकवाली की। खबर लिखे जाते समय सेंसेक्स 378.57 अंक (0.47 प्रतिशत) की गिरावट में 80,781.11 अंक पर था। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 50 सूचकांक भी 72.5 अंक गिरकर 24,818.55



अंक पर खुला। खबर लिखे जाते समय यह भी 108.15 अंक यानी 0.43 प्रतिशत नीचे 24,782.70 अंक पर रहा।

सेंसेक्स की कंपनियों में इंफोसिस, आईसीआईसीआई बैंक, सन फार्मा, रिलायंस इंडस्ट्रीज, एचडीएफसी बैंक और टीसीएस के शेयरों में ज्यादा गिरावट रही। एलएंडटी, टाटा मोटर्स, मारुति सुजुकी और आईटीसी के शेयर ऊपर चल रहे थे।

### विदेशी मुद्रा भंडार घटकर 702.57 अरब डॉलर पर

**मुंबई।** देश का विदेशी मुद्रा भंडार 19 सितम्बर को समाप्त हुए सप्ताह में 39.6 करोड़ डॉलर घटकर 702.57 अरब डॉलर पर आ गया। इससे पहले लगातार तीसरी साप्ताहिक तेजी के साथ 12 सितम्बर को यह अब तक के दूसरे उच्चतम स्तर 702.966 अरब डॉलर पर पहुंच गया था। रिजर्व बैंक ने शुक्रवार को बताया कि 19 सितम्बर को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार का सबसे बड़ा घटक विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति 86.4 करोड़ डॉलर घटकर 586.15 अरब डॉलर रह गया। हालांकि स्वर्ण भंडार 36 करोड़ डॉलर की वृद्धि के साथ 92.779 अरब डॉलर रहा। विशेष आहरण अधिकार 10.5 करोड़ डॉलर बढ़कर 18.879 करोड़ डॉलर पर और अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष के पास आरक्षित निधि 20 लाख डॉलर की वृद्धि के साथ 4.762 अरब डॉलर पर पहुंच गया।

### सोने और चांदी के दाम में फिर आया उछाल

**नई दिल्ली।** लगातार दो दिन से गिरावट के बाद सोने में शुक्रवार को उछाल देखा गया। हालांकि ये तेजी इतनी अधिक नहीं है। वहीं चांदी की रफ्तार ने भी तेजी पकड़ ली। सुबह 9.30 बजे एमसीएक्स पर सोने में 174 रुपये प्रति 10 ग्राम की बढ़ोतरी देखी गई है। देश की राजधानी दिल्ली और मुंबई में 10 ग्राम गोल्ड खरीदने के लिए ज्यादा पैसे चुकाने होंगे। 24 कैरेट 10 ग्राम गोल्ड के भाव देश की राजधानी दिल्ली में 250 रुपये प्रति 10 बढ़कर 113,080 रुपये पर आ गए है। मुंबई में सोने के दाम 450 रुपये प्रति 10 ग्राम बढ़ गए हैं। सोने की कीमत 113,470 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गई है। गोल्ड के भाव आज 0.400 फीसदी बढ़ गए हैं। पटना और रायपुर में आज सोना सबसे सस्ता मिल रहा है। यहां 24 कैरेट सोने की कीमत 113,200 रुपये प्रति 10 ग्राम है। आईबीजेए के अनुसार चांदी का भाव 2911 रुपये बढ़ा है। हालांकि एमसीएक्स में दोपहर 3.42 बजे चांदी की कीमत में 864 रुपये प्रति किलो की बढ़ोतरी देखी गई है। शुक्रवार को 1 किलो चांदी का भाव 137,467 रुपये दर्ज किया गया है। इस हिसाब से देखें तो आज चांदी में 2911 रुपये प्रति किलो की बढ़ोतरी आई है।

# यूपी स्वास्थ्य विभाग में एक और फर्जीवाड़ा

## 14 अलग-अलग पिता के नाम पर 35 को मिली नौकरी, जांच में खुलासा

**लखनऊ।** यूपी स्वास्थ्य विभाग में एक्स-रे टेक्नीशियन पद पर भर्ती मामले में अब नया खुला. सा हुआ है। खाद्य एवं रसद विभाग की जांच रिपोर्ट में चयनित अभ्यर्थियों की सूची में ऐसे कई चौंकाने वाले तथ्य सामने आए हैं, जो सीधे-सीधे धांधली की ओर इशारा करते हैं। विभाग ने पूरे मामले की जांच रिपोर्ट स्वास्थ्य विभाग के प्रमुख सचिव को सौंप दी है।

खाद्य एवं रसद विभाग 2008 और 2016 में हुई नियुक्तियों की जांच कर रहा है। 2007 में एक्स-रे टेक्नीशियन के 572 पदों पर हुई नियुक्ति में भी फर्जीवाड़े का खुलासा हुआ है। जांच रिपोर्ट से पता चला है कि 14 अलग-अलग पिता के नाम पर 35 अभ्यर्थियों की नियुक्तियां की गई है। उदाहरण के तौर पर एक ही पिता गुलाब सिंह के चार बच्चों जनार्दन सिंह, नेम सिंह, अजय सिंह व अतुल कुमार सिंह की नियुक्ति हुई है, जबकि पता सभी का अलग-अलग है। स्वास्थ्य विभाग में एक्स-रे टेक्नीशियनों की भर्ती मामले में फर्जीवाड़े के खुलासे से सवालिया निशान खड़ा हो गया है। यह भी पता चला है कि कई अभ्यर्थियों के नाम एक जैसे तो हैं, लेकिन उनकी जाति अलग-अलग दर्ज



की गई है। दस्तावेजों में इस स्तर की हेराफेरी से साफ जाहिर है कि भर्ती में पारदर्शिता को दरकिनार कर सुनियोजित फर्जीवाड़ा किया गया। कई अभ्यर्थियों के पते भी गलत पाए गए हैं। रिपोर्ट से स्पष्ट है कि नियुक्तियां असल अभ्यर्थियों के बजाय अपने चहेते अभ्यर्थियों की हुई है। यह खुलासा 2016 और 2008 में हुई भर्तियों की जांच के दौरान हुआ है। अब 2007 की भर्ती उजागर होने के बाद स्वास्थ्य विभाग की पूरी भर्ती प्रक्रिया पर गंभीर प्रश्नचिह्न खड़ा हो गया है। स्वास्थ्य विभाग के प्रमुख सचिव अमित घोष ने कहा कि एक्स-रे टेक्नीशियन की भर्ती मामले की जांच रिपोर्ट से संबंधित फाइलें देखने के बाद निर्णय लिया जाएगा।

## प्रथम पृष्ठ के शेष...

**ट्रम्प ने...**

वीके विजयकुमार ने कहा कि भारत, जो जेने. रिक दवाओं का एक्सपोर्टर है, उसे इससे ज्यादा असर नहीं होगा। लेकिन हो सकता है कि राष्ट्रपति का अगला निशाना जेनेरिक दवाएं हों। इस फैसले का फार्मास्यूटिकल स्टॉक्स पर भावनात्मक असर पड़ सकता है। भारत जेनेरिक दवाइयां अमेरिका को एक्सपोर्ट करने वाला सबसे बड़ा देश है। 2024 में भारत ने अमेरिका को लगभग 8.73 अरब डॉलर (करीब 77 हजार करोड़ रुपये) की दवाइयां भेजीं, जो भारत के कुल दवा एक्सपोर्ट का करीब 31 फीसदी था। अमेरिका में डाक्टर जो प्रिस्क्रिप्शन लिखते हैं, उनमें से हर 10 में से लगभग 4 दवाइयां भारतीय कंपनियों की बनाई होती हैं। एक रिपोर्ट के मुताबिक, 2022 में अमेरिका के हेल्थकेयर सिस्टम के 219 अरब डॉलर बचे थे। 2013 से 2022 के बीच यह बचत 1.3 ट्रिलियन थी। भारत की बड़ी फार्मा कंपनियां, जैसे डा. रेड्डीज, सन फार्मा, ल्यूपिन सिर्फ जेनेरिक दवाएं ही नहीं बेचती, बल्कि कुछ पेटेंट वाली दवाएं भी बेचती हैं।

**आई लव मुहम्मद...**

के रूप से नारेबाजी करते हुए सड़कों पर निकले। इस दौरान कुछ लोगों ने हंगामा और तोड़फोड़ शुरू कर दी। इत्तेहाद-ए-मिल्लत कौंसिल (आईएमसी) के प्रमुख मौलाना तौकीर रजा खां ने शुक्रवार सुबह एक वीडियो जारी कर कहा था कि मीडिया जो खबरें चल रही हैं, वह सरासर गलत हैं। पुलिस प्रशासन के साथ कुछ मुखबिरों ने मिलकर साजिश रचकर यह काम किया है। मौलाना ने कहा कि उन्होंने जो ऐलान किया था। उसके मुताबिक अमल किया जाएगा। जुमे की नमाज नौमहला मस्जिद में पढ़ेंगे। उसके बाद बहुत ही जिम्मेदारी और अमन के साथ हम अपनी तकलीफों और परेशानियों के लिए डीएम के जरिये राष्ट्रपति को ज्ञापन देना चाहते हैं। इसमें किसी प्रकार की कोई दिक्कत नहीं है। अगर जिला प्रशासन लोगों को रोक-टोक करेगा या उनके साथ बदतमीजी की जाएगी। ज्यादती की जाएगी, तो उसकी जवाबदेही जिला प्रशासन की खुद होगी। हमारा कार्यक्रम पूरी तरह अमन का है।

**उत्तराखंड राज्य...**

है। अदालत ने कहा कि यह अधिनियम की धारा 9(6) और 9(7) के विपरीत है। हाईकोर्ट का कहना था कि जब कानून स्पष्ट रूप से यह रोक लगाता है कि किसी मतदाता का नाम एक से अधिक निर्वाचन क्षेत्रों या मतदाता सूचियों में दर्ज नहीं हो सकता और यह वैधानिक प्रतिबंध है, तो राज्य चुनाव आयोग द्वारा दिया गया स्पष्टीकरण इस प्रतिबंध के बिल्कुल विप. रीत प्रतीत होता है। इसलिए हाईकोर्ट ने उस परिपत्र पर रोक लगाई और निर्देश दिया कि उस पर कोई कार्यवाही नहीं की जाएगी। इसी आदेश के खिलाफ एसईसी ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दाखिल की थी, जिसे सुप्रीम कोर्ट ने खारिज कर दिया।

# लद्दाख में पार्टी को बदनाम करने वालों के विरुद्ध होगी कानूनी कार्रवाई: कांग्रेस

**नई दिल्ली, वार्ता**

कांग्रेस ने कहा है कि भारतीय जनता पार्टी के कुछ नेता, न्यूज चैनलों के एंकर तथा सोशल मीडिया के कई लोग हिंसा में शामिल किसी व्यक्ति की तस्वीर गलत तरीके से पेश कर उसे कांग्रेस का पार्षद बता कर पार्टी को बदनाम करने का प्रयास कर रहे हैं।

पार्टी ने इसे सोची समझी रणनीति का हिस्सा बताते हुए कहा कि यह राजनीतिक लाभ अर्जित करने के लिए कांग्रेस के खिलाफ चलाए जा रहे दुष्प्रचार का हिस्सा है और ऐसा करने वाले लागों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी। कांग्रेस संचार विभाग के प्रमुख जयराम रमेश ने कहा कि भाजपा के कई नेता और कुछ एंकर या सोशल



**यह एक सोची-समझी रणनीति का हिस्सा**

मीडिया इन्फ्लुएंसर किसी व्यक्ति की तस्वीर और फुटेज दिखाकर उसे कांग्रेस के निर्वाचित पार्षद फुंटसोग स्टेनजिन त्सेपाग बताकर उसे गलत तरीके से पेश कर रहे हैं। हम उन सभी लोगों के खिलाफ कानूनी और आपराधिक कार्रवाई कर रहे हैं, जिन्होंने न केवल हमारी पार्टी को बदनाम करने की कोशिश की है, बल्कि अशांति पैदा कर विरोध को हवा देते हुए मतभेद और फैलाने का प्रयास किया है। खेड़ा ने कहा कि भाजपा और उसके लिए प्रचार में लगे मीडिया तथा सोशल मीडिया के उसके लोग लद्दाख के लोगों के साथ संवेदनशीलता दिखाने की बजाय अपनी आदत के अनुसार कीचड़ उछाल रहे हैं और लद्दाख में फैले आक्रोश का फायदा उठाकर राजनीतिक विरोधियों से हिसाब बराबर करने का मौका तलाश रहे हैं।

### डा. मनमोहन सिंह की जयंती पर श्रद्धांजलि

**नई दिल्ली।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष तथा लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने पूर्व प्रधानमंत्री डा. मनमोहन सिंह को जयंती पर नमन करते हुए कहा कि देश की अर्थव्यवस्था को नई दिशा देने में उनके योगदान को हमेशा याद किया जाएगा।

शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काज़ीज़ादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

Cipzer
HEALTH WITH CARE
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
भूख की कमी, बदहजमी, जॉन्डिस, फैटी लीवर, एल्कोहलिक लिवर डिजीज आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहें फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

वैधानिक सूचना
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।




ADVETORIAL

# A SUSTAINABLE PATH TO GROWTH

**CM Hemant Soren puts vision into action; calls for preserving heritage & generating employment. Jharkhand is a state rich in natural beauty, dense forests, and diverse wildlife. Recognising its vast potential for ecotourism, the state government led by CM Hemant Soren has initiated several projects and policies aimed at promoting sustainable tourism while preserving its unique ecological heritage.**

Every year, Jharkhand has a huge foot fall of domestic and foreign tourists, who are attracted to its magnificent waterfalls, abundant and diverse wildlife, looming hills and mountain ranges, lush green forests, and the rich cultural heritage, including its handi craft, folklores and dances. The state is truly a kaleidoscope of its past and present glory.




*Jharkhand has the potential to emerge as a leading destination in tourism, especially in eco-tourism. With Jharkhand Eco Tourism Authority (JETA) becoming functional, we are working to promote home stays and eco-cottages in forest areas. Very soon, Jharkhand will be ready to welcome visitors from across the country to explore its natural beauty, rich culture, and the unique experience of living close to nature.*

***Sudivya Kumar, Minister of Tourism, Jharkhand***

## ECOFRIENDLY RESORT AT MASANJOR

The resort built near the Massanjor dam, located along the banks of the Mayurakshi river on one side, and the green hills on the other, is known for its scenic and picturesque beauty, and is a tourist's delight. It comprises 25 cottages built with imported SPF (spruce-pin-fir) wood by the forest department. There are 10 premium and 15 deluxe cottages. The idea was to make tourists comfortable with maximum ecofriendly facilities, so that they are able to soak in nature's bounty and the beauty of the place.



*Development of eco-tourism in Jharkhand will create job opportunities for locals and also promote the cultural heritage of the place. The government is also considering developing the existing tourist.*

***Sri Hemant Soren***
***Chief Minister, Jharkhand***

## BOOST TO ECOTOURISM


The state government firmly believes that development of the tourism sector would not only generate immense employment opportunities, but also contribute to accelerated economic development. This would ensure showcasing of the rich traditional and cultural heritage of the state, which will also have a cascading effect and lead to development of other sectors as well. For this, the state will ensure accelerated development of tourism-related infrastructure, increase employment opportunities, augment its resources and showcase the rich cultural heritage and traditions. The broad objectives of it's tourism policy are to promote tourism in the state in such a manner that it contributes to generation of employment and rapid economic growth, optimum utilisation of resources to attract maximum number of domestic and foreign tourists, and to increase the average duration of their stay in the state. Prometing ecotourism apart from religious, adventure tourism etc, is a major part of tourism development in Jharkhand.

## GREEN GOALS

Chief Minister Hemant Soren has consistently emphasized the importance of developing eco-tourism in Jharkhand to both preserve the state's rich natural heritage and provide employment opportunities for local communities. In a meeting with senior officials, he stated: "Eco-tourism should be developed in the state in such a way that along with providing employment to the local people, nature can also be preserved." Highlighting the state's vast potential, he remarked that Jharkhand's natural beauty could gain a unique identity both nationally and internationally through focused eco-tourism initiatives. He also directed officials to study successful ecotourism models from other regions to implement best practices in Jharkhand. Further, during the inauguration of an ecofriendly resort near the Massanjor Dam, CM Soren noted that the resort aims to promote ecotourism while creating employment opportunities for locals. These statements and actions underscore the Chief Minister's commitment to leveraging eco-tourism as a means for sustainable development and environmental conservation in Jharkhand.








# A TREASURE TROVE

**City of waterfalls:** The capital city of Ranchi is also known as the 'City of Waterfalls', with seven stunning waterfalls, including Hundru and Jonha Falls. Ranchi offers a refreshing escape from the hustle and bustle of city life. The cascading waters, surrounded by lush greenery, create a serene ambiance that soothes the mind and rejuvenates the spirit.

Trekker's paradise: For adventure enthusiasts, Jharkhand is a dream come true. The state's rugged terrain offers endless opportunities for trekking, rock climbing, and camping. The Saranda Forest, with its 700 hills, is a trekker's haven, while the Trikut Hills and Lugu Buru offer challenging climbs with panoramic views. The Tagore Hill in Ranchi, named after the renowned literatuer and poet, Jyotindranath Tagore, provides a unique blend of nature and culture. One can also explore the Betla National Park and Dalma Wildlife Sanctuary, where one can witness majestic tigers, elephants, and graceful deer in their natural habitats.

## MANDRO FOSSIL PARK

The Mandro Fossil Park is located in Mandro, a community block in the Sahibganj district of Jharkhand lying in the forested hilly area of Gurmiin the Rajmahal Hills. It broadly constitutes the areas of Sahibganj, Pakur, Dhumka and, and Godda districts of Jharkhand. The Rajmahal Basin is characterised by rocks dating to the early Cretaceous period or about 120 million years ago when present day Africa and South America had split from Australia, India, and Antarctica. It was a period when dinosaurs still roamed the earth and the climate was warm with rising sea levels. The rocks in the basin thus belong to the 'Rajmahal Formation' which is characterised by the presence of volcanic-sedimentary deposits and basalt flows. BSIP scientists are working closely with the forest officials of the Government of Jharkhand and playing a critical role in the preservation and documentation of the region's plant specimens (permineralized fossil woods and leaf impressions).



## PLAN YOUR ECO-ADVENTURE NOW

Whether you're a nature lover, an adventure seeker, or a culture enthusiast, Jharkhand has something to offer everyone. With its pristine wilderness, cascading waterfalls, and rich cultural heritage, Jharkhand is the perfect destination for an eco-friendly getaway.

**HOW TO GET THERE:**

•By Air: Ranchi airport is well-connected to major cities in India
•By Train: Ranchi railway station is a major railhead with connections to all parts of the country
•By Road: Jharkhand has a well-developed road network, making it easily accessible by bus or car

**WHERE TO STAY:**

Jharkhand offers a range of accommodation options, from eco-resorts and homestays to budget hotels and guesthouses

# Home to natural marvels

## NETARHAT ECO-RETREAT

Nestled in the lap of pristine forests and verdant hills in Latehar, Netarhat, 3,622 feet above sea level, is a treat for tourists, who make a beeline for it, especially in the winters, from within the state and outside. Popularly known as the 'Queen of Hills', the place is dotted with splendid waterfalls and forests. Netarhat will soon see development by way of tourist-friendly infrastructure and facilities. The government plans to come with a winter eco-retreat here with 50 luxury tents with all amenities, including a restaurant and conference room to attract tourists annually in the winters.






## UDHWA BIRD SANCTUARY

Udhwa Bird Sanctuary, located in Sahibganj district, Jharkhand, is a wetland and a Ramsar site. It is a crucial habitat for various bird species, including migratory ones, and was declared a Ramsar site in February 2025, making it the first Ramsar site in Jharkhand. The sanctuary consists of two interconnected wetlands, Pataura Lake and Barhel Lake, and is linked to the Ganga River.

## KAMALDAH LAKE

Kamaldah Lake, a serene destination to experience nature up close, is located approximately 25 kilometers from the Palamu district headquarters and about seven kilometers northeast of the Betla National Park. Surrounded by dense forests, the journey to the lake offers stunning views that set the tone for the tranquil experience awaiting visitors.





## PANSUA DAM

Pansua Dam is located within the Kundrugutu Range, specifically in the Sonua Block of West Singhbhum district, harkhand, India. It's a popular tourist attraction known for its scenic beauty and is located about 55 km from Chaibasa. The area is also part of the Porahat Reserves, which includes Songra, Kundrugutu, and Bera forest blocks.

# मोदीनगर क्षेत्र में अवैध खनन के खिलाफ हुई कड़ी कार्रवाई

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मोदीनगर।** उपजिलाधिकारी मोदीनगर के निर्देशों के क्रम में नायब तहसीलदार मोदीनगर को अवैध खनन की सूचना मिलने पर ग्राम दौसा बंजारपुर भेजा गया। जिसमें मौके पर एक डम्पर नं0 यूपी 14 जेटी 6293 अवैध खनन कर मिटटी से भरा हुआ पाया गया। जो ब्रजवीर सिंह निवासी दौसा बंजारपुर हाल निवासी पटेलनगर गाजियाबाद को ग्राम दौसा बंजारपुर में इनके द्वारा चलाया जा रहा था।

उक्त डम्पर को थाना भोजपुर की अभिरक्षा में दे दिया गया है तथा बृहस्पतिवार को इसी क्रम में नायब तहसीलदार मोदीनगर एवं नायब तहसीलदार मुरादनगर को अवैध खनन की सूचना मिलने पर ग्राम नेकपुर साबितनगर 04 डम्पर व 01 जेसीबी 1.जेएच 05एई 6585 चालक नदीम पुत्र इशाक खा निवासी दरवेशपुर तहसील शिकारपुर जिला बुलन्दशहर 2. यूपी-14 पीटी 6963 चालक सालिम पुत्र नौशाद निवासी अहमदनगर दादरी गौतमबुद्धनगर 3. यूपी-14 एटी 1221 चालक दीपक पुत्र सौराज निवासी न्यू डिफ्रेन्स कालोनी थाना मुरादनगर 4. यूपी-14 एचटी 1469 चालक कुलदीप पुत्र श्याम सिंह निवासी ग्राम याकुबपुर तहसील शिकारपुर जिला बुलन्दशहर 5. जेसीबी बिना नम्बर के चालक शाहिद पुत्र अशफाक निवासी पीपली खेडा तहसील सदर मेरठ के द्वारा चलाया जा रहा था। उक्त 04 डम्पर व 01 जेसीबी को चौकी रावली थाना मुरादनगर की अभिरक्षा में दे दिया गया है।



# शहीद छात्रों की याद में छात्रों ने जुलूस निकालकर मनाया काला दिवस

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मोदीनगर।** 26 सितंबर सन 1990 को आरक्षण विरोधी आंदोलन की अगुवाई करते हुए मोदीनगर के शहीद हुए दो छात्रों युवराज सिंह व संजय कौशिक की याद में मोदीनगर में छात्रों ने जुलूस निकाला व शहीद छात्रों की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी। छात्रों ने इस अवसर पर मोदीनगर के राज चौपला को शहीद चौक घोषित करने व दोनो शहीदों की प्रतिमा लगाने की मांग को लेकर एसडीएम के नाम ज्ञापन भी दिया। श्रद्धांजलि देने वालों में प्रमुख रूप से मोदीनगर विधायक डॉक्टर मंजू सिवाच, मोदीनगर पालिका अध्यक्ष विनोद वैशाली, पिंकल गुर्जर, अनुराग प्रधान, प्रमोद कौशिक, राहुल गुर्जर, मोनू धामा, संजय भदौला, मनीषा त्यागी, सत्येंद्र तोमर, उत्तम त्यागी, योगेश तिवारी (पूर्व अध्यक्ष) रवि अमराला (पूर्व अध्यक्ष) प्रियांशु सिंघलआर्यन अमराला संजय चौधरी विक्रांत सागवान आशीष कौशिक सहित सैकड़ों पूर्व व वर्तमान छात्र शामिल रहे।



## भोले बाबा का डमरू बना आगन्तुकों का आकर्षण केन्द्र



**गाजियाबाद।** श्री धार्मिक रामलीला समिति कविनगर द्वारा आयोजित रामलीला महोत्सव के अंर्तगत किया जा रहा सम्पूर्ण रामायण का मंचन लोकप्रियता के चरम पर पहुंच गया है। रामभक्त मंचन देखने के लिए भारी संख्या में कविनगर रामलीला मैदान पहुंच रहे हैं। यद्यपि समिति द्वारा दर्शकों के बैठने के लिए बड़ी व्यवस्था की गयी है परन्तु लीला देखने आये दर्शकों की भारी संख्या के कारण यह स्थान भी कम पड़ गया जिसे देखते हुए समिति ने बैठने की अतिरिक्त व्यवस्था करने का निर्णय लिया है। मेला परिसर में भगवान भोलेनाथ का डमरु सभी को अपनी ओर आकर्षित कर रहा है और आगन्तुक इस स्थान पर सैल्फी लेकर गौरवान्वित महसूस कर रहे है। प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी मेले में विभिन्न प्रदेशों के स्वादिष्ट व्यंजनों के साथ-साथ रामबाबू के पराठे, कूड़ेमल की कुल्फी, मारवाड़ी थाली, लोटन के छोले, दिल्ली के मशहूर छोले भठूरे, चूर-चूर नान एवं पौष्टिक व्यंजन जन-मानस के लिये उपलब्ध हैं। यातायात व्यवस्था को पुलिस प्रशासन द्वारा सुचारू रुप से संचालित कराने के लिए अतिरिक्त पुलिस व्यवस्था की गयी है। कल देर रात गाजियाबाद के डीएम रविन्द्र कुमार मांदड़, आईएएस ने मेला परिसर का निरीक्षण किया एवं सपरिवार रामलीला मंचन का आनन्द लिया।

### मुरादनगर में बिना मान्यता संचालित सरस्वती विद्या मंदिर स्कूल निकला फर्जी

# संचालक वर्षों से सैकड़ों बच्चों के भविष्य से कर रहे हैं खिलवाड़

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुरादनगर।** नगर में बिना मान्यता के वर्षों से संचालित स्कूल सैकड़ों बच्चों के भविष्य से खिलवाड़ कर रहे हैं। खंड शिक्षा अधिकारी ने शिकायत पर स्कूल का निरीक्षण किया तो सरस्वती विद्या मंदिर नाम का स्कूल बिना मान्यता व धर्मशाला में किराए के भवन में संचालित मिला। स्कूल संबंधित कागजात मांगने पर वहां मौजूद प्रधानाचार्या कागजात उपलब्ध नहीं करा सके। खंड शिक्षा अधिकारी ने 15 दिन का समय देते हुए चेतावनी का नोटिस दिया है। बता दें कि नगर के ओलंपिक चौराहे के निकट किराए की धर्मशाला में वर्षों से सरस्वती विद्या मंदिर के नाम कक्षा नर्सरी से कक्षा 6 तक स्कूल संचालित है। जिसमें सैकड़ो बच्चे शिक्षा ग्रहण कर रहे। स्कूल संचालक वर्षों से शिक्षा के अधिकार के नियमों का उल्लघंन कर रहे हैं। नियम अनुसार स्कूल का संचालन धर्मशाला में नहीं किया जा सकता है। लेकिन स्कूल संचालक शिकायत विभाग के नियमों की सरेआम धज्जियां उड़ा रहे। खंड शिक्षा अधिकारी जमुना प्रसाद ने बताया कि नगर निवासी एक व्यक्ति ने पोर्टल पर स्कूल के बिना मान्यता के चलने की शिकायत की थी। शिकायत पर नगर के ओलंपिक चौराहे के निकट संचालित सरस्वती विद्या मंदिर स्कूल का निरीक्षण किया। वहां मौजूद प्रधानाचार्या बीनू चौधरी से स्कूल की मान्यता संबंधित कागजात मांगे तो वह स्कूल की मान्यता, भवन संबंधित व समिति नवीनीकरण संबंधित कागजात नहीं दिखा सकी। खंड शिक्षा अधिकारी जमुना प्रसाद ने बताया कि स्कूल संचालक को बिना मान्यता के स्कूल संचालित करने, 15 दिन में पंजीकृत बच्चों को निकटतम स्कूल में पंजीकृत कर कार्यालय में सूचना देना। ऐसा नहीं करने पर कार्रवाई की चेतावनी का नोटिस दिया गया है। वहीं स्कूल समिति के पदाधिकारियों से फोन बात की । लेकिन पदाधिकारी बयान देने से बचते नजर आए। किसी भी पदाधिकारी ने इस मामले पर बयान नहीं दिया।



# सांस्कृतिक, भावनात्मक व सामाजिक रिश्ते हो रहे हैं मजबूत: डॉ. मधुचंदा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** एक भारत श्रेष्ठ भारत बंगाली प्रवास कार्यक्रम के अंतर्गत भारतीय जनता पार्टी पश्चिम बंगाल की प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ. मधुचंदा कर महानगर प्रवास पर रहीं। इस अवसर पर उन्होंने कहा की राष्ट्रीय एकता एवं सांस्कृतिक जुड़ाव प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के एक भारत श्रेष्ठ भारत के संकल्प के अंतर्गत विभिन्न राज्यों के बीच सांस्कृतिक, भावनात्मक और सामाजिक रिश्ते मजबूत हो रहे हैं। उत्तर प्रदेश में यह प्रवास बंगाल और यूपी की साझा विरासत का उत्सव है माँ गंगा से माँ दुर्गा तक, रामायण की परंपराओं से लेकर रवीन्द्रनाथ ठाकुर तक। प्रवासी बंगाली संवाद प्रवासी बंगाली, बंगाल के सांस्कृतिक राजदूत हैं। उनका परिश्रम, योगदान और बंगाल के प्रति लगाव अमूल्य है। इस प्रवास के माध्यम से हम उनके विचारों को सुन रहे हैं, उनकी अपेक्षाओं को समझ रहे हैं और उन्हें बंगाल के भविष्य से गहराई से जोड़ रहे हैं। प्रवासी विचारों से सीख यह संवाद केवल सांस्कृतिक जुड़ाव तक सीमित नहीं है, बल्कि यह जानने का भी अवसर है कि प्रवासी बंगाली आज के बंगाल के बारे में क्या सोचते हैं। उनके सुझाव और अनुभव हमें बंगाल के विकास की नीतियों और रणनीतियों को और सशक्त बनाने में मदद करेंगे।



# क्रिप्टो करेंसी के नाम पर युवक से ठगे लाखों रुपये



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** क्रिप्टो करेंसी की चमक ने लाखों भारतीयों को सपनों के संसार में खींच लिया, लेकिन इसी आड़ में चल रही ठगियां देशभर में तबाही मचा रही हैं।'VNS क्रिप्टो कॉइनश नामक फर्जी स्कीम ने छोटे शहरों से लेकर ग्रामीण इलाकों तक फैलकर करीब 5,000 करोड़ रुपये का महाघोटाला कर लिया है। लालच का शिकार बने निवेशकों के परिवार बर्बाद हो चुके हैं, और अब स्कैमर्स नया जाल बिछा रहे हैं-6 अक्टूबर 2025 को थाईलैंड में एक 'विशेष इवेंट' के बहाने करीब 500 लोगों को लुभाने का प्लान। उत्तर प्रदेश के गाजियाबाद के निकट एक छोटे शहर में रहने वाले विजय (नाम परिवर्तित) ने अपनी आपबीती सुनाते हुए आंसू पोछे। एक निजी आयोजन में पत्रकारों से मुखातिब होते हुए उन्होंने कहा कि मैं विजय हूं, यूपी का रहने वाला। कृपया मेरा नाम और पता गोपनीय रखें, क्योंकि ये स्कैमर्स एक खतरनाक गिरोह हैं। देश में डस्ड और क्रिप्टो कॉइन के नाम पर दर्जनों फर्जी कंपनियां सक्रिय हैं। हमारा परिवार और दोस्त भी VNS कॉइन का शिकार हो गए। इसके मालिक विक्रम सिंह (बिक्रम) और मुकेश कुमार रांची, झारखंड के रहने वाले हैं।

मेरी जानकारी के मुताबिक, इन्होंने पूरे देश में 5,000 करोड़ का स्कैम कर लिया है।' विजय की आवाज में दर्द साफ झलक रहा था। उन्होंने बताया कि लालच में आकर उन्होंने परिवार और दोस्तों को इस स्कीम में निवेश करने के लिए उकसाया था। हमने कुल 25 लाख रुपये लगा दिए, लेकिन अब कंपनी ने पैसे लौटाने से साफ मना कर दिया। शुरुआत में छोटे रिटर्न देकर भरोसा जीता गया, फिर बड़े निवेश उगाहे गए। 45 दिनों में दोगुना रिटर्न का वादा किया गया था। ऑनलाइन वेबिनार और स्थानीय इवेंट्स के जरिए छोटे शहरों व गांवों में लोगों को फंसाया।

# एसआरएम में हुआ शक्ति उत्सव-डांडिया नाइट का भव्य आयोजन




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मोदीनगर।** एसआरएम इंस्टीट्यूट ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी, दिल्ली- एनसीआर कैंपस, गाजियाबाद में 25 सितंबर 2025 को "शक्ति उत्सव - डांडिया नाइट 2025" का भव्य आयोजन बड़े उत्साह और हर्षोल्लास के साथ किया गया। संस्थान की इस पहल ने विद्यार्थियों को मनोरंजन के साथ-साथ आपसी भाईचारे, ऊर्जा और सकारात्मक वातावरण का अनुभव प्रदान किया। सांस्कृतिक प्रस्तुतियों की श्रृंखला की शुरुआत 'ताल-ए-थार' से हुई, जिसमें मरुस्थलीय लयबद्ध नृत्य प्रस्तुत किया गया। इसके पश्चात शोभायात्रा के रूप में छात्र-छात्राएँ मेजर ध्यानचंद ग्राउंड तक पहुँचे। ग्राउंड पर 'शुभ अर्चन' के अंतर्गत पावन पूजा सम्पन्न हुई। इसके बाद 'दिव्य स्वागत' के तहत भरतनाट्यम की मनमोहक प्रस्तुति दी गई। 'नृत्यांजलि ख्र डांस एक्स्ट्रावगेंजा' में एक्सियन्स क्रू, गरबा ग्रूव्स और अभिपुरा समूहों ने अपनी शानदार प्रस्तुतियों से सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। सांस्कृतिक विविधता और भारतीय परंपराओं को उजागर करते हुए 'रामायण' नाटक का मंचन किया गया। कार्यक्रम में सम्मान समारोह भी आयोजित किया गया, जिसके अंतर्गत विशेष पुरस्कार एवं सम्मान प्रदान किए गए। समापन अवसर पर 'रास-ए-रंग - डांडिया उत्सव' का आयोजन हुआ, जिसमें छात्र-छात्राओं ने उल्लास और उमंग के साथ गरबा एवं डांडिया प्रस्तुत कर पूरे वातावरण को उत्साहपूर्ण बना दिया। इस अवसर पर छात्र-छात्राओं और शिक्षकों को गरबा एवं डांडिया के माध्यम से भारतीय संस्कृति और परंपराओं को करीब से अनुभव करने का अवसर प्राप्त हुआ। कार्यक्रम का उद्देश्य युवा पीढ़ी को सांस्कृतिक विरासत से जोड़ना और सामूहिक उत्सव की भावना को प्रोत्साहित करना रहा। कार्यक्रम पर निदेशक डॉ. एस. विश्वनाथन, डीन डॉ. आर. पी. महापात्रा, डीन आईक्यूएसी डॉ. धौम्या भट्ट, डीन विज्ञान एवं मान. विकी डॉ. नवीन अहलावत, डीन एफएमएस, डॉ. विजयलक्ष्मी अयंगर तथा डीन रिसर्च डॉ. ए. गीता भवानी की उपस्थिति और मार्गदर्शन ने कार्यक्रम को और अधिक गरिमामयी बनाया।

# पीएचसी भोजपुर पर हुआ विशेष स्वास्थ्य शिविर का आयोजन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मोदीनगर।** स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान" के अंतर्गत दिनांक 17 सितम्बर से 02 अक्टूबर 2025 तक जनपद गाजियाबाद के विभिन्न स्वास्थ्य केंद्रों पर विशेष स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में आज प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र भोजपुर पर विशाल स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि डॉक्टर मंजू सिवाच (विधायक, मोदीनगर) एवं विशिष्ट अतिथि सुचेता सिंह (ब्लॉक प्रमुख, भोजपुर) उपस्थित रहीं। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रभारी चिकित्सा अधिकारी भोजपुर ने की तथा संचालन एवं समन्वय का कार्य ब्लॉक कार्यक्रम प्रबंधक रियासत अली द्वारा किया गया। आज आयोजित शिविर में कुल 1698 लाभार्थियों को विभिन्न स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ प्रदान किया गया। अभियान के अंतर्गत - 523 व्यक्तियों की NCD स्क्रीनिंग (डायबिटीज एवं ओरल कैंसर) की गई। 49 लाभार्थियों के आभा आईडी बनाए गए। 223 महिलाओं की हीमोग्लोबिन जाँच की गई।

# नगर पालिका मोदीनगर ने किया रैली का आयोजन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मोदीनगर।** 'स्वच्छता ही सेवा' अभियान के अन्तर्गत अधिशासी अधिकारी नरेंद्र मोहन मिश्र के निर्देशन में नगर पालिका परिषद मोदीनगर के द्वारा 'एक दिन एक घण्टा एक साथ' थीम के अन्तर्गत रैली का आयोजन किया गया। रैली का आगाज प्रधानाचार्य डॉ सतीश चंद्र अग्रवाल द्वारा हरी झंडी दिखाकर किया गया। रैली में छात्रों के द्वारा लोगो को पॉलीथीन का प्रयोग ना करने का संदेश दिया गया। पॉलिथीन के स्थान पर पेपर बैग, जूट बैग, और कपड़े के थैले का प्रयोग करने का सुझाव दिया गया। रैली के दौरान ही एन. सी.सी. कैडेट्स के द्वारा मोदीनगर बस अड्डे पर सफाई कर लोगो मे जागरूकता की एक अमिट छाप छोड़ने का प्रयास किया गया। रैली के कार्यक्रम के दौरान डॉ के एन मोदी साइंस एंड कॉमर्स और महिषी दयानंद स्कूल के एन.सी.सी. के छात्र, एन. सी.सी. ऑफिसर प्रवीण जेनर,राजीव कुमार एवं डॉ विजय शंकर सिंह, 35 एन. सी.सी. बटालियन से ऑफिसर अरविंद दीक्षित,जिला कार्यक्रम प्रबंधक अरविंद कुमार, पालिका की एस. बी.एम.टीम से शिवानी कुंडू,आशीष वत्स,दीपांशु सैनी,हिमांशु शर्मा, मो. निस, विपिन, समीर,विजय आदि के द्वारा उपस्थिति दर्ज की गई।

# राज्य कर विभाग ने चलाया जीएसटी रिकवरी वसूली अभियान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** मुख्यमंत्री एवं संदीप भागिया (IAS), अपर आयुक्त राज्य कर जोन-द्वितीय गाजियाबाद द्वारा दिए गए दिशा-निर्देशों के क्रम में पंजीकृत व्यापारियों की संख्या बढ़ाने, रिटर्न नॉन फाइलर फर्मों को जीएसटी रिटर्न फाइल कराने, जीएसटी एवं वैट बकाया की वसूली के सन्दर्भ में लोनी गाजियाबाद के ट्रोनिका सिटी, बलराम नगर, इन्द्रापुरी में पंकज लाल, उपायुक्त राज्य कर, खण्ड-13 गाजियाबाद द्वारा अभियान चलाया गया। यह अभियान जीएसटी एवं वैट अधिनियम से सम्बन्धित अवशेष विभागीय बकाया फर्मों के विरुद्ध वसूली हेतु चलाया गया, जिसके क्रम में M/S S.G.I. Auto (India) को अवशेष बकाया जमा कराने हेतु अवगत कराया गया तथा कुर्की से सम्बन्धित नोटिस/साइटेशन जारी किया गया। इसके अतिरिक्त फर्म M/S S.S. Galaxy Enterprises, Mukesh Dhoop Industries, New Leaf Enterprises एवं R K Store पर बकाया की सूचना प्राप्त कराते हुए समस्त फर्मों से 12,41,889.00 रुपए जमा कराया गया। शासन द्वारा दिए गए निर्देशों के अनुपालन में विभाग द्वारा प्रतिदिन बकाया वसूली का कार्य प्राथमिकता से किया जा रहा है। अभियान के दौरान उपायुक्त पंकज लाल के साथ अजीत कुमार (अमीन), नरेन्द्र सिंह, रामप्रकाश आदि उपस्थित रहे।



### एसडीजीआई ग्लोबल यूनिवर्सिटी ने किया

# विमल कुमार शर्मा का प्रो-चांसलर के रूप में किया स्वागत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** एसडीजीआई ग्लोबल यूनिवर्सिटी को यह घोषणा करते हुए गर्व हो रहा है कि विमल कुमार शर्मा, आईएएस (सेवानिवृत्त) ने विश्वविद्यालय के प्रो-चांसलर के रूप में कार्यभार ग्रहण किया है। श्री शर्मा, आईएएस बैच 2005 के वरिष्ठ अधिकारी रहे हैं और उन्होंने राज्य तथा केंद्र सरकार में कई महत्वपूर्ण पदों पर कार्य करते हुए उत्कृष्ट प्रशासनिक अनुभव अर्जित किया है। वर्तमान में श्री शर्मा लर्नर्स इंटरनेशनल स्कूल के गवर्निंग बोर्ड के सदस्य भी हैं। अपने लंबे और गौरवशाली प्रशासनिक जीवन में उन्होंने निम्नलिखित प्रमुख पदों पर कार्य किया है: जिला मजिस्ट्रेट/ कलेक्टर, गाजियाबाद - सामान्य प्रशासन, राजस्व प्रशासन, शासकीय बकाया की वसूली एवं जिले में कानून-व्यवस्था बनाए रखने की जिम्मेदारी। अतिरिक्त निजी सचिव - कृषि मंत्री, भारत सरकार, राजनाथ सिंह (उस समय), कृषि भवन, नई दिल्ली। कार्यकारी निदेशक ख्र नेशनल एग्रीकल्चर कोऑपरेटिव मार्केटिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड, नई दिल्ली। विशेष सचिव ख्र मनोरंजन एवं वाणिज्यिक कर विभाग, उत्तर प्रदेश सरकार। इस विशेष अवसर पर चांसलर महेन्द्र अग्रवाल, एसडीजीआई ग्लोबल यूनिवर्सिटी एवं चेयरमैन, सुन्दरदीप एजुकेशनल सोसाइटी ने श्री शर्मा का हार्दिक स्वागत किया। उनके साथ पीयूष श्रीवास्तव, प्रो-चांसलर (प्रशासन), सेवानिवृत्त आई.जी. (आई.पी.एस.) एवं प्रो. (डॉ.) प्रसांजीत कुमार, कुलपति, एसडीजीआई ग्लोबल यूनिवर्सिटी भी उपस्थित रहे। इस अवसर पर पीयूष श्रीवास्तव को भी विश्वविद्यालय के चांसलर महेन्द्र अग्रवाल द्वारा प्रो-चांसलर (प्रशासन) की अतिरिक्त जिम्मेदारी प्रदान की गई।





## अदालती सूचना

**न्यायालय सिविल जज (जू0 डि0), जनपद-गाजियाबाद**

**विविध वाद सं0 39 सन् 2025 (कम्प्यूटर रजि0 सं0- 192 सन् 2025)**

श्रीमति नीना जैन उम्र लगभग 59 वर्ष पुत्री स्व० श्री नरेश प्रसाद जैन पत्नी श्री विजेश जैन, निवासी एन 210 शिवालिक नगर भेल BHEL, हरिद्वार उत्तराखण्ड। आधार कार्ड संख्या 2632 7016 5102

...प्रार्थनी

**बनाम**

1. श्रीमति नीरा जैन उम्र लगभग 66 वर्ष, पुत्री स्व० श्री नरेश प्रसाद जैन, पत्नी श्री दिनेश कुमार जैन, निवासी फुट नं०-3096 ब्लॉक-ए, टॉवर नं०-6, जी०एच०-7, क्रॉसिंग रिपब्लिक गाजियाबाद। 2. गिरिश कुमार जैन, उम्र लगभग 65 वर्ष पुत्र स्व० श्री नरेश प्रसाद जैन, निवासी मकान नं०-336 सैक्टर 17, पंचकूला हरियाणा, वर्तमान पता सी-306 गंधर्व अपार्टमेन्ट सैक्टर ओमेगा-1, ग्रेटर नोएडा, जिला गौतमबुद्धनगर। 3. श्रीमति राधा जैन, उम्र लगभग 62 वर्ष, पुत्री स्व० श्री कपूर चन्द जैन, पत्नी स्व० श्री अमरीश कुमार जैन, निवासी-जैन गली, पीया मंडी, चौक बाजार, मथुरा, जिला मथुरा उ०प्र०।

...विपक्षीगण

**इश्तहार प्रार्थना पत्र वास्ते प्राप्त करने उत्तराधिकार प्रमाण पत्र**

श्रीमानजी, श्रीमति नीना जैन वास्ते प्राप्त करने उत्तराधिकार प्रमाण पत्र बाबत धनराशि करीब 112000/- रुपये लगभग स्व० अमरीश कुमार जैन अंतर्गत धारा 372 भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम प्रस्तुत किया कि वास्ते अग्रिम कार्यवाही हेतु दिनांक 15-10-2025 नियत की जाती है। अत: यह इश्तहार जारी किया जाता है कि यदि किसी को कोई एतराज करना हो तो नियत तिथि को प्रात: 10 बजे न्यायालय में स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता द्वारा उपस्थित होकर एतराज प्रस्तुत कर सकता है अन्यथा इसके बाद किसी को नहीं सुना जाएगा तथा मुनासिब आदेश पारित कर दिया जाएगा। आज दिनांक 20-09-2025 को न्यायालय के आदेशानुसार जारी किया गया। मृतक द्वारा छोड़ी गयी धनराशि का विवरण। प्रार्थना पत्र 4 ग के अनुसार धनराशि करीब 1, 12,000/- रुपये है।

**आदेशानुसार**
**(श्री सुनील कुमार शर्मा)**
**मुंसरिम**
**सिविल जज (जू0 डि0), गाजियाबाद।**

## अदालती सूचना

**न्यायालय सिविल जज (जू0 डि0), जनपद-गाजियाबाद**

**विविध वाद सं0 41 सन् 2025 (कम्प्यूटर रजि0 सं0- 194 सन् 2025)**

1- Vijender Nagar son of Late Kanwar Singh Aged about 56 R/o 6 H/30 Duplex, Rajendra Nagar Sector 5 Sahibabad Ghaziabad. 2- Rajat Nagar son of Shri Vijender Nagar R/o H/30 Duplex, Rajendra Nagar Sector 5 Sahibabad Ghaziabad. 3- Manish Nagar son of Virat Pal Nagar R/o C-1/206 Yamuna Vihar Delhi North East Delhi, Delhi 110053

...PETITIONERS

**V/s**

(1.) Virat Pal Nagar S/o Late Kanwar Singh R/o C-1/206 Yamuna Vihar Delhi North East Delhi, Delhi, 110053. (2.) Usha Rani D/o Late Late Kanwar Sing w/o Khem Chand R/o 764 Bhagtan Mohalla Ghonda Village Garhi Mendu North East Delhi, Delhi 110053. (3.) Rajwati D/o Late Late Kanwar Singh W/o Shiv Kumar R/o Kotwalpur Chrori Ghaziabad 201102. (4.) Dharam Pal Nagar S/o Late Rajpal Nagar R/o B-759 First Floor Bunkar Colony Ashok Vihar North West Delhi, Delhi 110052. (5.) Bharat Nagar S/o Late Rajpal Nagar near Red fort H No-52 bageechi Madho Dass Chadni Chowk North Delhi, Delhi 110006. (6.) Sangeeta Neetu D/o Late Rajpal Nagar W/o Ratiram Charni Pradhan, Mohalla Dallu pura Gaonn Vasundhra Enclave East Delhi Delhi 110096. (7.) Suman Khari W/o Sunder Khari R/o 5774,06, D/o Late Rajpal Nagar New Chandrawal Jawahar Nagar Malika Ganj S-O- North Delhi 110007. (8.) The State of U-P Through Collector/ SDM Ghaziabad.

...Respondent

**इश्तहार प्रार्थना पत्र वास्ते प्राप्त करने उत्तराधिकार प्रमाण पत्र**

श्रीमानजी, श्री विजेन्द्र नागर वास्ते प्राप्त करने उत्तराधिकार प्रमाण पत्र बाबत धनराशि करीब 4028/-रुपये लगभग स्व० श्रीमति रघुबीरो अंतर्गत धारा 372 भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम प्रस्तुत किया कि वास्ते अग्रिम सुनवाई हेतु दिनांक 03-10-2025 नियत की जाती है। अत: यह इश्तहार जारी किया जाता है कि यदि किसी को कोई एतराज करना हो तो नियत तिथि को प्रात: 10 बजे न्यायालय में स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता द्वारा उपस्थित होकर एतराज प्रस्तुत कर सकता है अन्यथा इसके बाद किसी को नहीं सुना जाएगा तथा मुनासिब आदेश पारित कर दिया जाएगा। आज दिनांक 30-08-2025 को न्यायालय के आदेशानुसार जारी किया गया। मृतक द्वारा छोड़ी गयी धनराशि का विवरण। प्रार्थना पत्र 4 ग के अनुसार धनराशि करीब 4028/- रुपये है।

**आदेशानुसार**
**(श्री सुनील कुमार शर्मा)**
**मुंसरिम**
**सिविल जज (जू0 डि0), गाजियाबाद।**

# मुख्यमंत्री ने घोघा डेयरी में सीबीजी सीएनजी ईंधन स्टेशन का लोकार्पण किया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के उपलक्ष्य में १७ सितंबर से 2 अक्टूबर तक मनाए जा रहे सेवा पखवाड़े के तहत आज दिल्ली की मुख्यमंत्री श्रीमती रेखा गुप्ता ने 100 टी.पी.डी कंप्रेस्ड बायोगैस (सी.बी.जी.) संयंत्र एवं एकीकृत सीबीजी-सीएनजी ईंधन स्टेशन का घोघा डेयरी में लोकार्पण किया। इस अवसर पर दिल्ली सरकार के शहरी विकास मंत्री आशीष सूद, उत्तर पश्चिमी दिल्ली के सांसद योगेंद्र चांदोलिया? उप महापौर,जय भगवान यादव, स्थायी समिति की अध्यक्ष,सत्या शर्मा, निगम के नेता सदन, प्रवेश वाही, स्थायी समिति के उपाध्यक्ष, सुंदर तंवर, विधायक, राज करण खत्री, डेम्स समिति,अध्यक्ष, संदीप कपूर, नरेला क्षेत्र की अध्यक्ष,बबीता डबास,निगम पार्षद, दिनेश कुमार, स्थायी समिति की सदस्य अंजू देवी, दिल्ली नगर निगम के आयुक्त अश्वनी कुमार, प्रबंध निदेशक, आई.जी.एल. कमल किशोर चेतीवाल, बड़ी संख्या में गणमान्य अतिथि, स्थानीय नागरिक और निगम के अन्य वरिष्ठ अधिकारीगण उपस्थित रहे।

मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने इस अवसर पर कहा कि दिल्ली देहात के गांवों में नया इतिहास लिखा जा रहा है,जिसका सवेरा हमारे साथ साथ आने वाली पीढ़ी के बच्चे देखेंगे जो गंदगी रहित दिल्ली देख पाएंगे। इस कार्य की शुरुआत हो चुकी है। दिल्ली की छवि पिछले सरकार के समय में गतिरोध एवं झगड़े की बन चुकी थी। पिछले मुख्यमंत्री हर बात पर यह कहकर अपना पीछा छुड़ाने की को. शिश में रहते थे कि मोदी जी हमें काम नहीं करने देते। उन्हें काम कुछ करना नहीं था सिर्फ बातें बनानी आती थी लेकिन हमें काम करना आता है नहीं तो न ये उद्घाटन होता और न ही आप लोग यहां आते। दिल्ली में लगातार नई-नई योजनाएं लाई जा रही हैं और नए-नए उद्घाटन नागरिकों को समर्पित किए जा रहे हैं। यह अपने आप में ऐतिहासिक है। दिल्ली की जनता ने इस तरह की बात न सोची थी और न देखी थी। उन्होंने कहा कि आज जो भी कार्य संभव हो पा रहे हैं वो दिल्ली की जनता के आशीर्वाद से संभव हो पाया है। उन्होंने कहा कि पहले दिल्ली की छवि कूड़े की थी लेकिन पिछले ७ महीनों में हमारे द्वारा दिल्ली की प्रमुख समस्याओं का निपटारा करने की कोशिश की गई है। उन्होंने कहा कि दिल्ली में लाखों की संख्या में पशुधन है और सैंकड़ों टन गोबर पैदा होता है तो वो गोबर कहां जाता था जबकि दिल्ली में एक भी गोबर गैस संयंत्र नहीं था। माननीय मुख्यमंत्री ने कहा हाल ही में हमने नंगली डेयरी में २०० टन प्रतिदिन की क्षमता वाला गोबर गैस संयंत्र जनता को समर्पित किया है।जहां पर उत्कृष्ट गुणवत्ता की गैस का उत्पादन किया जाता है। उन्होंने कहा कि अब हमारे पशुधन के गोबर के माध्यम से पशुपालकों को धन की प्राप्ति होगी, लेकिन पिछली सरकार के पास यह सब सोचने का समय नहीं था और सरकार के किसी भी प्रतिनिधि ने दिल्ली देहात का रुख नहीं किया।

## दिल्ली भाजपा के सभी जिला संगठन आयोजित करेंगे स्वदेशी मेले

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** प्रधान मंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिवस पर दिल्ली भाजपा ने ष्सेवा पखवाड़ेष् का क्रम प्रारम्भ किया हुआ है और इसी में एक कार्यक्रम है स्वदेशी निर्माण के उपयोग को प्रोत्साहन देना।दिल्ली भाजपा के अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा ने कहा है की गत १० वर्ष से प्रधान मंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने लगातार भारत में स्वदेशी अपनाओ को प्रोत्साहन देते हुए ष्वोकल फार लोकलष् का नारा दिया है। सचदेवा ने कहा है की प्रधान मंत्री के इसी ष्वोकल फार लोकलष् को आगे बढ़ाते हुए सेवा पखवाड़े के संयोजक विष्णु मित्तल के नेतृत्व में दिल्ली भाजपा के सभी जिला संगठन अपने अपने कार्य क्षेत्र में ष्स्वदेशी मेलेष् का आयोजन करेंगे।संयोजक विष्णु मित्तल ने एक सूची जारी कर बताया है की २७ एवं २८ सितम्बर को सभी जिलों में स्वदेशी मेले आयोजित होंगे।

# नजफगढ़ में हुई हत्या के मामले में गोगी गैंग के दो शार्प शूटर गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल और सीआईए गुरुग्राम के संयुक्त अभियान में नजफगढ़ में हुई सनसनीखेज हत्या के मामले में वांछित गोगी गैंग के दो शार्प शूटरों को संक्षिप्त गोलीबारी के बाद गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उनके पास से अपराध में प्रयुक्त दो पिस्टल, चार जिंदा कारतूस और एक बाइक बरामद की है।दोनों आरोपियों को गोलीबारी के दौरान गोली लगी थी।

दिल्ली के अतिरिक्त पुलिस आयुक्त (स्पेशल सेल) प्रमोद सिंह कुशवाहा ने बताया कि ०४ सितंबर को, संजू दहिया के निर्देश पर, आरोपी नीरज गुज्जर, मोहित जाखड़ और जतिन राजपूत ने नजफगढ़ क्षेत्र में नीरज तेहलान की हत्या कर दी। इसके बाद से स्पेशल सेल जघन्य मामलों में शामिल वांछित अपराधियों पर कड़ी तकनीकी और मैन्युअल निगरानी रख रही है।इसी नीरज तेहलान की हत्या के मामले में वांछित शूटर मोहित जाखड़ (२९) और जतिन राजपूत (२१) के गुरुग्राम क्षेत्र में गतिविधियों के बारे में इनपुट प्राप्त हुए थे। इनपुट को आगे विकसित किया गया, और २५.सितंबर को, विशिष्ट इनपुट प्राप्त हुआ कि भगोड़े लोडेड हथियार लेकर सेक्टर ९९, गुरुग्राम पहुंचेंगे।

इस सूचना को एसीपी राहुल कुमार सिंह की देखरेख में इंस्पेक्टर अनुज नौटियाल और चंदन के नेतृत्व में टीम ने सीआईए, गुरुग्राम के साथ साझा किया। इसके बाद टीम ने २६ सितंबर की तड़के, दो युवकों को एक बाइक पर गुरुग्राम के सेक्टर ९९, धनकोट गांव के पास देखा गया। पुलिस टीम द्वारा रोके जाने पर, उन्होंने पुलिस पर गोलीबारी की। आरोपियों द्वारा चलाई गई एक गोली हेड कांस्टेबल नरपत को लगी, लेकिन बुलेटप्रूफ जैकेट के कारण वह बाल-बाल बच गए, जबकि दूसरी गोली एसआई विकास के हाथ में लगी।

पुलिस टीम ने भी आत्मरक्षा में जवाबी कार्रवाई की और उन्हें काबू कर गिरफ्तार कर लिया। मुठभेड़ के दौरान, आरोपियों के पैरों में गोली लगी। घायल आरोपियों और पुलिस अधिकारियों को तुरंत इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया।दोनों आरो. पियों, मोहित जाखड़ और जतिन राजपूत ने बताया कि मृतक नीरज तेहलान ने नीरज गुज्जर और जतिन राजपूत की पिटाई की थी और वे नीरज तेहलान से बदला लेना चाहते थे।

# फर्जी ट्रेडिंग एप की मदद से जालसाजों ने की तीन करोड़ की ठगी, चार दबोचे

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** तीन दिन में फर्जी ट्रेडिंग एप की मदद से कंबोडिया से संचालित जालसाजों के गिरोह में शामिल साइबर ठगों ने तीन करोड़ की ठगी को अंजाम दिया । दक्षिण-पश्चिम दिल्ली के साइबर थाना पुलिस ने गिरोह के चार सदस्यों को गिरफ्तार किया है।

आरोपियों माणिक अग्रवाल, शनमिया खान, मोहम्मद आमिर उर्फ रॉकी और अब्दुल्ला उर्फ लूसिफर के पास से चार हाई-टेक मोबाइल बरामद किए हैं। जिसमें आपत्तिजनक चौट, धोखाधड़ी वाले लेन-देन का विवरण मिला है। पुलिस ने आरोपियों के खातों में तीन दिन में तीन करोड़ का लेन-देन बरामद किया है। फिलहाल पुलिस ने चारों आरोपियों को जेल भेज दिया है। पुलिस उपायुक्त अमित गोयल ने बताया, श्पीड़ित टी सिंह ने पुलिस को अपने साथ ठगी की शिकायत पुलिस को दी।

पुलिस को दी गई शिकायत में उन्होंने बताया कि १० जून को अनाया कपूर नाम की एक युवती ने उन्हें एक व्हाट्सएप ग्रुप "१०१ शून्य वेल्थ सर्कल" जोड़ा था। ग्रुप के मुख्य निवेश अधिकारी होने का दावा करने वाले एक शख्स सरवजीत सिंह विर्क ने पीड़ित के नाम पर ३४ लाख के आईपीओ आवंटन करने का वादा किया। आरोपी ने पीड़ित का विश्वास जीतने के लिए उसके एसबीआई खाते में पांच हजार रुपये जमा किए और फिर एप में आठ लाख की फर्जी ऋण प्रविष्टि दिखाई गई। पीड़ित को बताया गया कि ऋण नहीं चुकाए जाने पर कार्रवाई की जाएगी। पीड़ित को बार-बार धमकी दी गई और पैसे देने का दवाब बनाया गया।

पीड़ित ने ११ अगस्त २०२५ को आठ लाख चार हजार रुपये आरोपियों के बताए गए खातें में स्थानांतरित कर दिया। आरोपियों ने पैसे पहुंचने के बाद पीड़ित के सभी खाते बंद कर दिए और अपने नंबर बंद कर लिए। पीड़ित ने आरोपियों के खिलाफ पुलिस को शिकायत दी। इंस्पेक्टर प्रवेश कौशिक की टीम ने केस दर्ज कर जांच शुरू की।



मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता घोघा डेयरी में सीबीजी सीएनजी ईंधन स्टेशन का लोकार्पण करती हुई।

## एक नजर

### पुलिसकर्मी से मारपीट करने वाले दो गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** सोशल मिडिया पर एक वीडियो तेजी से वायरल हो रही थी जिसमे कुछ युवक एक यातायात पुलिसकर्मी के साथ मारपीट करते नजर आ रहे थे स इस मामले में कार्रवाई करते हुए पुलिस ने दो लोगो को गिरफ्तार कर लिया है,जबकि अन्यो की तलाश जारी है स

मामला तिमारपुर इलाके का है, वजीराबाद फ्लाईओवर के पास २४ सितंबर की दोपहर करीब २.४० बजे सब इंस्पेक्टर सूरज पाल के साथ हादसा हुआ, वह इस सर्कल में तैनात है उनको एक टू व्हीलर पर दो युवक बिना हेलमेट आते हुए दिखाई दिए, सूरजपाल ने उनको रोका तो उन्होंने बतमीजी करनी शुरू कर दी,जब सूरजपाल ने बतमीजी का विरोध किया तो दोनों युवकों ने उनके साथ मारपीट शुरू कर दी स इस मारपीट में कुछ अन्य युवक भी शामिल हो गए जो सभी उस वक्त बनाई गयी एक वीडियो में साफ नजर आ रहे है स जब घटना की जानकारी पुलिस को दी गयी तब मौके पर पीसीआर पहुंची स पुलिस ने कार्रवाई करते हुए मारपीट करने वाले दो युवक अकबर हुसैन और हमले के आरोप में दो सलमान को गिरफ्तार किया है जबकि अन्य आरोपियों की तलाश की जा रही है।

### वॉल्वो ईएक्स30 की कीमतों का ऐलान कर दिया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** वॉल्वो कार इंडिया ने वॉल्वो ईएक्स 30 की कीमतों का एलान किया। यह ब्रांड की सबसे ज्यादा सस्टेनेबल एवं स्टाइलिश इलेक्ट्रिक कार है। 41,00,0000 रुपये की इंट्रोडक्टरी एक्स-शोरूम कीमत के साथ ईएक्स30 लक्जरी इलेक्ट्रिक मोबिलिटी तक पहुंच को आसान बनाने के लिए तैयार है। वॉल्वो कार इंडिया के मैनेजिंग डायरेक्टर ज्योति मल्होत्रा ने कहा, 'प्री-रिजर्व करने वालों के लिए स्पेशल बेनिफिट के साथ इस शानदार कीमत पर भारतीय बाजार में वॉल्वो ईएक्स30 को पेश करते हुए हम रोमांि. चत हैं। हमें भरोसा है कि यह मॉडल ऐसे इनोवेटर्स एवं अचीवर्स के नए सेगमेंट के बीच लक्जरी इलेक्ट्रिक व्हीकल्स की अपील को बढ़ाने में अहम भूमिका निभाएगा, जो पावर, डिजाइन और सस्टेनेबल लक्जरी के प्रशंसक हैं। अपनी आकर्षक परफॉर्मेंस, एक्सटेंडेड रेंज, सॉफिस्टिकेटेड लुक और आसान ऑनरशिप पैकेज' की सहूलियत के साथ ईएक्स३० हमारे ग्राहकों को ईवी का एक नया अनुभव देने के लिए तैयार है।

### स्वच्छता प्रीमियर लीग टी-20 का शुभारंभ किया



**नई दिल्ली।** दिल्ली के उप-महापौर जय भगवान यादव ने आज दिल्ली नगर निगम द्वारा आयोजित 'स्वच्छता प्रीमियर लीग T-20 का शुभारंभ खेड़ा गाँव स्थित हरिकिशन क्रिकेट ग्राउंड में का किया। इस अवसर पर उप महापौर जय भगवान यादव ने खिलाड़ियों और दर्शकों को संबोधित करते हुए कहा कि "स्वच्छता प्रीमियर लीग केवल खेल का मंच नहीं है, बल्कि यह समाज को स्वच्छता और एकता का संदेश देने वाला प्रेरक आयोजन है। इस प्रकार की प्रतियोगिताएँ युवाओं में खेल भावना को बढ़ावा देती हैं और उन्हें सकारात्मक दिशा प्रदान करती हैं। कार्यक्रम के सफल आयोजन हेतु विशेष सहयोग प्रदान करने के लिए डीसी संतोष राय जी का हार्दिक आभार व्यक्त किया गया। साथ ही स्थानीय पार्षद श्रीमती मीनू जी और अन्य गणमान्य व्यक्तियों की गरिमामयी उपस्थिति ने कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। इस प्रीमियर लीग में दिल्ली नगर निगम की कुल 13 टीमें भाग ले रही हैं, जो आने वाले दिनों में दर्शकों का मनोरंजन करते हुए अपने खेल कौशल का प्रदर्शन करेंगी। उद्घाटन अवसर पर बड़ी संख्या में दर्शक उपस्थित रहे और खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया।

### फ्लेक्सीकैप क्वालिटी 30 ईटीएफ लॉन्च की घोषणा

**नई दिल्ली।** डीएसपी म्यूचुअल फंड ने निवेशकों के लिए एक नए फंड, डीएसपी निफ्टी 500 फ्लेक्सीकैप क्वालिटी 30 ईटीएफ, के लॉन्च की घोषणा की है । यह इंडेक्स एक अनूठा बेंचमार्क है और यह ईटीएफ फंड केवल गुणवत्तापूर्ण व्यवसायों पर ध्यान केंद्रित करते हुए लार्ज, मिड और स्मॉल-कैप कंपनियों में गतिशील रूप से निवेश करेगा । न्यू फंड ऑफर (एनएफओ) 25 सितंबर से 6 अक्टूबर तक निवेश के लिए खुला रहेगा । डीएसपी म्यूचुअल फंड के पैसिव फंड्स के बिजनेस हेड, गुरजीत कालरा ने कहा, भारतीय बाजार में फ्लेक्सी-कैप रणनीति का अभाव है। ज्यादातर डायवर्सिफाइड फंड या फ्लेक्सी-कैप फंड मिड-कैप और स्मॉल-कैप शेयरों में बहुत सीमित मात्रा में निवेश करते हैं।

## ग्रेट इंडियन फेस्टिवल में डिलीवर किए गए लाखों प्रोडक्ट्स

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** अमेजन ग्रेट इंडियन फेस्टिवल, जो 22 सितंबर को प्राइम मेंबर्स और २३ सितंबर को सभी ग्राहकों के लिए शुरू हुआ, ने अमेजनडॉटइन पर सेलर्स और ब्रांड पार्टनर्स के लिए अब तक की सबसे बड़ी ओपनिंग दर्ज की है । इस फेस्टिवल ने ३८ करोड़ से ज्यादा ग्राहक विजिट्स आकर्षित किए, जिनमें से ७०% से अधिक टॉप ९ मेट्रो शहरों से बाहर से थे. इन नई लॉन्चिंग में स्मार्टफोन, लैपटॉप, टीवी, फैशन और ब्यूटी, होम डेकोर, अप्लायंसेस, फर्नीचर और ग्रॉसरी जैसे कैटेगरीज शामिल हैं । अमेजन इंडिया के वाइस प्रेसिडेंट सौरभ श्रीवास्तव ने कहा, अमेजन ग्रेट इंडियन फेस्टिवल २०२५ की शुरुआत रिकॉर्ड तोड़ रही है।

# जल जनित बीमारियों की रोकथाम के लिए उठाए जा रहे कदमों पर किया विचार

**नई दिल्ली।** दिल्ली के महापौर सरदार राजा इकबाल सिंह ने आज बताया की दिल्ली नगर निगम की साधारण सभा की बैठक लगभग ५:३० घंटे तक चली, जिसमें सत्ता पक्ष एवं विपक्ष के सभी पार्षदों ने सकारात्मक सहभागिता दिखाई। बैठक में विभिन्न वार्डों से संबंधित मुद्दों, नागरिक सुविधाओं तथा स्वच्छता व स्वास्थ्य से जुड़े विषयों पर व्यापक चर्चा की गई।

महापौर ने बताया कि बैठक में विशेष रूप से मच्छर जनित बीमारियों जैसे डेंगू, मलेरिया और चिकनगुनिया तथा जल जनित बीमा. रियों की रोकथाम के लिए नगर निगम द्वारा उठाए जा रहे कदमों पर विचार-विमर्श किया गया। उन्होंने बताया कि निगम ने पहले से ही दवाओं के भंडारण, छिड़काव और फॉगिंग जैसे उपायों को तेज कर दिया है ताकि आमजन को इन बीमारियों से सुरक्षा मिल सके। बैठक में यह भी सुनिश्चित किया गया कि निगम के अधिकारी फील्ड में नियमित निरीक्षण करें और गलतियों पर कड़ी कार्रवाई की जाए।

महापौर ने यह भी बताया कि बैठक के दौरान आम आदमी पार्टी के कुछ पार्षदों ने चर्चा में व्यवधान डालने का प्रयास किया, लेकिन इसके बावजूद दोनों पक्षों के पार्षदों ने विषय की गंभीरता को समझते हुए सकारात्मक चर्चा की और महत्वपूर्ण सुझाव भी दिए। नेता सदन प्रवेश वाही ने देश के नागरिकों को जीएसटी में राहत देने पर प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के लिए धन्यवाद प्रस्ताव सदन के समक्ष रखा जिसे सर्वसम्मति से पारित किया गया। श्री प्रवेश वाही ने बताया कि सभी पार्षदों ने एक स्वर में इस निर्णय की सराहना की, जिससे आम जनता, विशेषकर छोटे व्यापारियों, मध्यम वर्ग और घरेलू उपभोक्ताओं को सीधा लाभ प्राप्त हो रहा है।

महापौर सरदार राजा इकघ्बाल सिंह ने कहा प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में केंद्र सरकार ने देश की आर्थिक संरचना को सरल, पारदर्शी और जनहितकारी बनाने की दिशा में जो कदम उठाए हैं, वे सराहनीय हैं। जीएसटी दरों में की गई कटौती से देशवासियों को राहत मिली है और यह श्सबका साथ, सबका विकासश की भावना को मजबूती देती है।

# बढ़ रहा यूनानी पद्धति से इलाज का चलन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** अन्य पद्धतियों की तरह आज भी लोग यूनानी पद्धति को अपना कर स्वस्थ जीवन जीना चाहते हैं । यह जानकारी आयुष मंत्रालय के सौजन्य से राष्ट्रीय यूनानी चिकित्सा संस्थान का प्रगति मैदान में चल रहे वर्ल्ड फूड इंडिया २०२५ के उत्सव में १४ नम्बर मे चल लगे स्टाल मे यूनानी चिकित्सा डॉ अनम ने बताया की यूनानी को अपना कर लोग काफी लाभ प्राप्त कर रहे हैं ।यूनानी के प्रति जागरूक करने के लिए प्रकृति मैदान के १४ नंबर हाल में यूनानी चिकित्सा संस्थान का स्टॉल भी लगाया गया है। उन्होंने बताया कि अभी यूनानी के दो इंस्टिट्यूट है एनयूआईएम बैंगलोर और गाजियाबाद में है।जिसमें ओपीडी भी लगती है ,लैब भी है, ओटी भी है ऑपरेशन भी होते हैं और मल्टी विभाग भी है और दवाइयां भी हमारे दी जाती है। डॉक्टर अनम का कहना है की यूनानी पद्धति सदियों पुरानी पद्धति है इसको अपना कर आदमी स्वस्थ जीवन -यापन कर सकता है। इसके साइड इफेक्ट भी नहीं है। डॉक्टर अनम का कहना है की यूनानी पद्धति के अनुसार कुछ घरेलू इलाज भी है जिसमें आंखों का इलाज, कान का दर्द, पायरिया, खांसी ,जी- मिचलाना, उल्टी व दस्त ,हाजमे की कमजोरी ,पेट के कीड़े कब्ज आदि का इलाज भी घरेलू नुकसे से हो सकता है।



जल जनित बीमारियों की रोकथाम के लिए निगम द्वारा उठाए जा रहे कदमों पर विचार विमर्श करते दिल्ली के महापौर सरदार राजा इकबाल सिंह साथ में हैं विपक्ष के पार्षद।

# आरामबाग पूजा करेगी बीच बंगाल के जात्रा रंगमंच को पुनर्जीवित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** आरामबाग में दुर्गा पूजा हमेशा से ही एक उत्सुकता का भाव लिए हुए है। लोग न केवल प्रार्थना के लिए, बल्कि स्वाद, संगीत, हास्य और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के उत्सव के लिए भी आते हैं, जो मिलकर इस उत्सव की धड़कन को परिभाषित करते हैं। इस वर्ष, आरामबाग पूजा समिति, सर्कल थिएटर के साथ मिलकर 'श्री चैतन्य से शुरू हुआ सफर - बंगाल का मनमो. हक जात्रा पाला' प्रस्तुत कर रही है। 28 सितंबर से 2 अक्टूबर तक, पहाड़गंज स्थित पूजा पार्क में अनुष्ठान, रंगमंच और सामुदायिक जीवन का संगम होगा, जिससे यह सुनिश्चित होगा कि आगंत.



ुक देवी के आसपास की सजावट जितनी ही जीवंत यादें लेकर जाएँ। सर्किल थिएटर के साथ सहयोग से दिल्ली के दर्शकों को बंगाल के प्रतिष्ठित ओपन-एयर ओपेरा, जात्रा को देखने का एक दुर्लभ अवसर मिलता है। ये प्रस्तुतियाँ उन शामों की याद दिलाएँगी जब मशाल की रोशनी में मंच पर ग्रामीण और शहरवासी आस्था, निष्ठा और साहस के आख्यानों में खो जाते थे। उत्पल दत्ता और स्वप्न कुमार जैसे दिग्गजों से लेकर बीना दास गुप्ता और बोरो फणी जैसे प्रसिद्ध कलाकारों तक, इस विधा ने कभी लोगों की कल्पना को मोहित किया था। उस अनुभव को पुनर्जीवित करके, समिति और सर्किल थिएटर एक ऐतिहासिक कला को उन लोगों के लिए जीवंत करने की आशा करते हैं जो इसे पहली बार देख रहे हैं, साथ ही जात्रा से परिचित लोगों को कहानी कहने में निहित एक परंपरा से फिर से जुड़ने का अवसर प्रदान करते हैं।

# श्री धार्मिक रामलीला में हुआ राम वनवास का मंचन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** श्री धार्मिक राम लीला दक्षिणी दिल्ली चिराग श्री धार्मिक रामलीला दक्षिणी दिल्ली के मुख्य संरक्षक राकेश गुलिया ने बताया कि इस बार भी हर वर्ष की तरह भव्य राम लीला का आयोजन किया जा रहा है।

इस बार स्वच्छ यमुना सफाई के लिए समाज को मंच के माध्य से सब को जागरूक किया जा रहा है। आज मंच पर सीता विदाई, दशरथ केकई संवाद, राम वनवास, निषाद राज मिलन हुआ।

मुख्य अतिथि के रूप में विधायक अनिल शर्मा उपस्थित रहे। इस मौके पर पूर्व निगम पार्षद सुनीता गुलिया, प्रधान आनंद प्रकाश जैन, महामंत्री सुशील प्रकाश गुप्ता, चेयरमैन सोमनाथ मुखर्जी, कोषाध्यक्ष कपिल शर्मा, प्रदीप तेवतिया,




सुदन गुप्ता, इंद्रजीत गुलिया ,सुरेन्द्र चौधरी , गौरव विज ,धर्मेंद्र गुलिया, हर्ष गुलिया, वरुण सुदन , विक्रान्त गुलिया, यश गुलिया और श्री भगवान सोनी कार्यकारिणी सदस्यों सहित मौजूद रहे। श्री धार्मिक रामलीला दक्षिणी दिल्ली के मुख्य संरक्षक राक. ेश गुलिया ने बताया 27 सितम्बर केवट प्रशर्ग, दशरथ मरण, केकई भरत संवाद, चित्रकूट में भरत मिलाप।

## प्रोसेनजीत चटर्जी ने बच्चों संग की दुर्गा पूजा

**नई दिल्ली।** दुर्गा पूजा सिर्फ त्योहार नहीं, बल्कि एक ऐसा एहसास है जो शहर को भक्ति, संस्कृति, संगीत और कला के भव्य दुनिया में बदल देता है। ऐसे में इस समय सड़कों पर झिलमिलाते पंडालों की रौनक है, परंपरागत ढाक की थाप माहौल में गूंज रही है, और पूरा शहर पूजा और उत्सव की भावना में डूब गया है। इस साल, त्योहार की भव्यता को दिल्ली पब्लिक स्कूल कोलकाता में खास तरह से दिखाया गया, जहाँ स्कूल ने इस मौके पर एक रंगीन सांस्कृतिक कार्यक्रम रखा। कार्यक्रम की सबसे खास बात थी बंगाल के बड़े स्टार प्रोसेनजीत चटर्जी की मौजूदगी, जिन्हें मुख्य अतिथि के रूप में बुलाया गया ताकि वे छात्रों, शिक्षकों और स्कूल डायरेक्टर के साथ दुर्गा पूजा के जश्न में शामिल हो सकें।

# वर्ल्ड फूड इंडिया एक उद्योग सम्मेलन: चिराग पासवान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** भारत मंडपम में वर्ल्ड फूड इंडिया २०२५ (डब्ल्यूएफआई) के उद्घाटन दिवस पर केंद्रीय खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्री चिराग पासवान ने बीएल एग्रो पवेलियन का उद्घाटन करते हुए कि भारतीय खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्री चिराग पासवान ने कहा, ष्वर्ल्ड फूड इंडिया एक उद्योग सम्मेलन है जो भारत के खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र की सर्वश्रेष्ठ कंपनियों को एक साथ लाता है और उन्हें दुनिया के सामने अपनी अपार क्षमता प्रदर्शित करने के लिए एक बेहतरीन मंच प्रदान करता है। वर्ल्ड फूड इंडिया २०२५ के दौरान, बीएल एग्रो अपनी सहयोगी कंपनी लीड्स कनेक्ट सर्विसेज के साथ मिलकर मंत्रालय और अन्य अंतर्राष्ट्रीय कंपनियों के साथ कई समझौता ज्ञापनों पर हस्ताक्षर करेगी, ताकि देश में क्षमताएं विकसित की जा सकें और साथ ही विदेशों में अपनी घरेलू कृषि-तकनीक सेवाओं का विस्तार किया जा सके।

इस अवसर पर बीएल एग्रो इंडस्ट्रीज लिमिटेड के प्रबंध निदेशक (एमडी) आशीष खंडेलवाल ने कहा, हम इस अवसर की शोभा बढ़ाने और बीएल एग्रो के हमारे पवेलियन का उद्घाटन करने के लिए चिराग पासवान के अत्यंत आभारी हैं।

**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं 109-110, प्रताप भवन, 5, बहादुर शाह जफर मार्ग, नई दिल्ली-110002 से प्रकाशित।

**सम्पादक:**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎011-41509401-2
फैक्स: 011-41509403
मुख्यालय मोबाइल 9720007290
R.N.I. NoDEL.HIN./2002/8501
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

भारत माँ के चार सिपाही
हिन्दू मुस्लिम सिख ईसाई
देश को मज़बूत बनाना है तो
भाईचारा मज़बूत बनाएं



फैसल कुरैशी

भाई मेहरबान
अध्यक्ष: भाईचारा समिति
दिल्लीप्रदेश 9810024415

# नाबालिग की चाकू घोंपकर हत्या, अंजाम दिया तीसरा कत्ल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** सीलमपुर इलाके में एक नाबालिग की चाकू घोंपकर हत्या करने का मामला सामने आया है,हत्या की वारदात को मामूली कहा. सुनी के बाद एक १३ वर्षीय नाबालिग ने अंजाम दिया था जिसे पुलिस ने पकड़ लिया और उसके पास से हत्या में प्रयोग किए गए चाकू को भी बरामद कर लिया है स फिलहाल इस हत्या के बाद इलाके ने तनाव की स्थिति बनी हुई है और भारी मात्रा में पुलिसकर्मी तैनात किए गए है स

मृतक की पहचान करण (१५) के रूप में हुई है, वह अपने परिवार के साथ न्यू सीलमपुर में रहता था और धर्मपुरा की लाल बत्ती के पास एक पुलिस चौकी है जिसके नजदीक पप्पू नाम का व्यक्ति टू व्हीलर रिपेरिंग की वर्क शॉप चलाता है इसी वर्क शॉप में करण बाइक रिपेरिंग का काम सीख रहा था स वीरवार की रात पप्पू ने करण को ५०० रूपये खुलाने के लिए



भेजा था, करण वही नजदीक में स्थित एक परचून की दुकान पर गया जहां उसकी किसी बात पर दो नाबा. लिगों से बहस हो गयी, जिसके बाद आरोपी नाबालिग उसके कंधे पर हाथ रखकर दुकान से बाहर ले आया और दुकान से बाहर लाने के बाद आरोपी नाबालिग ने उसे चाकू मार दिया और मौके से भाग गया स घायल अवस्था में करण को जगप्रवेश चंद अस्पताल ले जाया गया जहां डॉक्टरो ने उसे मृत घोषित कर दिया, और उसके शव को जीटीबी अस्पताल की मोर्चरी में सुरक्षित रखवा दिया गया था, शुक्रवार को पोस्टमार्टम के बाद शव करण के परिजनों को सौप दिया गया स सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच करते हुए आरा. पी नाबालिग को पकड़ लिया और उससे वारदात में प्रयोग किया गया चाकू भी बरामद कर लिया।

करण के पिता तेजपाल सैनी जो गुरुग्राम में जॉब करते है ने बताया उनके बेटे से किसी की कोई दुश्मनी नहीं थी, उसने अपनी पढ़ाई बीच में ही छोड़ दी थी,जिसके बाद उसने बाइक रिपेरिंग का काम शुरू किया था, वीरवार रात करीब ८.३० बजे आरोपी गले में हाथ डालकर करण को दुकान से बाहर लाया और करण के सीने में चाकू घोप दिया। उन्होंने कहा आरोपी को फांसी की सजा होनी चाहिए।

करण की हत्या के बाद उसके परिजन और जानकारो ने विरोध दर्शाते हुए नारेबाजी की, इसी दौरान दूसरी तरफ से भी कुछ लोग जमा हो गए जिसके बाद एतियात के तौर पर पुलिसबल को तैनात किया गया है ताकि को अप्रिय घटना न हो स वारदात की सूचना के बाद पुलिस आलाधिकारी भी मौके पर पहुंचे थे और वहां लोगो से शांति बनाए रखने की अपील की।

पुलिस का कहना है यह कोई दो समुदाय का मामला नहीं है, एक नाबालिग ने दूसरे नाबालिग की हत्या की है जिसमे हत्या करने वाले नाबा. लिग को पकड़ लिया गया है स

पुलिस उपायुक्त आशीष मिश्रा ने बताया वीरवार की रात ८.२७ पर नाबालिग को चाकू मारने की सूचना मिली थी, मौके पर पहुंची पुलिस टीम ने पाया घायल नाबालिग को जगप्रवेश चंद अस्पताल ले गए है स अस्पताल में डॉक्टरों ने नाबालिग को मृत घोषित कर दिया, हत्या के आरा. पी नाबालिग को पकड़ लिया गया है और हत्या में प्रयोग किया गया चाकू भी बरामद कर लिया गया है।

### सीलमपुर में तनाव के बीच फोर्स तैनात

**नई दिल्ली।** सीलमपुर में एक नाबालिग की हत्या के बाद तनाव व्याप्त है जिसके चलते भारी पुलिस बल तैनात किया गया है। पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के बाद परिवार को सौंप दिया है। जांच में पता चला है कि हत्या के आरोपी नाबालिग ने पहले भी अपने दोस्तों के साथ मिलकर दो लोगों की हत्या की थी। गुरुवार रात नाबालिग की हत्या के बाद तनाव की स्थिति बनी हुई है। वहीं, तनाव को देखते हुए भारी पुलिस बल तैनात कर दिया गया है। पुलिस ने पोस्टमॉर्टम के बाद शव को परिजनों को सौंप दिया है। पुलिस के अनुसार, जिस नाबालिग ने करण की हत्या की है, उसने पिछले साल दिवाली पर नरेला औद्योगिक क्षेत्र में अपने तीन दोस्तों के साथ मिलकर दो लोगों की हत्या की थी।

## ड्यूटी के दौरान ट्रैफिक पुलिसकर्मी से मारपीट, दो गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली के तिमारपुर इलाके में ड्यूटी पर तैनात ट्रैफिक पुलिसकर्मी पर कुछ लोगों ने हमला कर दिया। पुलिसकर्मी के साथ मारपीट की गई। जिसका वीडियो वायरल हुआ है, जिसमें दिख रहा है कि पुलिसकर्मी को भीड़ ने घेर रखा है और कुछ लोग उसके साथ मारपीट कर रहे हैं। पुलिस ने इस मामले में दो लोगों को गिरफ्तार कर लिया है और कुछ लोग मौके से फरार हो गए, जिनकी तलाश की जा रही है।

वारदात २४ सितंबर २०२५ को दोपहर करीब २:४० बजे की है पुलिस के मुताबिक, सब-इंस्पेक्टर सूरज पाल सिंह तिमारपुर ट्रैफिक सर्कल में ड्यूटी कर रहे थे। इसी दौरान एक स्कूटी पर सवार दो लोग वहां से गुजरे और बिना किसी वजह के पुलिसकर्मी से गाली-गलौज करने लगे।

# दिल्ली से चलेंगी 17 शहरों के लिए डीटीसी की ई-बसें

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली परिवहन निगम (डीटीसी) ने फिर से अंतरराज्यीय बस सेवा शुरू कर दी है। हाल ही में यूपी के बड़ौत के लिए छह ई-बसों की शुरुआत की गई है। निगम अब इस योजना को और आगे बढ़ा रहा है। इसके तहत छह राज्यों के १७ शहरों के लिए १०० ई-बसों का संचालन किया जाएगा। अधिकारियों ने बताया कि जून में डीटीसी बोर्ड की बैठक में योजना को हरी झंडी दिखाई गई थी।

दिल्ली सरकार उत्तराखंड, यूपी, राजस्थान, पंजाब, हरियाणा और जम्मू-कश्मीर के १७ शहरों के लिए ई-बसों का संचालन करेगी। विभाग ने बसों की खरीद और सेवा शुरू करने के लिए अन्य राज्यों के साथ समन्वय करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। नई सेवा शुरू होने के बाद दिल्ली से ऋषिकेश, हरिद्वार, देहराद. ून, अयोध्या, लखनऊ, मुरादाबाद, अलवर, बीकानेर, जयपुर, अमृतसर, पटियाला, चंडीगढ़, पानीपत और जम्मू तक सीधी बस यात्रा संभव हो सकेगी। यह कदम न सिर्फ यात्रियों के लिए सफर को आसान बनाएगा बल्कि प्रदूषण कम करने में भी मददगार होगा।

इस सेवा के लिए खरीदी जा रही बसें १२ मीटर लंबी व एसी होंगी। ये बसें शहर में चलने वाली सामान्य बसों से बेहतर होंगी। इनमें आरामदायक सीटें, ऐप-आधारित टिकटिंग सुविधा, सीसीटीवी कैमरे, जीपीएस और पैनिक बटन जैसी आधुनिक सुविधाएं होंगी। डीटीसी की अंतरराज्यीय बस सेवा पहले भी बेहद लोकप्रिय रही है। २००४ तक निगम की बसें दिल्ली से अन्य राज्यों में नियमित रूप से चलती थीं।

# मेट्रो पर बढ़ा भरोसा ,सड़क हादसों में आई कमी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली की सड़कों पर गाड़ियों का दबाव कुछ काम हुआ है । प्रति हजार आबादी पर वाहनों की संख्या २०१५-१६ में ५३० थी जो २०२३-२४ में घटकर ३७३ रह गई। इस अवधि में सड़क हादसों में भी कमी दर्ज की गई। २०१५ में ८,०८५ सड़क हादसे हुए थे। वहीं, २०२२ में इनकी संख्या घटकर ५,५६० रह गई।

यह जानकारी हाल ही में निद. ेशालय आर्थिक एवं सांख्यिकी की ओर से जारी दिल्ली स्टेट फ्रेमवर्क इंडिकेटर रिपोर्ट में सामने आई है। रिपोर्ट के अनुसार, दिल्ली परिवहन निगम (डीटीसी) और क्लस्टर बसों की संख्या २०१५-१६ के ५,८४२ से बढ़कर २०२३-२४ में ७,४८५ हो गई है। हालांकि, इन बसों में रोजाना सफर करने वाले यात्रियों की औसत संख्या ४६ लाख से घटकर ४२ लाख रह गई। रिपोर्ट बताती है कि मेट्रो में यात्रियों का भरोसा लगातार बढ़ा है। २०१५-१६ में जहां औसतन २६ लाख यात्री रोजाना मेट्रो से सफर करते थे।

वहीं, २०२३-२४ में यह संख्या बढ़कर ५८ लाख तक पहुंच गई। दिल्ली की आबादी में सार्वजनिक परिवहन तक पहुंच भी उतार-चढ़ाव भरी रही। सड़क सुरक्षा के लिहाज से भी तस्वीर पहले से बेहतर हुई है। राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो (एनसीआरबी) के आंकड़ों के अनुसार, २०१५ में सड़क हादसों में मरने या घायल होने वालों की संख्या ९,८८० थी जो २०२१ में घटकर ५,२२८ रह गई।



दिल्ली विधानसभा में विठ्ठलभाई पटेल की विरासत व शहीद भगत सिंह के बलिदान को नमन करते विधानसभा उपाध्यक्ष मोहन सिंह बिष्ट।

# विधानसभा में विठ्ठल भाई पटेल व शहीद भगत सिंह को किया नमन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली विधानसभा ने केंद्रीय विधानसभा के पहले निर्वाचित भारतीय अध्यक्ष विठ्ठल भाई झावेरभाई पटेल की १५२वीं जयंती, और शहीद भगत सिंह की ११८वीं जयंती के अवसर पर एक पुष्पांजलि समारोह आयोजित किया। इस अवसर पर विधान सभा उपाध्यक्ष मोहन सिंह बिष्ट उपस्थित थे, जिन्होंने इन महान स्वतंत्रता सेनानियों को श्रद्धांजलि अर्पित की। समारोह में दिल्ली विधानसभा सचिवालय के वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित थे। विधानसभा उपाध्यक्ष मोहन सिंह बिष्ट ने कहा कि, "श्री विठ्ठलभाई पटेल ने ईमानदारी और निर्भीकता के साथ संसदीय परंपराओं की नींव रखी, वहीं शहीद भगत सिंह ने देश की स्वतंत्रता के लिए अपना सर्वस्व न्यौछावर कर दिया। उनके जीवन से हमें लोकतंत्र की रक्षा करने और जनता की सेवा में समर्पित रहने की प्रेरणा मिलती है।"

विठ्ठलभाई झवेरभाई पटेल, जो इसी विधानसभा के पहले अध्यक्ष रहे, ने अपने ऐतिहासिक निर्णयों और निर्भीक नेतृत्व से ब्रिटिश शासकों को भी चौंका दिया था। उनके द्वारा स्थापित संसदीय परंपराएँ आज भी भारत की विधानसभाओं और संसद में आदर्श रूप में अपनाई जाती हैं। महात्मा गांधी के आह्वान पर उन्होंने स्वतंत्रता संग्राम में सक्रिय भागीदारी निभाई और देशभक्ति की एक ऊँची मिसाल कायम की थी। शहीद भगत सिंह, युवा क्रांतिकारी, साहस, त्याग और स्वतंत्रता के अदम्य संकल्प के प्रतीक थे। यही दिल्ली विधानसभा वह स्थान है जहाँ १९२९ में भगत सिंह और बटुकेश्वर दत्त ने दमनकारी पब्लिक सेफ्टी बिल के विरोध में बम फेंककर इस भवन को स्वतंत्रता संग्राम की अमर धरोहर बना दिया। उनका एक न्यायपूर्ण और समानतामूलक भारत का सपना आज भी नई पीढ़ियों को प्रेरित करता है और राष्ट्रप्रेम की ज्योति प्रज्वलित करता है।इस अवसर पर साकेत स्थित रेड रोजेस पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों ने दिल्ली विधानसभा परिसर में आयोजित पीएम मोदी की प्रदर्शनी "सेवा ही संकल्प, राष्ट्र प्रथम ही प्रेरणा -७५ वर्ष, एक अनुभव और एक प्रदर्शनी" का अवलोकन किया।

## मालवीय नगर में गोली मारकर कांग्रेस नेता की हत्या

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** मालवीय नगर में कांग्रेस नेता और प्रॉपर्टी डीलर लखपत सिंह कटारिया (55) को बाइक सवार हमलावरों ने गोली मार दी। कटारिया को तीन गोलियां लगी। बताया जा रहा है कि कटारिया को हमलावरों ने रोक. कर गोली मारी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया। जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। डीसीपी साउथ दिल्ली अंकित चौहान ने मौत की पुष्टि की है। पुलिस के मुताबिक, आज सुबह ९.५३ बजे मालवीय नगर पुलिस थाने में विजय मंडल पार्क, बेगमपुर के पास गोलीबारी के संबंध में एक पीसीआर कॉल प्राप्त हुई। कॉलर ने बताया कि बाइक सवार दो हमलावरों ने लखपत सिंह कटारिया को पहले रोका और फिर उनको गोली मार दी है।

# ई-कॉमर्स कंपनियों को खरीद की अनुमति देना छोटे व्यवसायों के लिए होगा घातक : कैट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) ने भारत सरकार द्वारा विचाराधीन उस ड्राफ्ट प्रस्ताव का कड़ा विरोध किया है जिसमें विदेशी निवेश नियमों में ढील देकर अमेजॅन जैसी ई-कॉमर्स बहुराष्ट्रीय कंपनियों को भारतीय विक्रेताओं से सीधे निर्यात हेतु खरीद की अनुमति देने की बात कही गई है।

कैट के राष्ट्रीय अध्यक्ष बी. सी. भारतीया ने कहा कि इस कदम को भारतीय निर्यात को बढ़ावा देने के रूप में प्रस्तुत किया जा रहा है, लेकिन कैट का दृढ़ मत है कि यह प्रस्ताव अनावश्यक और खतरनाक है। इससे दुरुपयोग का गंभीर खतरा है, भारत के घरेलू खुदरा क्षेत्र में बैकडोर एंट्री का रास्ता खुलेगा और देश के ९ करोड़ छोटे व्यापारियों एवं करोड़ों लघु उद्योगों को और अधिक हाशिए पर धकेल देगा।

उन्होंने कहा कि भारत के उद्यमी पूरी तरह सक्षम हैं कि वे अपने दम पर भारतीय उत्पादों को वैश्विक बाजार तक पहुँचा सकेंख्रउन्हें केवल एक निष्पक्ष, पारदर्शी और सहयोगी नीतिगत वातावरण की आवश्यकता है। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में हमें पूरा विश्वास है कि भारत बिना विदेशी एकाधिकारों के दबाव में आए, एक वैश्विक निर्यात महाशक्ति बन सकता है। भारतीय विक्रेताओं से निर्यात के नाम पर विदेशी ई-कॉमर्स कंपनियों को सीधे खरीद की अनुमति देना दरअसल उन अवैध गतिविधियों को वैधता प्रदान करना होगा जो वे अब तक गुप्त रूप से करती रही हैं। इससे यह सुनिश्चित करना लगभग असंभव हो जाएगा कि माल वास्तव में निर्यात के लिए है या घरेलू बाजार में डाइवर्ट किया जा रहा है। यह एफडीआई नियमों को दरकिनार करेगा और छोटे खुदरा विक्रेताओं को भारी नुकसान पहुँचाएगा।

सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि भारतीय निर्यात को बढ़ावा देने के लिए भारत को विदेशी ई-कॉमर्स बहुराष्ट्रीय कंपनियों की आवश्यकता नहीं है। भारतीय उद्यमी, एमएसएमई, स्टार्टअप और व्यापारी पहले ही अपनी दृढ़ता और क्षमता का परिचय देकर वैश्विक बाजार तक पहुँच बना चुके हैं।

## दूसरा शंघाई सहयोग संगठन युवा लेखक सम्मेलन हुआ संपन्न

**नई दिल्ली।** शिक्षा मंत्रालय तथा विदेश मंत्रालय के सहयोग से नई दिल्ली में दूसरा द्विवार्षिक एससीओ युवा लेखक सम्मेलन सफलतापूर्वक आयोजित किया। इस कार्यक्रम का आयोजन शिक्षा मंत्रालय के तहत आने वाले राष्ट्रीय पुस्तक न्यास, भारत द्वारा किया गया था। इस अवसर पर मुख्य अतिथि, शिक्षा मंत्रालय के स्कूली शिक्षा और साक्षरता विभाग के सचिव श्री संजय कुमार ने साझा साहित्य और संस्कृति के माध्यम से एससीओ सदस्य देशों के बीच सभ्यतागत संबंध पर जोर दिया। उन्होंने प्रौद्योगिकी में प्रगति के साथ-साथ सीखने के साधन के रूप में पुस्तकों को अपनाने की आवश्यकता पर बल दिया।

# फुल टाइम नौकरियों का रुझान बढ़ा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** नौकरी के इच्छुक त्योहारों के दौरान मिलने वाली नौकरियों को बड़ी उपलब्धि की ओर बढ़ते कदम के रूप में देख रहे हैं। दूसरी तरफ, आधे से अधिक नियोक्ताओं (53%) ने बताया कि त्योहारों के दौरान की गई हर चार में से तीन नियुक्तियाँ अस्थायी हैं, जो पिछले साल के मुकाबले 7% अधिक हैं।

16% नियोक्ताओं ने बताया कि त्योहारों के दौरान सभी नियुक्तियाँ शॉर्ट-टर्म कांट्रैक्ट पर की गई हैं। इनडीड की नई हायरिंग ट्रैकर रिपोर्ट के अनुसार, हर तीन में से दो नौकरी के इच्छुक फुल टाइम नौकरियाँ तलाश रहे हैं। इनडीड इंडिया के मैनेजिंग डायरेक्टर, शशि कुमार ने कहा, भारत में त्योहारों का मौसम हमेशा से जश्न के साथ नौकरियों का मौसम भी होता है। लेकिन आज के कर्मचारी अलग सोच रखते हैं। वो केवल तुरंत कमाई नहीं, बल्कि स्थिरता के साथ बेहतर भविष्य भी चाहते हैं।

कर्मचारियों की इच्छा और नियोक्ताओं की पेशकश के बीच इसी अंतर के लिए बदलाव जरूरी है। हम इन अवसरों की विजिबिलिटी और उपलब्धता बढ़ाना चाहते हैं, ताकि लोगों को ना केवल अच्छी नौकरी मिले, बल्कि वो अपने लिए सही रास्ता भी पा सकें।

## सिद्धू की शायरी पर मलाइका लिखेंगी किताब

**नई दिल्ली।** इंडियाज गॉट टैलेंट का नया सीजन जल्दी शुरू होने वाला है, और मंच पर जोश, जुनून और जादू का माहौल है। नवजोत सिंह सिद्धू, मलाइका अरोड़ा और शान एक साथ आकर दर्शकों को प्रतिभा, ग्लैमर और मनोरंजन का शानदार संगम दे रहे हैं। जहां भारत की कुछ सबसे अजब टैलेंट्स मंच पर गजब मोमेंट्स रच रही हैं, वहीं सिद्धू अपनी अनोखी शैली में शायरी की बौछार कर माहौल को और भी रंगीन बना रहे हैं। उनकी शायरी की अनवरत धारा ने न सिर्फ सभी को चौंका दिया है, बल्कि मलाइका को भी गहराई से प्रभावित किया है। इतना कि अब वह सिद्धू की इन काव्य रचनाओं से प्रेरित होकर एक किताब लिखने की इच्छा जता रही हैं! एक ऐसे ही पल में, जब सिद्धू ने एक प्रस्तुति के बाद शायरी सुनाई, मलाइका खुद को रोक नहीं पाईं और बोलीं, "सारे जो आप बोल रहे हो न, मुझे लिखना है।




डीयू में भारत-जापान टैलेंट ब्रिज कार्यक्रम में कुलपति प्रो. योगेश सिंह ने प्रतिनिधियों का स्वागत किया। इस अवसर पर दिल्ली विश्वविद्यालय के छात्र कल्याण अधिष्ठाता प्रो. रंजन कुमार त्रिपाठी भी उपस्थित रहे।

# डीयू में भारत-जापान टैलेंट ब्रिज कार्यक्रम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** भारत और जापान के बीच शैक्षणिक, व्यावसायिक और सांस्कृतिक सहयोग को बढ़ावा देने के उद्देश्य से भारत-जापान टैलेंट ब्रिज कार्यक्रम का आयोजन दिल्ली विश्वविद्यालय के छात्र कल्याण अधिष्ठाता कार्यालय द्वारा किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य जापानी संगठनों और भारतीय छात्रों के बीच सार्थक जुड़ाव बनाना था, जिससे भविष्य में सहयोग के रास्ते मजबूत हों। इस कार्यक्रम की शुरुआत कुलपति कार्यालय में जापानी प्रतिनिधिमंडल के स्वागत के साथ हुई। इस अवसर पर कुलपति प्रो. योगेश सिंह ने प्रतिनिधियों का औपचारिक स्वागत किया। इस अवसर पर दिल्ली विश्वविद्यालय के छात्र कल्याण अधिष्ठाता प्रो. रंजन कुमार त्रिपाठी भी उपस्थित रहे। प्रति. निधिमंडल को दिल्ली विवि का विस्तृत प्रस्तुतीकरण दिखाया गया और उसके बाद परिसर का भ्रमण कराया गया।

उसके पश्चात दिल्ली विश्व. विद्यालय के मिरांडा हाउस में भारत-जापान कैरियर सेमिनार आयोजित किया गया, जिसमें डायरेक्टर्स इंक, रिमो एलएलसी, स्कीम वर्ज इंक, आईजेटीबी टीम, दाई-इची लाइफ होल्डिंग्स इंक, निची-इन सॉफ्टवेयर सॉल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड, ग्रीन कार्बन इंक और जापान विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी एजेंसी (जेएसटी) सहित प्रमुख जापानी संगठनों की कॉर्पोरेट प्रस्तुतियां आयोजित की गईं।

# 2016 में हॉस्टल छोड़कर भागी महिला का चैतन्यानंद पर बड़ा खुलासा

**नई दिल्ली।** आध्यात्मिक गुरु होने का दवा करने वाले ६२ वर्षीय चौतन्यानंद सरस्वती उर्फ स्वामी पार्थसारथी पर दक्षिण-पश्चिम दिल्ली के वसंत कुंज स्थित उसके निजी मैनेजमेंट इंस्टीट्यूट की छात्राओं के साथ यौन उत्पीड़न का मामला उजागर होने के बाद २०१६ में उनके खिलाफ छेड़छाड़ का केस दर्ज कराने वाली एक महिला ने आरोप लगाया है कि चौतन्यनंद उसे गिद्ध जैसी निगाहों से देखता था। एफआईआर के मुताबिक उस समय महिला २० वर्ष की थी और महज आठ महीने के भीतर उसने श्री शारदा इंस्टीट्यूट ऑफ इंडियन मैनेजमेंट छोड़ दिया था। महिला ने कहा कि यह मेरे जीवन का सबसे कठिन समय था। जैसे ही संस्थान में दाखिला लिया, बाबा ने अश्लील संदेश भेजना शुरू कर दिया। वह मुझे 'बेबी' और 'स्वीट गर्ल' कहकर बुलाता था। क्लास शाम ६:३० बजे खत्म होते ही वह मुझे अपने ऑफिस बुलाता और परेशान करता था। महिला ने यह भी आरोप लगाया कि चौतन्यानंद उसे कहते थे कि वह बहुत टैलेंटेड है और उसे दुबई पढ़ाई के लिए लेकर जाएंगे और सारा खर्च वह ही उठाएंगे। मैं ऐसा बिल्कुल नहीं चाहती थी, लेकिन उनका स्टाफ मुझ पर दबाव डालता रहा। बाबा ने मेरा मोबाइल फोन जब्त कर लिया और मुझे हॉस्टल में अकेले रहने के लिए मजबूर किया।

☞ यात्रीगण कृपया ध्यान दें ☜

त्यौहार विशेष रेलगाड़ी

पहले से ही घोषित अनेक त्यौहार विशेष रेलगाड़ियों के साथ – साथ रेलवे द्वारा निम्नलिखित त्यौहार विशेष रेलगाड़ी का भी संचालन किया जायेगा। इस रेल सेवा की समय–सारणी निम्नानुसार होगी:–

05625/05626 कामाख्या – रोहतक – कामाख्या त्यौहार विशेष रेलगाड़ी (साप्ताहिक) 14 फेरे

| गाड़ी सं. 05625 | | स्टेशन | गाड़ी सं. 05626 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| --- | 22:00 | कामाख्या | 15:30 | --- |
| 22:55 | 23:05 | वाराणसी | 12:00 | 12:10 |
| 12:40 | 12:55 | दिल्ली जं. | 23:55 | 00:10 |
| 14:45 | --- | रोहतक | --- | 22:10 |

चलने के दिन : **05625 कामाख्या** से प्रत्येक शुक्रवार को दिनांक 07.11.2025 तक तथा **05626 रोहतक** से प्रत्येक रविवार को दिनांक 28.09.2024 से 09.11.2025 तक।

स्थान : प्रथम वाता., 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य

ठहराव : रंगिया, बरपेटा रोड, न्यू बंगाईगाँव, कोकराझार, न्यू कोचबिहार, न्यू जलपाईगुड़ी, किशनगंज, बारसोई, कटिहार, नवगछिया, मानसी, खगड़िया, बेगूसराय, बरौनी जं., शाहपुर पटोरी, हाजीपुर, सोनपुर, छपरा, बलिया, गाजीपुर सिटी, औंड़िहार जं., ज्ञानपुर रोड, प्रयागराज रामबाग, प्रयागराज जं., गोविंदपुरी, अलीगढ़ जं., गाजियाबाद एवं बहादुरगढ़ स्टेशन।

रेलयात्रियों से अनुरोध है कि किसी भी जानकारी के लिये रेलमदद हेल्पलाइन सं. 139 पर सम्पर्क करें अथवा भारतीय रेल की वेबसाइट https://enquiry.indianrail.gov.in अथवा NTES ऐप देखें।

पर हमें फॉलो करें

उत्तर रेलवे

आपकी सुविधा - हमारा ध्येय

हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें

2983/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# मां कालका के कुष्मांडा स्वरूप की पूजा-अर्चना

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** प्राचीन सिद्धपीठ श्री कालकाजी मंदिर में तड़के से ही मां कालका के कुष्मांडा स्वरूप की पूजा-अर्चना के लिए भक्तों की भारी भीड़ उमड़ी। मंदिर के मुख्य पुजारी पंडित संजय भारद्वाज ने बताया,कि भागवत पुराण में देवी कुष्मांडा को अष्टभुजी माता बताया गया है, जिसमें देवी मां के हाथो में कमंडल, धनुष बाण,कमल का पुष्प, अमृत कलश,चक्र,गदा,और जप माला धारण की हुई है। उन्होंने बताया,कि मां के इस स्वरूप की पूजा-अर्चना करने से शक्ति,सुख समृद्धि और शांति का वास होता है। पंडित श्री भारद्वाज ने बताया,कि मंदिर में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ को देखते



हुए प्रत्येक द्वार पर पुजारी परिवार के पंडित हिमांशु भारद्वाज, सोनू भारद्वाज सुनील भारद्वाज, सुखलाल भारद्वाज, अतुल भारद्वाज, नवनीत भारद्वाज, पुनीत भारद्वाज,पार्थ भारद्वाज सहित टीम मां के दर्शन करने आने वाले श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की परेशानी ना हो, इसके लिए भवन के मुख्य द्वारो की जिम्मेदारी सौंपी गई है।

# बाल विवाह को लेकर दिल्ली हाईकोर्ट ने जताई चिंता

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली हाई कोर्ट ने इस्लामी और भारतीय कानूनों के बीच बाल विवाह की वैधता और आपराधिकता को लेकर चल रहे टकराव पर चिंता जताई है। अदालत ने कहा कि यह श्बार-बार सामने आने वाला विवादश है।

न्यायमूर्ति अरुण मोंगा ने कहा कि इस्लामी कानून के तहत यदि कोई नाबालिग लड़की यौवनावस्था (प्यूबर्टी) में पहुंच जाती है तो उसका विवाह मान्य माना जा सकता है, लेकिन भारतीय कानून में ऐसा नहीं है। भारतीय कानून के अनुसार ऐसा विवाह करने वाला पति भारतीय दंड संहिता (BNS) और पॉक्सो कानून (POCSO Act) या दोनों के तहत अपराधी माना जाएगा। अदालत ने कहा कि यह एक गंभीर दुविधा है कि क्या समाज को लंबे समय से चले आ रहे निजी (पर्सनल) कानूनों का पालन करने पर अपराधी ठहराया जाए? क्या अब यह समय नहीं आ गया है कि हम यूनिफॉफ सिविल कोड की ओर बढ़ें, ताकि एक ही कानूनी ढांचा बने, जिसमें व्यक्तिगत या प्रथागत कानून राष्ट्रीय कानून को न लांघें?

कोर्ट ने यह भी जोड़ा कि यह टकराव श्कानूनी स्पष्टताश की मांग करता है और यह विधायिका पर निर्भर है कि वह तय करे। श्पूरे समुदाय को अपराधी घोषित करना जारी रखना है या फिर कानूनी निश्चितता के माध्यम से शांति और सौहार्द को बढ़ावा देना है। धार्मिक स्वतंत्रता इतनी नहीं हो सकती कि व्यक्ति आपराधिक दायित्व में आ जाए। न्यायमूर्ति मोंगा ने यह भी कहा कि यह निर्णय देश के विधायकों की बुद्धिमत्ता पर ही छोड़ा जाना चाहिए। लेकिन स्थायी समाधान जल्द ही संसद? विधायिका से आना चाहिए। कोर्ट यह टिप्पणी उस याचिका पर कर रही थी, जो एक २४ वर्षीय युवक ने दायर की थी। उस पर आरोप था कि उसने एक नाबालिग लड़की से विवाह किया। लड़की ने जहां अपनी उम्र २० वर्ष बताई, वहीं अभियोजन पक्ष ने दावा किया कि लड़की की उम्र १५ से १६ वर्ष के बीच है।

## जल निकायों पर अतिक्रमण जारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली में जल निकायों पर हो रहे अतिक्रमण और उनकी बहाली में देरी को देखते हुए नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल ने (एनजीटी) रिकार्ड पर पेश किए गए तथ्यों को देख एनजीटी ने न सिर्फ नाराजगी व्यक्त की, बल्कि अधिकारियों की उदासीनता पर फटकार भी लगाई। मुंडका स्थित जल निकायों को अतिक्रमण मुक्त कराने से लेकर पुनर्जीवित करने के तमाम निर्देश के बावजूद भी जमीनी स्तर पर कार्रवाई नहीं हो रही है। दिल्ली आर्द्रभूमि प्राधिकरण द्वारा अक्टूबर २०२४ में इस बाबत जारी किए आदेश के बावजूद भी एजेंसियों ने कार्रवाई करना जरूरी नहीं समझा। वहीं, दूसरी तरफ अपना-अपना पल्ला झाड़ते हुए नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल में अस्पष्ट, अपुष्ट और अधूरी रिपोर्ट दाखिल कर दी।

# सीआईएसएफ जवान की पत्नी ने की आत्महत्या

■ **बेटा न होने की वजह से ससुराल वाले देते थे ताने, पति और सास गिरफ्तार**



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा में एक सीआईएसएफ जवान की पत्नी ने जहरीला पदार्थ खाकर आत्महत्या कर ली। इस मामले में पुलिस ने आरोपी पति और सास को गिरफ्तार कर लिया है। घटना ग्रेटर नोएडा के सूरजपुर थाना क्षेत्र की है।

मृतका की पहचान रितु (28) के रूप में हुई है, जिसकी शादी 2014 में बागपत निवासी सोनू मलिक से हुई थी। सोनू सूरजपुर स्थित सीआईएसएफ में आरक्षी है। रितु का परिवार लखनावली गांव में किराए पर रहता था। सोमवार को रितु ने अपने भाई अंकित तोमर को फोन कर पति और सास द्वारा मारपीट की जानकारी दी, जिसके बाद फोन कट गया।

अनहोनी की आशंका पर मायके पक्ष के लोग सूरजपुर पहुंचे। उन्हें पता चला कि रितु को कैलाश अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जहां उसकी मौत हो चुकी थी।

मृतका के भाई अंकित तोमर ने आरोप लगाया है कि शादी के बाद से ही ससुराल पक्ष के लोग कम दहेज लाने को लेकर रितु को प्रताड़ित कर रहे थे। उसे छोटी-छोटी बातों पर मानसिक रूप से परेशान किया जाता था।

रितु की दो बेटियां हैं, जिनकी उम्र आठ और पांच साल है। अंकित के अनुसार, सास शकुंतला बेटी पैदा होने पर ताने देती थी। उस पर लिंग परीक्षण कराने का दबाव भी बनाया गया और लड़की होने का पता चलने पर दो बार गर्भपात भी कराया गया। मारपीट की घटनाओं के कारण रितु करीब एक साल तक अपने मायके में रही थी, लेकिन पंचायत के दबाव के बाद वह दोबारा ससुराल लौट आई थी।

कोतवाली प्रभारी विनोद कुमार ने बताया कि परिजनों की तहरीर के आधार पर मामला दर्ज कर लिया गया है। आरोपी पति सोनू और सास शकुंतला को आत्महत्या के लिए उकसाने के आरोप में गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस आगे की कार्रवाई कर रही है।

# सेटल कराने के नाम पर कारोबारी से ठगी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** दुबई में फर्म पंजीकरण कराने और वहीं पर सेटल कराने के नाम पर ठगों ने पंजाब के कारोबारी से पौने छह लाख रुपये की ठगी कर ली। रकम लेने के बाद जब आरोपियों ने कॉल उठाना बंद कर दिया, तब पीड़ित को पूरे फर्जीवाड़े की जानकारी हुई। इस मामले में फेज-1 थाने में दो नामजद आरो. पियों के खिलाफ केस दर्ज हुआ है। पुलिस को सेक्टर-3 में आरोपियों का दफ्तर बंद मिला। मनमोहन सिंह संधु ने पुलिस को शिकायत दी कि वह पंजाब के समराला के रहने वाले हैं और कारोबारी हैं। वह परिवार के साथ दुबई सेटल होना चाहते थे। उन्होंने कुछ समय पहले संयुक्त अरब अमीरात में फर्म पंजीकरण कराने संबंधी समीर एडवायजरी मैनजेमेंट नाम की एजेंसी का विज्ञापन देखा। इसमें दो लोगों के फोन नंबर भी थे। पहले नंबर पर कॉल करने पर तनवीर नाम के व्यक्ति से उनकी बात हुई। तनवीर ने फर्म पंजीकरण कराने और वहीं पर सेटल कराने के नाम करीब सात लाख रुपये का खर्च बताया। सौदा तय होने के बाद तनवीर अहमद और उसके साथी जाहिद खान ने इसी साल 14 जून को दस्तावेज के साथ कारोबारी को नोएडा के सेक्टर-3 स्थित कंपनी के कार्यालय में बुलाया। दोनों ने 21 जून को फिर से दस्तावेज जमा कराए। इस दौरान जाहिद ने दुबई में सेटल कराने के नाम पर पांच लाख 74 हजार रुपये ट्रांसफर करा लिए। दोनों फोन पर कारोबारी से वार्तालाप नियमित अंत. राल पर करते रहे। एक माह तक भी काम नहीं होने पर पीड़ित ने संपर्क किया तो दोनों के मोबाइल फोन बंद आने लगे। पीड़ित ने नोएडा कार्यालय आकर गार्ड से जानकारी की तो पता चला कि आरोपी कार्यालय बंद कर चले गए। कई और से जालसाजी की आशंका मनमोहन ने बताया कि उसकी तरह कई पीड़ित कार्यालय के चक्कर काट रहे हैं। आरोपी सभी की रकम लेकर भाग गए हैं।

ऐसे में आशंका जाहिर की जा रही है कि यह फर्जीवाड़ा सुनियोजित तरीके से एक संगठित गिरोह के सदस्यों द्वारा किया गया। इस मामले में पुलिस ने तनवीर अहमद और जाहिद खान के खिलाफ केस दर्ज किया है। जिसकी इमारात में आरोपियों ने ऑफिस खोला था, पुलिस अब उससे भी संपर्क करने का प्रयास कर रही है। विज्ञापन के जरिये लोगों को फंसाया स्थानीय लोगों ने बताया कि आरो. पियों ने कुछ कर्मचारियों को एक दो महीने के लिए भर्ती किया था। विज्ञापन जारी करवाकर सुदूर राज्यों और जिलों में रहने वाले लोगों को नोएडा बुलाया जाता था ताकि वह बार-बार संपर्क न कर सकें। शिकायतकर्ता ने दोनों नामजद आरो. पियों का मोबाइल नंबर भी पुलिस को उपलब्ध कराया है, लेकिन नंबर बंद आ रहे हैं। आशंका यह भी जताई जा रही है कि आरोपियों ने नोएडा के अलावा अन्य शहरों में भी इसी प्रकार का दफ्तर खोलकर खाड़ी देशों में भेजने के नाम पर फर्जीवाड़ा किया होगा।

# अलग-अलग सड़क हादसों में दो लोगों की मौत




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** नोएडा में दो जगहों पर हुए सड़क हादसे में घायल दो लोगों की उपचार के दौरान मौत हो गई है। यह घटना थाना सेक्टर-24 और 39 क्षेत्र की है। पीड़ित परिवार की शिकायत पर पुलिस आरोपी वाहन चालकों की तलाश कर रही है।

थाना सेक्टर-24 के प्रभारी निरीक्षक विद्युत गोयल ने बताया कि संतोष बहादुर पुत्र राम बहादुर निवासी सेक्टर- 71 ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि उसका भाई चंद्र बहादुर सेक्टर-71 में पीजी चलाता हैं। पीड़ित के अनुसार 22 सितंबर को रात के समय प्रवेश नामक व्यक्ति ने फोन करके बताया कि सेक्टर-25 के निठारी रोड के पास चंद्र बहादुर थापा का किसी अज्ञात वाहन से एक्सीडेंट हो गया है।

वह सड़क पर पड़ा है। पीड़ित के अनुसार वह तथा उसकी भाभी भाई को देखने के लिए घटनास्थल पर आए। वहां से ये लोग उठाकर उसे घर ले गए। पीड़ित के अनुसार 24 सितंबर को उसकी तबीयत ज्यादा खराब हुई तो उन्होंने चंद्र बहादुर को उपचार के लिए नोएडा के कैलाश अस्पताल में भर्ती करवाया। वहां पर उपचार के दौरान गुरुवार की रात में उसकी मौत हो गई। उन्होंने बताया कि पीड़ित की शिकायत पर अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस मामले की जांच कर रही है।

वहीं थाना सेक्टर-39 क्षेत्र के सेक्टर-108 के पास एक बस चालक ने तेजी और लापरवाही से वाहन चलाते हुए एक कार में टक्कर मार दिया। इस घटना में कार में सवार एक युवक की मौत हो गई।

थाना सेक्टर-39 के प्रभारी निरीक्षक जितेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि हरेंद्र सिंह ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि वह निठारी गांव में रहता हैं। पीड़ित के अनुसार उसका भाई अरुण उम्र 36 वर्ष अपने दोस्त मनोज कुमार की गाड़ी में सवार होकर हाजीपुर लाल बत्ती को पार करते हुए सेक्टर-82 की तरफ जा रहा था। पीड़ित के अनुसार उसके भाई की कार को एक अज्ञात बस चालक ने तेजी और लापरवाही से वाहन चलाते हुए टक्कर मार दी। इस घटना में उसका भाई गंभीर रूप से घायल हो गया।

उसे उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती करवाया गया, जहां पर डॉक्टरों ने उसको मृत घोषित कर दिया। उन्होंने बताया कि पीड़ित की शिकायत पर घटना की रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच करते हुए पुलिस आरोपी बस चालक की तलाश कर रही है।

# यूपी में निवेश की अपार संभावनाएं, हरसंभव मदद करेगी सरकारः राकेश सचान

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**ग्रेटर नोएडा।** "उत्तर प्रदेश में निवेश की अपार संभावनाएं हैं और राज्य सरकार निवेशकों को हरसंभव मदद करेगी।" यह कहना है उत्तर प्रदेश के सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम (डैडम), खादी, हथकरघा और वस्त्र मंत्री राकेश सचान का। उक्त बातें उन्होंने शुक्रवार को यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो के दूसरे दिन आयोजित भारत-रूस बिजनेस डायलॉग को संबोधित करते हुए कहीं।



मंत्री राकेश सचान ने रूस के अधिकारियों और कारोबारियों का स्वागत करते हुए कहा कि यह आयोजन दोनों देशों के कारोबारी रिश्तों को नई ऊंचाई देगा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दूरदर्शी विजन से भारत विकसित राष्ट्र बनने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है, वहीं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश निरंतर विकास के नए कीर्तिमान स्थापित कर रहा है।

**सहयोग से आज की साझेदारी तकः** राकेश सचान ने कहा कि भारत के औद्योगिकीकरण के समर्थन करने के दिनों से आज रणनीतिक साझेदारी तक हमारा सहयोग रक्षा, ऊर्जा, अंतरिक्ष और अब विभिन्न सेक्टरों तक विकसित हुआ है। हाल के वर्षों में यह साझेदारी और प्रगाढ़ हुई है तथा दोनों देशों के बीच व्यापार नई ऊंचाई पर पहुंच चुका है। भारत ने वर्ष 2025 तक रूस से अपने व्यापार को 30 अरब अमे. रिकी डॉलर तक ले जाने का लक्ष्य तय किया है। सचान ने विश्वास जताया कि यह लक्ष्य अवश्य हासिल होगा।

**एमएसएमई यूपी की ताकतः** मंत्री ने कहा कि यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो के उद्घाटन समारोह में प्रधानमंत्री मोदी ने एमएसएमई क्षेत्र की शक्ति पर विशेष बल दिया था। उत्तर प्रदेश में देश की सबसे अधिक 9 मिलियन डैडम इकाइयां कार्यरत हैं, जो राज्य की लगभग 15 प्रतिशत आबादी को रोजगार देती हैं। 'वन डिस्ट्रिक्ट, वन प्रोडक्ट' योजना ने स्थानीय कारीगरों और उद्यमियों को अंतरराष्ट्रीय बाजार तक पहुंच दिलाई है।

**निवेशकों के लिए सुनहरा अवसरः** राकेश सचान ने कहा कि उत्तर प्रदेश 25 करोड़ से अधिक की आबादी वाला विशाल बाजार है, जो निवेशकों को स्थायी अवसर प्रदान करता है। यहां उद्योगों को उत्पादन और उपभोग दोनों स्तर पर मजबूती मिलती है। उन्होंने रूस से आग्रह किया कि अपनी उन्नत प्रौद्योगिकी के माध्यम से प्रदेश की औद्योगिक प्रगति में सहयोग करे।

**ट्रेड शो केवल मेला नहीं:** मंत्री राकेश सचान ने कहा कि "यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो केवल एक मेला भर नहीं है, बल्कि यह राष्ट्र और राज्य के विकास को नए क्षितिज से जोड़ने का उपक्रम है।" उन्होंने विश्वास जताया कि इस आयोजन से भारत-रूस कारोबारी रिश्ते और प्रगाढ़ होंगे तथा निवेश और रोजगार के नए अवसर खुलेंगे।

**भारत-रूस रिश्तों के लिए मील का पत्थर साबित होगा बिजनेस डायलॉगः** यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो में भारत-रूस बिजनेस डायलॉग दोनों देशों के रिश्तों को नई ऊंचाई देने वाला साबित होगा। डायलॉग का शुभारंभ उत्तर प्रदेश सरकार के अपर मुख्य सचिव आलोक कुमार ने किया। इस अवसर पर प्दअमेज न्च पर आधारित शॉर्ट मूवी भी प्रदर्शित की गई। कार्यक्रम का संचालन रूस की डेप्युटी हेड ऑफ द इकोनॉमिक डिपार्टमेंट ज्लाटा अंटुशेवा ने किया और स्वागत भाषण डेप्युटी ट्रेड कमिश्नर डॉ. इवगेनी जेंचेंको ने दिया।

डायलॉग में बोलते हुए पैरामाउंट कम्युनिकेशन के एमडी संदीप अग्रवाल ने कहा कि भारत और रूस एक-दूसरे के भरोसेमंद साथी हैं। भारत तेजी से आर्थिक महाशक्ति बन रहा है और पावर, टेलीकॉम, ऊर्जा से लेकर डिफेंस तक दोनों देशों के मजबूत कारोबारी संबंध हैं। उन्होंने कहा कि भारतीय उद्योग 'कास्ट इफेक्टिव और रिलायबल' है और फार्मास्युटिकल सेक्टर में सहयोग के जरिए नई उपलब्धियां हासिल की जा सकती हैं।

**कारोबारी रिश्ते और अधिक प्रगाढ़ होंगेः** रूस की प्रतिनिधि ज्लाटा अंटुशेवा ने कहा कि भविष्य में हमारे कारोबारी रिश्ते और अधिक प्रगाढ़ होंगे। वहीं, डॉ. अजय सहाय ने कहा कि भारत-रूस संबंध केवल ट्रेड तक सीमित नहीं हैं बल्कि मार्केट एक्सेस, शिपिंग रूट और इंश्योरेंस जैसे क्षेत्रों में भी चुनौतियां और अवसर मौजूद हैं। पीएचडी चौंबर ऑफ कॉमर्स के विशाल ढींगरा ने एमएसएमई सेक्टर में सहयोग की उम्मीद जताई। वहीं संगठन के पदाधिकारी विवेक अग्रवाल ने कहा कि यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो भारत-रूस रिश्तों के लिहाज से बेहद महत्वपूर्ण आयोजन है। उन्होंने दावा किया कि उत्तर प्रदेश अब उत्तम प्रदेश बन चुका है और यहां निवेश की अपार संभावनाएं मौजूद हैं।

## एक नजर

### बोर्ड बैठक के एजेंडे तैयार करने के निर्देश

**नोएडा (शाह टाइम्स)।** नोएडा प्राधिकरण की दशहरा बाद बोर्ड बैठक करने की तैयारी है। सीईओ ने बोर्ड बैठक में रखे जाने वाले प्रस्तावों को लेकर शुक्रवार को अधिकारियों के साथ चर्चा की। उन्होंने मंगलवार तक बोर्ड बैठक से संबंधित सभी एजेंडे तैयार करने के निर्देश दिए। करीब तीन महीने से नोएडा प्राधिकरण की बोर्ड बैठक नहीं हो सकी है। इसकी वजह यह रही कि करीब डेढ़ महीने से नोएडा प्राधिकरण के चेयरमैन का पद खाली था। अब हाल ही में अपर मुख्य सचिव दीपक कुमार को नोएडा प्राधिकरण का चेयरमैन नियुक्त किया गया है। उनके पास औद्योगिक विकास आयुक्त का चार्ज भी है।

प्राधिकरण के सीईओ डॉ. लोकेश एम ने शुक्रवार को सभी विभागों के एसीईओ, ओएसडी, महाप्रबंधक और अन्य अधिकारियों के साथ बैठक की। इस बैठक में बोर्ड बैठक में रखे जाने वाले प्रस्तावों पर चर्चा इुई। अधिकारियों ने बताया कि नए नोएडा के लिए जमीन अधिग्रहण, बिल्डर पर बकाया व खरीदारों के फ्लैटों की रजिस्ट्री से संबंधित मामले की अपडेट रिपोर्ट, अलग-अलग आवंटियों द्वारा मांगी जा रही छूट समेत अन्य प्रस्तावों पर चर्चा हुई। सीईओ ने अगले सप्ताह मंगलवार तक बोर्ड बैठक से संबंधित सभी एजेंडे तैयार करने के निर्देश दिए। अधिकारियों ने बताया कि अभी बोर्ड बैठक की तारीख निश्चित नहीं हो पाई है, लेकिन दशहरा बाद कभी भी बोर्ड बैठक कराए जाने की तैयारी है।

### महिला मरीज से यौन शोषण के आरोपी स्वास्थ्यकर्मी को नहीं मिली अग्रिम राहत

**नोएडा (शाह टाइम्स)।** सत्र न्यायालय ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) भंगेल में महिला मरीज से यौन शोषण के मामले में आरोपी स्वास्थ्यकर्मी अमर चौधरी की अग्रिम जमानत याचिका खारिज कर दी। अदालत ने माना कि मामले में प्रथम दृष्टया आरोपी की संलिप्तता है। इस कारण अग्रिम राहत नहीं दी जा सकती है। मामला नोएडा फेस-2 थाना क्षेत्र में दर्ज है। अभियोजन पक्ष का आरोप है कि पीड़िता 28 अगस्त को भंगेल सीएचसी में दोपहर करीब 12:30 बजे टीबी की दवा लेने के लिए गई थी। सभी मरीजों के जाने के बाद आरोपी पीड़िता को चेकअप के बहाने बाथरूम में ले गया। आरोपी ने पीड़िता को वहां बंद कर उसके कपड़े उतारने के बाद उसके साथ अश्लील हरकत की। जब पीड़िता ने विरोध किया तो उसे जान से मारने की धमकी दी गई। वहीं आरोपी की ओर से दलील दी गई कि वह निर्दोष है। उसे झूठे मुकदमे में फंसाया गया है। एफआईआर दर्ज करने में देरी हुई है। जिसका कोई ठोस कारण नहीं है। घटना वाले दिन कमरे में कई अन्य मरीज मौजूद थे। ऐसे में बंद कमरे में ले जाकर शोषण करने का आरोप निराधार है। आरोपी का कोई आपराधिक इतिहास नहीं है। साक्ष्यों और बयानों के आधार पर अदालत ने माना कि गंभीर प्रकृति के अपराध में अभियुक्त की संलिप्तता से इंकार नहीं किया जा सकता। ऐसे में अभियुक्त को अग्रिम जमानत देने का कोई औचित्य नहीं है।

### यमुना प्राधिकरण ने मेडिकल डिवाइस पार्क में 12 औद्योगिक भूखंड किए आवंटित

**ग्रेटर नोएडा (शाह टाइम्स)।** यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण की मेडिकल डिवाइस पार्क योजना-05 के अंतर्गत सेक्टर-28 स्थित औद्योगिक भूखंडों की आवंटन प्रक्रिया सफलतापूर्वक पूरी हो गई है। यह योजना 16 जून 2025 से 6 अगस्त 2025 तक चली, जिसमें कुल 48 आवेदन प्राप्त हुए। प्राधिकरण के कंसल्टेंट एमएसएस ई-वाई द्वारा सभी आवेदनों की जांच की गई। जांच के बाद 20 आवेदन पात्र पाए गए और 22 सितंबर को आयोजित ड्रॉ में इन्हें सम्मिलित किया गया। पारदर्शी प्रक्रिया के तहत कुल 12 औद्योगिक भूखंड सफल आवेदकों को आवंटित किए गए। इनमें 2 भूखंड कैंसर केयर यूनिट, 3 रेडियोलॉजी व इंजीनियरिंग यूनिट, 1 इम्प्लांट्स यूनिट, 3 एनेस्थेसिया एवं कार्डियो रेस्पिरेटरी यूनिट और 3 इन-विट्रो डायग्नोस्टिक यूनिट शामिल हैं।

शुक्रवार को अपराह्न 4 बजे प्राधिकरण के मुख्यालय पर मुख्य कार्यपालक अधिकारी, राकेश कुमार सिंह ने सफल आवेदकों को औपचारिक रूप से आवंटन पत्र प्रदान किए। यमुना प्राधिकरण मेडिकल डिवाइस पार्क को विश्व स्तरीय औद्योगिक हब के रूप में विकसित कर रहा है। यह हब आगामी नोएडा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे, जेवर के निकट स्थित होगा। इसका उद्देश्य देश में मेडिकल उपकरण निर्माण को बढ़ावा देना और आयात पर निर्भरता कम करना है।

अधिकारियों के अनुसार, इन 12 आवंटनों से उत्तर प्रदेश को मेडिकल डिवाइस निर्माण का अग्रणी केंद्र बनाने में मदद मिलेगी। अनुमान है कि इन परियोजनाओं में लगभग 100 करोड़ रुपये का निवेश होगा और करीब 1000 रोजगार सृजित होंगे।

# जिले में डेंगू के 11 नए रोगियों की पुष्टि

**नोएडा।** जिले में शुक्रवार को डेंगू के 11 नए रोगियों की पुष्टि हुई। किसी भी रोगी की हालत गंभीर नहीं है। इसी के साथ इस सीजन में डेंगू के रोगियों की संख्या बढ़कर 358 हो गई। जिला मलेरिया अधिकारी श्रुति कीर्ति वर्मा ने बताया कि गुरुवार तक डेंगू संक्रमित मरीजों की संख्या 347 थी, जो नए मरीज प्रकाश में आने पर बढ़ गई। उन्होंने कहा कि 11 रोगी अस्पतालों में भर्ती हैं। इस सीजन में अभी तक डेंगू पीड़ित किसी भी रोगी की मृत्यु नहीं हुई है। उन्होंने कहा कि जिन इलाकों में डेंगू के रोगी मिले हैं, वहां पर एंटी लार्वा दवा का छिड़काव किया जा रहा है। इसके अलावा लोगों को बीमारी के बारे में जागरूक किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि डेंगू एक मच्छर जनित बीमारी है, जिससे बचने के लिए मच्छरों के काटने से बचाव करना जरूरी है। बचाव के लिए पूरी बाजू के कपड़े पहनें, मच्छरदानी का उपयोग करें और घर और उसके आसपास पानी जमा न होने दें।

# धूमधाम से निकली राम की बारात होना था राजतिलक, मिला वनवास

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** श्री सनातन धर्म रामलीला समिति नोएडा के तत्वाधान में हरि भक्ति कला ट्रस्ट द्वारा आयोजित रामलीला में शुक्रवार को भगवान राम की बरात दोपहर 3 बजे श्री सनातन धर्म मंदिर सेक्टर 19 से चलकर डी एम चौराहा, टेलीफोन एक्सचेंज, सेक्टर 9, हरोला सेक्टर 5, बांस बल्ली मार्केट, सेक्टर 10, सेक्टर 12 होते हुए रामलीला ग्राउंड नोएडा स्टेडियम पर पहुंची। जिसके बाद मंचन की शुरुआत दशरथ जी के द्वारा श्रीराम के राजतिलक की घोषणा के साथ हुई, जिससे आहत होकर मंथरा ने कैकई को भड़काया और कैकई ने तरह - तरह के प्रपंच और त्रिया चरित्र दिखा कर दशरथ से दो वरदान मांग लिए जिसमें



श्रीराम को वनवास और भरत को राज तिलक, श्रीराम को वन जाते देखकर सीताजी और लक्ष्मण जी भी उन्हीं के साथ चल दिए, सारी प्रजा विलाप करती हुई श्रीराम के साथ चल दिए और निषादराज के क्षेत्र में पहुंचने तक की कथा का सजीव चित्रण किया गया।

प्रसंग में दशरथ के विलाप की व्यथा जैसे मार्मिक व मंथरा कैकई संवाद, दशरथ कैकई जैसे रोमांचक दृश्यों को प्रभावशाली संवादों और भावनात्मक अभिनय के माध्यम से मंच पर जीवंत किया गया।

# टूटी सड़कों की मरम्मत का काम शुरू

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** नोएडा प्राधिकरण ने टूटी सड़कों की मरम्मत का काम शुरू कर दिया है। शुक्रवार को सेक्टर-121 पर्थला गोलचक्कर के बने यूटर्न की सड़क के गड्ढे भरे गए। नोएडा प्राधिकरण के अधिकारियों ने दावा कि अगले 10 दिन के अंदर शहर की सड़कों को ठीक कर दिया जाएगा। इस समय शहर में 100 से अधिक सड़कों पर गड्ढे हो रखे हैं। शहर में बीते दो-ढाई महीने की लगातार बारिश से सड़कों की हालत काफी खराब हो गई है। जगह-जगह सड़कों में गड्ढे हो गए हैं।

बारिश के कारण प्राधिकरण सड़कों को ठीक कराने का काम नहीं करा सका। इससे लोगों की परेशानी काफी बढ़ गई। गड्ढों की वजह से जाम लग रहा है। हादसे का खतरा भी रहता है। लोग लगातार सड़कों की ठीक करने की मांग प्राधिकरण के सीईओ से कर रहे थे। नोएडा प्राधिकरण ने अब सड़कों को ठीक कराने का काम शुरू करा दिया है। शुक्रवार को सेक्टर-121 पर्थला गोलचक्कर के पास बने यू-टर्न वाली सड़कों के गड्ढे भरे गए। गुरुवार रात को मास्टर प्लान रोड नंबर-2 पर सेक्टर-18 और जीआईपी मॉल के बीच सड़क की मरम्मत की गई। इसी तरह अट्टा अंडरपास से सेक्टर-15 की ओर आने-जाने वाली सड़क पर बिटुमिन की नई लेयर डाली गई। मास्टर प्लान रोड नंबर-3 पर सेक्टर-52 के सामने सड़क को ठीक किया गया।

# शहर में निकली राम बारात, हुआ कई जगह स्वागत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** श्री राम लखन धार्मिक लीला कमेटी सेक्टर 46 के द्वारा शुक्रवार को रामलीला से पहले राम बारात का आयोजन किया गया, राम बारात सेक्टर 46 से धूमधाम से निकली गई और कई जगह राम बारात का लोगों ने भव्य स्वागत किया।



शुक्रवार को रामलीला के शुभ अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में सांसद अयोध्या अवधेश प्रताप सिंह मौजूद रहे, उन्होंने कहा कि भगवान राम का मंदिर जब से अयोध्या में पूर्ण रूप से संपूर्ण हुआ है ,तब से अयोध्या में अमन चौन कायम हुआ ,और भगवान के दर्शन करने के लिए भी लोगों की भीड़ लगी रहती है। उन्होंने कहा कि इसी प्रकार रामलीला देखने वाले प्रत्येक व्यक्ति को भी रामलीला में पहुंचकर भगवान राम के दर्शन करने चाहिए, क्योंकि भगवान राम को हमेशा मर्यादा पुरुषोत्तम राम के नाम से जाना जाता है, इसलिए उनके दर्शन करने जरूरी है।

इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि के रूप में दिल्ली कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष अनिल चौधरी भी मौजूद रहे, इसके अलावा, संजीव बेदी सहायक महाप्रबंधक आवासीय भूखंड नोएडा प्राधिकरण, कांग्रेस के मुकेश यादव, रामकुमार तंवर, पुरुषोत्तम नागर, पवन शर्मा, मुकेश शर्मा, फिरे सिंह नागर ,संजय तनेजा, अभिषेक जैन, यतेंद्र शर्मा आदि मौजूद रहे।

इस अवसर पर रामलीला देखने आए लोगों और मुख्य अतिथि का रामलीला के अध्यक्ष विपिन अग्रवाल और उनकी टीम ने आभार प्रकट किया।

इस अवसर पर पंडित कृष्ण स्वामी ने सफल रामलीला का मंचन करते हुए महाराजा दशरथ जी वह प्रभु राम जी सभी भाइयों के साथ बारात लेकर जनक जी के द्वार पर जाना और चारों भाइयों का विवाह संपन्न होना ,साथ ही भारत विकास परिषद नोएडा महानगर के सहयोग से डांडिया का कार्यक्रम भी आयोजित कराया गया।

# पीएनबी के वरिष्ठ अधिकारियों ने किया नए परिसर का उद्घाटन

## इंडो-रशियन बिज़नेस संवाद में भागीदारी और यूपीआईटीएस 2025 में बैंक के स्टॉल का शुभारंभ

**ग्रेटर नोएडा।** पंजाब नेशनल बैंक (पीएनबी) के लिए आज का दिन कई महत्वपूर्ण अवसरों का साक्षी रहा। अंचल प्रमुख प्रवीण गोयल जी एवं मंडल प्रमुख नोएडा महेश कुमार वधवा जी की गरिमामयी उपस्थिति में एक श्रृंखलाबद्ध कार्यक्रम स्रुलतापूर्वक संपन्न हुए। कार्यक्रम की शुरुआत पीएनबी आईईएमएल शाखा के नए परिसर के उद्घाटन से हुई, जो ग्राहकों तक बैंक की सेवाओं को और अधिक सुलभ एवं सशक्त बनाने की दिशा में एक अहम कदम है। इसके पश्चात दोनों वरिष्ठ अधिकारियों ने भारत-रूस बिज़नेस संवाद (प्दकव-त्नेपंद ठनेपदमे क्पंसवहनम) में भाग लिया। इस अवसर पर दोनों देशों के विभिन्न



वित्तीय संस्थानों और विभागों से आए प्रतिभागियों ने सतत वित्तीय विकास एवं आपसी सहयोग पर गहन विचार-विमर्श किया।

उक्त अवसर पर अंचल प्रमुख प्रवीण गोयल जी ने यूपीआईटीएस 2025 में पंजाब नेशनल बैंक के स्टॉल (हॉल नंबर 8) का शुभारंभ किया। इस स्टॉल पर बैंक की नवीनतम डिजिटल एवं वित्तीय उत्पादों की श्रृंखला प्रदर्शित की जा रही है। सभी आगंतुकों एवं सहभागियों से निवेदन है कि वे अवश्य पधारकर बैंक की पहलों से अवगत हों।

इस मौके पर दीपक गुप्ता (उप मंडल प्रमुख, नोएडा), किशोर कुणाल (सीएसी नोएडा प्रमुख), दिग्विजय सिंह (एमसीसी नोएडा प्रमुख) तथा सुमित रंजन (पीएलपी नोएडा प्रमुख) सहित कई अन्य अधिकारी भी उपस्थित रहे।

अर्धवार्षिक लेखा-समापन जैसे अत्यंत व्यस्त कार्यकाल के बावजूद, वरिष्ठ अधिकारियों ने समय निकालकर क्षेत्रीय कर्मचारियों का उत्साहवर्धन किया और उन्हें निरंतर उत्कृष्ट कार्य करने हेतु प्रेरित किया। पंजाब नेशनल बैंक अपने ग्राहकों के विश्वास, नवाचार और सतत वित्तीय विकास को प्रोत्साहित करने के अपने मिशन को निरंतर आगे बढ़ा रहा है।

# बाइकों की भिडंत में दो युवको की दर्दनाक मौत

## घर से स्कूल व मजदूरी पर जाने को निकले थे दोनों युवक, पिलाना मोड के निकट हुआ हादसा, परिवारों मे शोक


मृतक का फाइल फोटो


मृतक का फाइल फोटो



**शाह टाइम्स संवाददाता**
**बागपत।** शुक्रवार को सिंघावली अहीर थाना क्षेत्र में पिलाना मोड मेरठ-बागपत नेशनल हाईवे पर नायरा पेट्रोल पंप के निकट दो बाइ. कों की जोदार भिड़ंत हो गई। टक्कर इतनी जोरदार थी दोनों बाइकों पर सवार युवको की मौके पर ही मौत हो गई। सूचना मिलते ही मौके पहुंची पुलिस ने दोनों के परिजनों को सूचना दी और शवों को अपने कब्जे में लेकर शवो को पोस्टमार्टम के लिए भेजा दिया।

सिंघावली अहीर थाना क्षेत्र में पिलाना मोड मेरठ बागपत नेशनल हाईवे पर नायरा पेट्रोल पंप के निकट दो बाइको में आमने सामने की जोरदार टक्कर हो गई। वहां पर मौजूद हुए लोगों ने बताया कि टक्कर होने के बाद दोनों बाइकों पर सवार असलम निवासी नयागांव और विपुल निवासी बड़ागांव कंकरखेड़ा मेरठ दूर जाकर गिरे और लहूलुहान हो गए जिससे दोनों की मौके पर मौत हो गई। पुलिस के अनुसार विपुल अपनी बाइक से स्कूल स्कूल जा रहा था, जबकि असलम मजदूरी के लिए निकला था। पिलाना मोड के निकट दोनो की बाइके आपस में टकरा गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि दोनो गंभीर रूप से घायल हो गए और मौके पर ही दम तोड़ दिया। हादसे सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और बाइ. कों के नम्बर और युवकों के पास मिले दस्तावेजों से उनकी पहचान की। इसके बाद पुलिस ने उनके परिजनों को घटना की जानकारी दी। घटना की सूचना मिले ही दोनो परिवारों में कोहराम मच गया। पुलिस ने शवो को अपने कब्जे में लेकर पंचनामा भरने के बाद शवो को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## पुलिस ने दो पटाखे तस्करों को पकड़ा, एक क्विंटल प्रतिबंधित पटाखे व टेंपो बरामद



**शाह टाइम्स संवाददाता**
**बागपत।** खेकड़ा कोतवाली पुलिस ने मसूरी गांव के पास से दो पटाखा तस्करों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों से एक क्विंटल प्रतिबंधित पटाखे और एक टेंपो बरामद किया है।

एसपी सूरज कुमार राय के निर्देशन में चल रहे विशेष चेकिंग अभियान के दौरान मुखबिर की सूचना पर यह कार्रवाई की गई। गिरफ्तार आरोपी गाजियाबाद के बंथला के रहने वाले विशाल और सुमित हैं। दोनों बागपत में अलग-अलग जगहों पर पटाखे बेचने की फ़िराक में थे। खेकड़ा कोतवाली प्रभारी प्रभाकर केन्तुरा ने बताया कि प्रतिबंधित पटाखों की बिक्री पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। पुलिस अधिकारियों ने चेतावनी दी है कि प्रतिबंधित पटाखे बेचते हुए पकड़े जाने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। फ़िलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## हेल्पलाइन नंबर और जागरूकता का दिया संदेश

**शाह टाइम्स संवाददाता**
**बडौत।** तहसील क्षेत्र के श्रीराम पब्लिक स्कूल दोघट मिशन शक्ति कार्यक्रम के अंतर्गत बालिकाओं को मिला आत्मरक्षा व जागरूकता का सशक्त संदेश। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में संचालित मिशन शक्ति कार्यक्रम के तहत श्रीराम पब्लिक स्कूल, दोघट में एक प्रभावशाली जागरूकता गोष्ठी आयोजित की गई। इस विशेष अवसर पर सब इंस्पेक्टर श्रीमती निकिता तथा सहायक इंस्पेक्टर श्रीमती शिवानी जादौन विद्यालय पहुँचीं और बालिकाओं को आत्मरक्षा, महिला सुरक्षा और जागरूकता से जुड़े अत्यंत महत्वपूर्ण विषयों की जानकारी दी। कार्यक्रम में सबसे पहले छात्राओं को महिला हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी दी गई। अधिकारियों ने बताया कि किसी भी प्रकार की समस्या, छेड़छाड़ या असुरक्षित स्थिति में छात्राएं बिना संकोच इन हेल्पलाइन नंबरों का प्रयोग कर सकती हैं। उन्होंने जोर देकर कहा कि सहायता माँगना कमजोरी नहीं, बल्कि साहस और आत्मनिर्भरता का प्रतीक है।

## माताओं ने केक काटकर धूमधाम से मनाया बेटियों के जन्मोत्सव

**शाह टाइम्स संवाददाता**
**बागपत।** यदि सभी परिवार, समाज और प्रशासन मिलकर बेटियों की शिक्षा और सुरक्षा का संकल्प लें, तो आने वाली पीढ़ियाँ और अधिक सशक्त होंगी।
इस अवसर पर केंद्र और राज्य सरकार की कई योजनाओं की जानकारी भी दी गई। माताओं को बताया गया कि कन्या सुमंगला योजना के अंतर्गत जन्म से स्नातक तक बेटियों को छह चरणों में 25,000 की आर्थिक सहायता दी जाती है। इसी प्रकार मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना से असहाय बालिकाओं को मासिक भत्ता, शिक्षा और विवाह में सहयोग दिया जा रहा है। साथ ही सुकन्या समृद्धि योजना, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना और बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ अभियान जैसी योजनाएँ भी बेटियों को सुरक्षित और सशक्त बनाने की दिशा में ठोस कदम हैं। इसके अतिरिक्त मिशन शक्ति अभियान के तहत महिला सुरक्षा से जुड़ी विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी दी गई। स्वास्थ्य विभाग के विशेषज्ञों ने माताओं को नवजात शिशु की देखभाल पर उपयोगी सुझाव दिए। विशेष रूप से इस बात पर जोर दिया गया कि जन्म के तुरंत बाद माँ का पहला दूध (कोलोस्ट्रम) शिशु के लिए प्राकृतिक टीका है। शिशु के अच्छे स्वास्थ्य के लिए पहले छह माह केवल माँ का दूध पिलाना सर्वोत्तम है। हाल ही में बागपत के बड़ौत बस डिपो से शुरू हुई आंचल पहल का उद्देश्य भी स्तनपान कराने वाली माताओं को सुरक्षित और सम्मानजनक वातावरण उपलब्ध कराती है। सार्वजनिक स्थानों पर ब्रेस्टफीडिंग बूथ स्थापित कर माताओं को सुविधा और बच्चों को बेहतर स्वास्थ्य सुनिश्चित किया जा रहा है। यह प्रयास मिशन शक्ति 5.0 के उस संकल्प का प्रतीक है, जिसमें महिलाओं को गरिमा, सुरक्षा और सशक्तिकरण प्रदान करने के साथ-साथ मातृत्व और शिशु स्वास्थ्य की रक्षा पर विशेष बल दिया गया है। कन्या जन्मोत्सव कार्यक्रम में माताओं ने मिलकर केक काटा और बेटियों के जन्म का उत्सव सामूहिक आनंद के साथ मनाया।

### एक नजर

## पं सुभाष शर्मा का किया स्वागत

**शाह टाइम्स संवाददाता**
**बडौत।** नगर के पंचमुखी शिव मंदिर के प्रागण में लव कुश रामलीला कमेटी द्वारा आयोजित विशाल रामलीला आयोजन पर मुख्य अतिथि चौधरी 84 ब्राह्मण समाज चौरासी देशखाप पं सुभाष शर्मा को प्रतीक चिन्ह एवं फुल मालाओं से स्वागत अभिनंदन किया गया। इसके अलावा चौधरी वेदप्रकाश शर्मा को सम्मानित किया गया। गणमान्य लोगों ने सभी अतिथियों का स्वागत किया। इस अवसर पर दिव्य,भव्य एवं मनमोहक कार्यक्रम के आयोजन के लिए पं देव कुमार शर्मा, केडी शर्मा, डा.मनोज बिश्नोई फ़ोनू पंडित एवं लवकुश रामलीला कमेटी, का समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

## प्रभु श्रीराम ने केवट से अपनी नाव में बैठाकर गंगा पार कराने का किया आग्रह

**शाह टाइम्स संवाददता**
**बडौत।** नगर में श्रीकृष्ण महाराज ठाकुरद्वारा प्रेम मण्डल रंगमंच पर केवट संवाद घर भरत मिलाप का दर्शय दरशाय गया। जब भगवान राम ने केवट से अपनी नाव में बैठाकर गंगा पार कराने का आग्रह किया, तो केवट ने मना कर दिया। हे प्रभु, मैंने सुना है कि आपके चरण रज (पैरों की धूल) में इतना जादू है कि एक पत्थर भी स्त्री बन गया। मेरी तो यह नाव लकड़ी की है। अगर आपके चरण पड़ने से यह भी स्त्री बन गई, तो मेरी रोजी-रोटी का क्या होगा? मैं और मेरा परिवार कैसे जिएंगे? केवट ने आगे कहा कि वह उन्हें तभी नदी पार कराएगा जब वह अपने हाथों से उनके चरण धो लेगा। उसने कहा कि यह उसका डर नहीं, बल्कि भक्ति है। वह भगवान के चरणों को धोकर अपने और अपने पूर्वजों के पापों को धोना चाहता था।

## वंश आत्महत्या के मामले में दोषियों पर हो कठोर कार्रवाईः प्रताप गुर्जर

**शाह टाइम्स संवाददाता**
**बागपत।** वंश पवार आत्महत्या मामले में भारतीय किसान यूनियन (भाकियू) ने दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। भाकियू कार्यकर्ता एसपी कार्यालय पहुंचे, जहां एसपी सूरज राय ने उन्हें निष्पक्ष और कठोर कार्रवाई का आश्वासन दिया।

बली निवासी नरेंद्र पवार के पुत्र वंश पवार 13 सितंबर को संदिग्ध परिस्थितियों में घर से लापता हो गए थे। दो दिन बाद, 15 सितंबर को उनका शव रेलवे ट्रैक के पास मिला था। जांच में सामने आया कि वंश ने (डिजिटल अरेस्ट) के कारण आत्महत्या की थी। उन्हें साइबर ठगों द्वारा आत्महत्या के लिए उकसाया गया था। इस मामले में पुलिस ने एक साइबर ठग को गिरफ्तार किया है और अन्य शामिल लोगों की तलाश जारी है।



भाकियू के जिलाध्यक्ष प्रताप गुर्जर के नेतृत्व में दर्जनों कार्यकर्ता एसपी कार्यालय पहुंचे। उन्होंने एसपी सूरज राय से मुलाकात कर मामले में शामिल सभी दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की। पुलिस अधीक्षक सूरज राय ने बताया कि वंश पवार आत्महत्या मामले में एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया जा चुका है। उन्होंने आश्वासन दिया कि पूरे मामले में वैधानिक कार्रवाई की जा रही है और जो भी नाम सामने आएंगे, उन पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। इस दौरान प्रताप सिंह गुर्जर, प्रदीप धामा, हिम्मत सिंह, आशू ठाकुर, इंद्रपाल, जितेंद्र कुमार, देवकांत शर्मा आदि मौजूद रहे।

## कब्जे को लेकर लोगों का धरना जारी



**शाह टाइम्स संवाददाता**
**टीकरी।** कस्बे में शमशान घाट की भूमि पर अवैध कब्जे को लेकर स्थानीय लोगों का धरना नौवें दिन भी जारी रहा। कस्बावासियों का आरोप है कि कुछ लोगों ने श्मशान घाट की भूमि पर कब्जा कर अवैध निर्माण कर लिया है। इस मामले में पहले भी कब्जा हटाने के आदेश जारी हो चुके हैं, लेकिन अभी तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है। अधिका. रियों ने अब दो दिन का समय दिया है। राजस्व विभाग की टीम ने मौके का सर्वे किया। लेखपाल और कानूनगो ने अपनी जांच रिपोर्ट तहसीलदार बड़ौत को सौंप दी है। धरने पर बैठे लोगों ने कहा कि जब तक अवैध कब्जा नहीं हटेगा, उनका विरोध प्रदर्शन जारी रहेगा। इस धरने में विनोद राठी, अमित कुमार, रमेश, इंद्रपाल, ओमवीर, सोमपाल, देशपाल, तेजपाल, सुभाष और मनोज, विकास और पुष्पेंद्र समेत कई लोग मौजूद रहे।

## मंदिर में पंडित पंकज दिवेद्वी ने पूजन और फिर किया दुर्गा सप्तशती का पाठ



**शाह टाइम्स संवाददाता**
**बागपत।** मां कूष्मांडा के शरीर की आखा सूर्य के समान है। दसों दिशाएं कूष्मांडा के प्रकाश से प्रकाशमान होती हैं। कूष्मांडा आठ खुजाएं है, सात खुजाओं में कमंडल, धनुष, बाण, कमल पुष्प, अमृत कलश, चक्र और गदा जबकि आठवीं खुजा में जपमाला है। माता कूष्मांडा साधक को सखाी सिद्धियों और निधियों को देने वाली है। इनका वाहन शक्ति और साहस का प्रतीक सिंह है। ज्योतिषाचार्य पंडित राजकुमार शास्त्री ने बताया कि माता कूष्मांडा का पूजन करने से साधक का मन निर्मल होता है और उसे खाक्ति मार्ग पर बढ़ने की प्रेरणा मिलती है। माता कूष्माण्डा अपने खाक्तों पर सहज की प्रसन्न हो जाती हैं। इनका पूजन करने से साधक को सांसारिक और आध्यात्मिक उन्नति का वरदान मिलता है। माता साधक को रोग, शोक से मुक्त कर आयु, यश, बल और बुद्धि प्रदान करती हैं। माता के इस स्वरूप का विधि-विधान से पूजन करने से ज्ञान, कौशल और बुद्धि की वृद्धि के साथ रुके हुए कार्य सिद्ध होते हैं। शुक्रवार को जानकीदास मंदिर में पंडित पंकज दिवेद्वी ने पूजन और फिर दुर्गा सप्तशती का पाठ किया। इसके उपरांत आरती और फिर प्रसाद वितरित किया गया। शनिवार को माता के पांचवें स्वरूप स्कंदमाता का पूजन किया जाएगा। स्कंदमाता की गोद में कार्तिकेय बाल स्वरूप में विराजमान है उन्हीं के नाम पर इनका नाम स्कंदमाता पड़ा। उधर नगर की पुरानी तहसील मोहल्ले में माता की चौकी में पंडित हर्ष कुमार शास्त्री ने विधि-विधान से माता का पूजन कराया। पूजन के बाद आरती और फिर प्रसाद वितरित किया गया। इस मौके पर सुमन, पूजा शर्मा, हरिओम, मनीष, रोहित, दिनेश, अक्षय रोहिला, सुधा, ईशु वालिया, प्रेमवती, प्रशांत, प्रदीप, श्रीओम, समेत अन्य श्रद्घालु मौजूद रहे।

## हर बेटी को अवसर और सम्मान देने का लिया प्रण

**शाह टाइम्स संवाददाता**
**बागपत।** जिला संयुक्त चिकित्सालय में बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ योजना और मिशन शक्ति 5.0 के अंतर्गत कन्या जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया। जिला. धिकारी अस्मिता लाल की अध्यक्षता में आयोजित इस कार्यक्रम में 20 नवजात कन्याओं की माताओं को पौधा, बेबी किट, स्लीपिंग बेड और सम्मान पत्र भेंट कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर नवजात कन्याओं की माताओं ने केक काटा। इस अवसर पर सम्मानित की गई माताओं में आयशा, काजल, नीतू, नसरीन, गुलिस्फा, मुस्कान, प्रीति, रूबी, मनीषा, निधि, रिहाना, मोनी, शैन, काजल, नयन, ऋतु, फिरोजा, हुमा आदि शामिल रही जिसमें गुलिरूा को जुड़वां बेटियां हुई।



कार्यक्रम में जिलाधिकारी ने कहा कि बेटियाँ हमारे समाज और राष्ट्र की अ त्मा हैं। यह हमारी जिम्मेदारी है कि हर बेटी को शिक्षा, सुरक्षा और सम्मान मिले। मिशन शक्ति 5.0 का यही संकल्प है कि कोई भी बेटी अवसर से वंचित न रहे। आज हमें यह वादा करना होगा कि हम बेटियों की शिक्षा और भविष्य को सर्वोच्च प्राथमिकता देंगे। उन्होंने यह भी कहा कि समृद्ध समाज की पहचान उसकी बेटियों की मुस्कान से होती है। इस दौरान अपर जिलाधिकारी पंकज वर्मा, जिला प्रोबेशन अधिकारी, डिप्टी सीएमओ डा. यशवीर सिंह आदि मौजूद रहे।

## छात्राओं को स्वस्थ और ज़िम्मेदार नागरिक बनाना हमारी प्राथमिकता

**शाह टाइम्स संवाददाता**
**छपरौली।** शुक्रवार को श्रीशांति सागर दिगम्बर जैन कन्या इंटर कॉलेज में व्यक्तिगत स्वच्छता जागरूकता अभियान के अंतर्गत चांदनी जैन द्वारा स्कूल परिसर में छात्राओं के लिए व्यक्तिगत स्वच्छता एवं स्वास्थ्य जागरूकता अभियान का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। चांदनी जैन ने छात्राओं को संबोधित करते हुए बताया कि स्वच्छता कार्यक्रम का उद्देश्य स्वच्छ और स्वस्थ जीवनशैली के महत्व के प्रति शिक्षित और संवेदनशील बनाना है। अभियान के दौरान, चांदनी जैन द्वारा छात्राओं को व्यक्तिगत स्वच्छता के बुनियादी पहलुओं के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने विशेष रूप से हाथ धोने की सही तकनीक,



मासिक धर्म स्वच्छता प्रबंधन और दांतों व नाखूनों की देखभाल के महत्व पर ज़ोर दिया। कार्यक्रम में एक इंटरैक्टिव सत्र भी आयोजित किया गया, जहाँ छात्राओं ने खुले तौर पर अपने प्रश्न पूछे और विशेषज्ञों से मार्गदर्शन प्राप्त किया। छात्राओं को यह भी बताया गया कि किस प्रकार व्यक्तिगत स्वच्छता का सीधा संबंध बीमारियों की रोकथाम, बेहतर एकाग्रता और आत्म-सम्मान में वृद्धि से है। हमारा मानना है कि शिक्षा केवल अकाद. मिक नहीं होती। छात्राओं को स्वस्थ और ज़िम्मेदार नागरिक बनाना हमारी प्राथमिकता है।

## बेटियों को शिक्षित करें, अच्छे संस्कार दें और उन्हें कामयाब बनाएंःडीएम

**शाह टाइम्स संवाददाता**
**बागपत।** जिलाधिकारी ने बताया कि वन स्टॉप सेंटर की स्थापना एक ही छत के नीचे हिंसा पीड़ित महिलाओं को परामर्श, पुलिस सहायता, कानूनी मदद, चिकित्सा सुविधा और अन्य सेवाएँ उपलब्ध कराने के लिए की गई है। यहाँ बैंकिंग सुविधा हेतु बैंकिंग पटल और आधार सेवा केंद्र भी स्थापित किया गया है। साथ ही महिला हेल्पलाइन भी संचालित है, जहाँ कोई भी महिला टोल-फ्री नंबर पर कॉल कर सहायता ले सकती है। आज 08 महिलाओं ने जिलाधिक. ारी से संवाद किया। उनकी समस्याओं के समाधान हेतु जिला. धिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए और कहा कि सभी मद्द सरकार की योजनाओं के अंतर्गत दी जाएगी। उन्होंने महिलाओं को अपने हुनर से आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रेरित किया और कहा कि सरकार आपके साथ है, योजनाओं से जुड़ें और आत्मनिर्भर बनें। उन्होंने कहा बेटियों को शिक्षित करें, अच्छे संस्कार दें और उन्हें कामयाब बनाएं। जिलाधिकारी ने विभिन्न सेवाओं जैसे 1090 (वूमेन पावर लाइन), 181 (महिला हेल्पलाइन), 108 (एम्बुलेंस सेवा), 1076 (मुख्यमंत्री हेल्पलाइन), 112 (पुलिस आपातकालीन सेवा), 1098 (चाइल्ड लाइन), 102 (स्वास्थ्य सेवा) आदि के बारे में जानकारी दी और कहा कि ये सेवाएँ महिलाओं के कल्याण हेतु संचालित हैं।

## मिशन शक्ति के तहत डीएम ने किया वन स्टॉप सेंटर का निरीक्षण

**शाह टाइम्स संवाददाता**
**बागपत।** शुक्रवार को मिशन शक्ति अभियान 5.0 के तहत जिलाधिक. ारी अस्मिता लाल ने जिला संयुक्त चिकित्सालय परिसर में बने वन स्टॉप सेंटर का निरीक्षण किया। उन्होंने वहाँ की कार्यालय व्यवस्था देखी, उपलब्ध सुविधाओं का अवलोकन किया और साफ-सफाई के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने वन स्टॉप सेंटर में मौजूद 08 महिलाओं से संवाद किया और उन्हें सरकार की योजनाओं के प्रति भी जागरूक किया। उन्होंने कहा कि महिलाओं के हित व उनके संरक्षण के लिए सरकार संकल्पित है।

इस दौरान उन्होंने यौन हिंसा, लैंगिक असमानता, घरेलू हिंसा, कन्या भ्रूण हत्या, कार्यस्थल पर लैंगिक उत्पीड़न तथा दहेज हिंसा आदि की पीड़ित महिलाओं और



बालिकाओं से पारस्परिक संवाद किया। जिलाधिकारी ने उनकी समस्याएँ सुनीं और संबंधित मामलों को निस्तारित करने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि घर-परिवार में प्रेम भाव से रहा जाए और छोटी-मोटी आर्थिक समस्याओं के समाधान हेतु सरकार द्वारा संचालित योजनाओं का लाभ लिया जाए। जिलाधिकारी ने कहा कि मिशन शक्ति अभियान का उद्देश्य महिलाओं को समाज की मुख्यधारा से जोड़ना और उनमें आत्मविश्वास बढ़ाना है। प्रदेश सरकार ने मिशन शक्ति अभियान 5.0 इसी लक्ष्य से प्रारंभ किया है, ताकि बेटियाँ और महिलाएँ आत्मनिर्भर, सशक्त और शक्तिशाली बन सकें। उन्होंने कहा कि एक शिक्षित बेटी दो कुलों को रोशन करती है, इसलिए बेटियों को अच्छे संस्कार और शिक्षा अवश्य दें, ताकि राष्ट्र निर्माण में उनकी भूमिका मजबूत हो सके।उन्होंने नारी शिक्षा, नारी सुरक्षा और नारी स्वावलंबन को प्राथमिकता बताते हुए कहा कि समाज में नकारात्मक परंपराओं व कुरीतियों को समाप्त करना आवश्यक है। जिस महिला को जो समस्या है, उसे अपनी आवाज उठानी होगी, दबानी नहीं होगी। इस अवसर पर अपर जिला. धिकारी वित्त/राजस्व पंकज वर्मा, जिला प्रोबेशन अधिकारी अमरचंद वर्मा, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक अनुराग वार्ष्णेय, केंद्र प्रशासक नैना शर्मा सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

## जेएसवी स्कूल में मिशन शक्ति टीम का किया सम्मान

**शाह टाइम्स संवाददाता**
**बड़ौत।** जे.एस.वी. स्कूल में आयोजित एक विशेष कार्यक्रम में थाना बड़ौत पर गठित मिशन शक्ति टीम को उनके सराहनीय कार्यों के लिए सम्मानित किया गया। इस अवसर पर स्कूल प्रिंसिपल तथा महिला कल्याण विभाग की ओर से टीम के सदस्यों को प्रशस्ति पत्र एवं स्मृति चिह्न भेंट किए गए। सम्मानित होने वालों में एसआई रीतू काजल, हेड कांस्टेबल मधु वर्मा, कांस्टेबल रितु यादव एवं कांस्टेबल शैली मोरल शामिल रहीं। टीम के निरंतर जागरूकता अभियान, महिला सुरक्षा एवं जनहित में किए जा रहे कार्यों की जमकर सराहना हुई। कार्यक्रम में मौजूद वक्ताओं ने कहा कि मिशन शक्ति जैसी पहल समाज में महिलाओं को सुरक्षा, विश्वास और सशक्तिकरण की नई दिशा प्रदान कर रही है। टीम के इस प्रयास से न केवल बेटियों का मनोबल बढ़ रहा है बल्कि समाज में महिला सम्मान का संदेश भी प्रसारित हो रहा है।

**सूचना**
मेरे पुत्र का आचरण ठीक नहीं है गलत आचरण के चलते मै अपने पुत्र उमर मलिक से सम्बंध विच्छेद करते हुए अपनी समस्त चल-अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं भविष्य में अपने किसी भी कृत्य के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होंगा।
इस्लामूदीन पुत्र मजीद निवासी मौ. इन्द्रपुरी कस्बा व थाना खेकड़ा जनपद बागपत।

# हापुड़ में कड़ी सुरक्षा के बीच हुई जुमे की नमाज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** हापुड़ में सुरक्षा व्यवस्था के बीच शांतिपूर्ण तरीके से जुम्मे की नमाज अदा की गई। जुमे की नमाज को लेकर पुलिस प्रशासन ने सुरक्षा के विशेष इंतजाम किए थे। शहर के संवेदनशील इलाकों में पुलिस की अतिरिक्त तैनाती की गई। शाही जामा मस्जिद पर भारी संख्या में पुलिस बल तैनात रहा। अन्य मस्जिदों के आसपास भी पुलिस बल लगाया गया। पुलिस ने शहर में शांति और कानून व्यवस्था को प्राथमिकता दी। इस दौरान ड्रोन कैमरे से भी सवेदनशील इलाकों की निगरानी की गई। एसपी ने खुद सड़कों पर उतरकर सुरक्षा व्यवस्था का जायज़ा लिया।

खुफिया एजेंसियों ने आई लव मोहम्मद से जुड़े पोस्ट पर सतर्कता बरतने को कहा गया था। इसी के मद्देनज़र सोशल मीडिया पर भी कड़ी निगरानी रखी गई। भ्रामक खबरों और उकसाने वाली पोस्ट पर तुरंत कार्रवाई का आदेश था। एसपी कुंवर ज्ञानंजय सिंह ने बताया कि हर शुक्रवार को ही सुरक्षा की द्रष्टि से पुलिस अलर्ट रहती है। संवे. दनशील इलाको में अधिकारी भी जाकर मौके पर व्यवस्थाओं का निरिक्षण करते हैं। शहर में शांतिपूर्वक नमाज संपन्न कराने के भारी पुलिस बल तैनात रहा। पुलिसकर्मियों द्वारा हर जगह बारिकी से नजर रखी गई। उन्होंने बताया कि शहर के प्रमुख बाजारों और भीड़भाड़ वाले इलाकों में पुलिस बल द्वारा लगातार गश्त किया गया। उन्होंने बताया कि लोगों से शांति व्यवस्था बनाए रखने की अपील की गई थी। प्रशासन ने कहा है कि आम नागरिकों को कोई परेशानी नहीं होगी। अधिकारियों ने लोगों से अफवाहों पर ध्यान न देने की अपील की। उन्होंने लोगों से शांति बनाए रखने में सहयोग मांगा। इस दौरान एसपी कुंवर ज्ञानंजय सिंह, एएसपी विनीत भटनागर, सदर एसडीएम इला प्रकाश, सदर सीओ वरुण मिश्रा, थाना प्रभारी निरीक्षक देवेंद्र बिष्ट समेत कई पुलिस अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे।



# सेवा पखवाड़ा के तहत जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** जिले में शुक्रवार को सेवा पखवाड़ा के तहत एक महत्वपूर्ण जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम मिशन शक्ति 5.0 का हिस्सा था, जिसकी थीम थी कार्यस्थल पर महिलाओं का यौन उत्पीड़न रोकथाम, निषेध और निवारण अधिनियम, 2013 था। कार्यक्रम का मुख्य विषय कार्यस्थल पर महिलाओं का यौन उत्पीड़न था। वन स्टॉप सेंटर की मैनेजर सोनिया ने इस अधिनियम के बारे में विस्तार से जानकारी दी। इस दौरान पोश एक्ट के अलावा, कार्यक्रम में कई अन्य महत्वपूर्ण मुद्दों पर भी जागरूकता फैलाई गई जैसे बाल अपराध, घरेलू हिंसा, दहेज उत्पीड़न, मानव तस्करी और नशामुक्ति थे। इस दौरान विभिन्न आपातकालीन सेवाओं और हेल्पलाइन नंबरों 1090 महिला हेल्पलाइन, 181 महिला हेल्पलाइन, 1098 चाइल्ड हेल्पलाइन संकटग्रस्त बच्चों के लिए 24x7 आपातकालीन सेवा के बारे में भी बताया गया। इस कार्यक्रम में शिव प्राथमिक पाठशाला की प्रधानाचार्य डा. सुमन अग्रवाल, वन स्टॉप सेंटर की मैनेजर सोनिया, भारतीय खाद्य निगम मंडल कार्यालय की संचालिका, और समस्त स्टाफ उपस्थित रहे। यह कार्यक्रम महिला सशक्तिकरण और सुरक्षा को बढ़ावा देने के लिए एक सराहनीय पहल थी, जिसमें महिलाओं और बच्चों से संबंधित विभिन्न कानूनी अधिकारों और सहायता सेवाओं के बारे में जानक. ारी दी गई।



# शिक्षिकाओं ने एनसीईआरटी की कार्यशाला में किया प्रतिनिधित्व

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** हिंदी पखवाड़ा के अंतर्गत केंद्रीय शैक्षिक प्रौद्योगिकी संस्थान एनसीईआरटी द्वारा दिल्ली में आयोजित दो दिवसीय कार्यशाला में हापुड़ जनपद की दो शिक्षिकाओं ने सफलतापूर्वक प्रतिनिधित्व करते हुए जिले का नाम रोशन किया। यह दो दिवसीय कार्यशाला डिजिटल शिक्षा में हिंदी भाषा एवं साहित्य विषय पर आयोजित की गई थी। इस दौरान सीआईईटी के संयुक्त निदेशक अमरेंद्र बेहरा ने कहा कि हिंदी हमारी राष्ट्रभाषा है और हमें इस बात पर गर्व होना चाहिए कि इसने भारत के साथ-साथ अन्य देशों में भी अपनी पहचान बनाई है। कार्यशाला में उत्तर प्रदेश सहित विभिन्न राज्यों के अध्यापक-अध्यापिकाओं ने भाग लिया।

हापुड़ जनपद से शाज़िया गुल उस्मानी और भावना शर्मा ने कार्यशाला में अपनी हिंदी कविताओं से वहाँ मौजूद एनसीईआरटी के अधिकारियों को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से डा. रवींद्र कुमार, प्रभारी राजभाषा हिंदी प्रकोष्ठ और नीलकंठ, प्रभारी हिंदी प्रकोष्ठ उपस्थित रहे। कार्यक्रम का अध्यक्षीय उद्बोधन प्रो. फारुख़ अंसारी, भाषा शिक्षा विभाग, एनसीईआरटी द्वारा किया गया। एनसीईआरटी की इस हिंदी कार्यशाला में हापुड़ का प्रतिनिधित्व करने पर जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी रितू तोमर ने दोनों अध्यापिकाओं को बधाई दी है। जिस पर ज़िले के अन्य शिक्षकों ने भी खुशी व्यक्त की है।



# पूर्व प्रधानमंत्री डा. मनमोहन सिंह को कांग्रेसियों ने दी श्रद्धांजलि

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** जिला कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारियों ने शुक्रवार को पूर्व प्रधानमंत्री डा. मनमोहन सिंह की 94वीं जयंती मनाई। यह कार्यक्रम दिल्ली रोड स्थित जिला कांग्रेस कमेटी कार्यालय पर आयोजित किया गया। इस दौरान कांग्रेस जनों ने डा. मनमोहन सिंह के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें श्रद्धासुमन दिए। जिलाध्यक्ष राकेश त्यागी ने डा. मनमोहन सिंह को याद करते हुए कहा कि वे देश के 13वें प्रधानमंत्री होने के साथ-साथ एक अर्थशास्त्री भी थे। उन्होंने यह भी बताया कि डा. सिंह जवाहरलाल नेहरू के बाद भारत के ऐसे पहले प्रधानमंत्री बने जिन्होंने पाँच वर्षों का कार्यकाल सफलतापूर्वक पूरा करने के बाद लगातार दूसरी बार प्रधानमंत्री बनने का अवसर प्राप्त किया। उन्होंने 21 जून 1991 से 16 मई 1996 तक पीवी नरसिम्हा राव के प्रधानमंत्रित्व काल में वित्त मंत्री के रूप में किए गए आर्थिक सुधारों के लिए भी उन्हें श्रेय दिया। जिला कांग्रेस अनुशासन समिति के चेयरमैन पंडित अरविंद शर्मा ने डा. मनमोहन सिंह के योगदान पर प्रकाश डालते हुए कहा कि उन्होंने आर्थिक उदारीकरण को उपचार के रूप में प्रस्तुत किया और भारतीय अर्थव्यवस्था को विश्व बाज़ार के साथ जोड़ दिया। उन्होंने आयात और निर्यात को भी सरल बनाया। इस अवसर पर विजय गोयल, रामप्रसाद, अमरनाथ प्रधान, अबुजर चौधरी, इकबाल, आदेश, सुखपाल, प्रेमचंद, शौकीन, भरतलाल शर्मा, प्रवीण शर्मा, कपिल शर्मा, गोपाल भारती आदि शामिल थे।



# कनिका चौहान बनी एक दिन की थाना प्रभारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा नारी सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलंबन हेतु चलाए जा रहे मिशन शक्ति 5.0 के तहत गढ़मुक्तेश्वर कोतवाली में एक अनूठी पहल की गई। एसपी कुंवर ज्ञानंजय सिंह के निर्देशन में डीएम पब्लिक स्कूल से 11जी कक्षा की छात्रा कनिका चौहान को एक दिन का गढमुक्तेश्वर थाना प्रभारी बनाया गया। कनिका चौहान ने एक दिन का प्रभारी निरीक्षक का पद संभाला। इस दौरान कनिका चौहान ने अपने कार्यकाल में कई महत्वपूर्ण कार्य किए। उन्होंने थाने में जनसुनवाई की और लोगों की समस्याएं सुनीं। साथ ही थाने के कार्यालय और हवालात का निरीक्षण भी किया। थाने के अधिकारियों और कर्मचारियों के साथ गोष्ठी में उन्होंने विचार-विमर्श किया। इस दौरान गढमुक्तेश्वर सीओ स्तुति सिंह ने थाना परिसर में मौजूद सभी छात्राओं को थाने की कार्यशैली व पुलिस कार्यप्रणाली और उनके अधिकारों, वीमेन पावर लाइन-1090, यूपी-112, विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों, साइबर अपराधों व कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देकर जागरूक किया गया। उन्होंने बताया कि मिशन शक्ति 5.0 का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में महिलाओं को सशक्त बनाना है। यह कार्यक्रम महिलाओं में सुरक्षा की भावना और आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देने के लिए चलाया जा रहा है।



# परिवार से बिछड़ी बुजुर्ग महिला को पुलिस ने परिजनों से मिलवाया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** उत्तर प्रदेश शासन के द्वारा चलाए जा रहे नारी सुरक्षा अभियान मिशन शक्ति फेज 5.0 के अन्तर्गत थाना हापुड़ नगर पुलिस ने त्वरित कार्यवाही करते हुए असहाय अवस्था में घूम रही एक बुजुर्ग महिला को उसके परिजनों को सकुशल सुपुर्द किया है। बुजुर्ग महिला को पाकर उसके परिजनों ने पुलिस का आभार व्यक्त किया। निरीक्षक अवधेश सिंह माहौर ने बताया कि गुरुवार की देर रात एक बुजुर्ग महिला बबीता पत्नी प्रीतम निवासी मौहल्ला यादनगर थाना बाबूगढ़ जनपद हापुड़ उम्र करीब 62 वर्ष तहसील चौराहे पर असहाय/भटकती अवस्था में घूमती मिली। जो अपने परिवार वालों का नम्बर व अपना पता बताने में असमर्थ थी। मिशन शक्ति केन्द्र थाना हापुड़ नगर की टीम से निरीक्षक अवधेश सिंह माहौर, महिला उप निरीक्षक रश्मी यादव, महिला हेड कांस्टेबल संजीता मलिक, महिला हेड कांस्टेबल मोनिका राठी, महिला कांस्टेबल प्रियंका, महिला होम गार्ड सविता के अथक प्रयासों से बुजुर्ग महिला के परिजनों का पता लगाया गया और उनसे संपर्क कर उन्हें थाने बुलाया। इसके बाद टीम ने बुजुर्ग महिला को उसके परिजनों को सकुशल सुपुर्द किया। बुजुर्ग महिला के परिजनों ने पुलिस का आभार व्यक्त किया। निरीक्षक अवधेश सिंह माहौर ने बताया कि एसपी के निर्देशन में हापुड पुलिस द्वारा जनपद में चलाए जा रहे नारी सुरक्षा अभियान मिशन शक्ति फेज 5.0 के अन्तर्गत थाना हापुड़ नगर पुलिस द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए बुजुर्ग महिला को परिवारजनों का पता लगाकर उनके सकुशल सुपुर्द किया गया। परिजनों द्वारा पुलिस का आभार प्रकट करते हुए भूरि-भूरि प्रशंसा की गयी।



## एक नजर

# धान के खेत से निकला 12 फुट लंबा अजगर, वन विभाग ने किया रेस्क्यू

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** थाना धौलाना क्षेत्र के नगला उदयरामपुर गांव में उस समय हड़कंप मच गया जब धान की कटाई के दौरान एक खेत से करीब 12 फुट लंबा अजगर निकल आया। विशालकाय अजगर को अचानक खेत में देखकर किसान घबरा गए और इधर-उधर भागने लगे। किसान रोबिन कुमार ने तुरंत ग्राम प्रधान के पुत्र प्रिंस को इस बात की जानकारी दी। प्रिंस तुरंत मौके पर पहुँचे और यूपी-112 पुलिस को घटना की सूचना दी। पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए वन विभाग से संपर्क साधा। रेंजर जोगपाल के नेतृत्व में वन विभाग की टीम मौके पर पहुँची और कड़ी मशक्कत के बाद विशालकाय अजगर को सुरक्षित पकड़ लिया। किसान रोबिन कुमार ने बताया कि अजगर दिखाई देने के बाद उन्होंने ग्राम प्रधान को सूचना दी, जिन्होंने पुलिस और वन विभाग को बुलाकर अजगर को सावधानी से पकड़वाया। वन विभाग के रेंजर जोगपाल ने बताया कि गांव के पास नहर और झाड़ीदार क्षेत्र होने के कारण अजगर अक्सर वहाँ तक पहुँच जाते हैं, लेकिन अब तक किसी को नुकसान पहुँचाने की कोई घटना सामने नहीं आई है। अजगर के सफलतापूर्वक पकड़ में आने के बाद गाँव वालों ने राहत की साँस ली और वन विभाग की टीम के काम की सराहना की। रेस्क्यू के दौरान मौके पर बड़ी संख्या में ग्रामीण इकट्ठा हो गए और कई लोगों ने अपने मोबाइल फोन से वीडियो भी बनाई।

# दलित महिला से यौन उत्पीड़न के दो आरोपी गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** थाना हाफिजपुर पुलिस ने दलित महिला के साथ अश्लील हरकत, मारपीट और जाति सूचक शब्दों का इस्तेमाल करने वाले दो आरोपीयों को गिरफ्तार कर लिया है। थाना प्रभारी मनीष चौहान ने बताया कि 24 सितम्बर को एक दलित महिला द्वारा थाने पर शिकायती पत्र देते हुए बताया गया था कि आरोपी जीतू और बिटू ने महिला के पति को प्रतिदिन शराब पिलाते थे जब महिला ने इस बात का विरोध किया तो आरोपियों ने महिला के साथ अश्लील हरकत की। आरोप है कि आरो. पियों ने महिला के साथ मारपीट भी की और जाति सूचक शब्दों का इस्तेमाल किया। थाना प्रभारी ने बताया कि महिला की तहरीर के आधार पर संबंधित मामले में मुकदमा दर्ज कर पुलिस आरोपियों की तलाश में जुट गई थी। शुक्रवार को पुलिस ने मामले में फरार चल रहे आरोपी जीतू पुत्र लखवीर सिंह और संजय उर्फ बिट्टू पुत्र ओमवीर सिंह निवासी ग्राम नवादा थाना हाफिजपुर जनपद हापुड़ को गिरफ्तार कर लिया है। आरो. पियों को गिरफ्तार कर पुलिस द्वारा आगे की कार्रवाई की जा रही है।

# महिला की हत्या में फरार आरोपी गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** थाना सिंभावली पुलिस ने महिला की हत्या में फरार चल रहे एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से घटना में प्रयुक्त ई-रिक्शा बरामद कर ली है। थाना प्रभारी निरीक्षक महेंद्र सिंह ने बताया कि थाना सिंभावली क्षेत्र के गाँव वैठ निवासी मोहम्मद आज़ाद ने 15 सितम्बर की रात घरेलू कलह के चलते अपनी पत्नी गुलशन को दूध में नींद की गोलियां मिलाकर दी। जब वह बेहोश हो गई तो उसके पति ने दुपट्टे से उसका गला दबाकर हत्या कर डाली और उसके शव को ठिकाने लगाने के उद्देश्य से प्लास्टिक के बोरे में बंद कर अपने एक साथी फरियाद के साथ मिलकर ई-रिक्शा की मदद से गांव के जंगल में स्थित एक कुएं में फेंक दिया था और पुलिस को गुम. राह करने के उद्देश्य से 17 सितम्बर को अपनी ही पत्नी की गुमशुदगी दर्ज कराई थी। घटना का खुलासा करते हुए पुलिस ने हत्यारोपी पति को गिरफ्तार कर लिया था जबकि उसका साथी फरियाद फरार चल रहा था। शुक्रवार को पुलिस ने महिला की हत्या में फरार चल रहे आरोपी फरियाद पुत्र तौहीद निवासी गांव वैठ थाना सिम्भावली जनपद हापुड़ को निर्माणाधीन गंगा एक्सप्रेस-वे अण्डरपास के नीचे से गिरफ्तार कर उसके कब्जे से घटना में प्रयुक्त ई-रिक्शा बरामद कर ली है। आरोपी को गिरफ्तार कर पुलिस द्वारा आगे की कार्रवाई की जा रही है।

# भरत-मिलन की लीला का भव्य मंचन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिलखुवा।** शुक्रवार को श्रीरामलीला कमेटी द्वारा आयोजित शोभायात्रा में भरत और श्रीराम के मिलन के प्रसंग का भावपूर्ण मंचन किया गया। यह शोभायात्रा लाला शंभू मल अधोड़ी वालों की धर्मशाला से प्रारंभ होकर रामलीला मैदान पर जाकर समाप्त हुई।

मंच पर वृंदावन से आए बृज किशोर शर्मा और उनके साथी कलाकारों ने इस लीला का सुंदर प्रस्तुतिकरण किया। मंचन के द्वारा भाईचारे, धर्म और संयम के महत्व को संवादों के माध्यम से उकेरा गया। मेला अधिकारी अखिलेश मित्तल ने बताया कि शनिवार को अनुसूया प्रसंग, अगस्त्य ऋषि पर श्रीराम की कृपा और पंचवटी निवास लीला का मंचन होगा। इस कार्यक्रम में कमेटी के अध्यक्ष राजेश मित्तल सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# खेतों में किसानों की फसल उजाड़ रहे है बंदर, किसान परेशान

**रोबिन शर्मा**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़मुक्तेश्वर।** नगर के साथ-साथ कोतवाली क्षेत्र के कई गांव में बंदरों की संख्या हजारों की तादात में है, इन बंदरों के आतंक से किसान भी परेशान हैं। बंदर किसानों की फसल को उजाड़ रहे है, बर्बाद कर रहे हैं। ऐसे में किसानों के लिए इनकी रखवाली करनी पड़ती है। ये बंदर एक साथ हजारों-हजारों का झुंड बनाकर रहते हैं और किसानों पर जानलेवा हमला तक कर देते हैं, सबसे ज्यादा बंदर गन्ना और सब्जियों की फसलों के लिए नुकसान पहुंचते हैं। किसानों ने संबंधित अधिकारियों से बंदरों को पकड़कर दूर कहीं ले जाकर छुड़वाने की मांग की है। गढ़ के गांव झड़ीना के निवासी मोहित त्यागी, यूनिक त्यागी,राजवीर शर्मा, नकुल त्यागी, रोहित त्यागी उर्फ कल्ली, मोहित त्यागी, श्याम सुंदर त्यागी उर्फ बबलू, मिथुन त्यागी उर्फ चीकू का आरोप है की जिम्मेदार अधिक. ारी जनता की इस समस्या पर ध्यान नहीं दे रहे हैं कई बार लोगों ने प्रशासन से बंदर पकड़वाय जाने की मांग की है यहां तक की कई बार एसडीएम को लिखित में शिकायत पत्र दिए हैं। शहर के अलावा क्षेत्र का कोई ही ऐसा गांव बचा होगा, जहां पर बंदर न हो। बंदर जहां आए दिन हमलावर हो रहे हैं, वहीं इनके द्वारा फसलों को भी नुकसान पहुंचाया जा रहा है। कस्बों में भी बंदर आए दिन घरों से कीमती सामान उठाकर ले जाते हैं और नुकसान पहुंचाते हैं। बंदरों के आतंक से हर कोई परेशान हैं, ज्यादातर किसान परेशान होकर इन बंदरों से निजात दिलाने के लिए वन विभाग से पकड़वाने की मांग कर रहे हैं, कई बार लोगों ने एसडीएम को शिकायत पत्र देकर इस समस्या से छुटकारा दिलाने की मांग की है, लेकिन जिम्मेदारों ने इस पर अभी तक कोई ध्यान नहीं दिया है। इस संबंध में गढ़ एसडीएम श्रीराम यादव का कहना है कि किसानों की इस समस्या को देखते हुए बंदर पकड़वाये जाने के लिए वन विभाग से पत्राचार किया जाएगा, जल्द ही क्षेत्र से बंदरों को पकड़वाकर किसानों की समस्या का निराकरण कराया जाएगा।



# किसान की मौत का खुलासा न होने पर भाकियू ने किया थाने का घेराव

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़मुक्तेश्वर।** सिंभावली के खेत में मृत मिले गांव हाईकोर्ट हिम्मतपुर के किसान की मौत के कारण न होने के विरोध में भाकियू कार्यकर्ताओं ने सिंभावली थाने का घेराव कर जमकर हंगामा किया। पुलिस द्वारा आश्वासन देने पर घेराव समाप्त करते हुए खुलासा न होने की दशा में रास्ता जाम करने की चेतावनी दी गई।

भाकियू अराजनैतिक के दर्जनों कार्यकर्ता शुक्रवार को नारेबाजी करते हुए सिंभावली में पहुंचे। जिन्होंने जिलाध्यक्ष पवन हूण गुर्जर के नेतृत्व में थाने का घेराव करते हुए धरना प्रारंभ कर दिया। नेताजी जगत सिंह ने धरना स्थल पर मौजूद कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि गांव हाईकोर्ट हिम्मतपुर के किसान बलवीर सिंह 12 सितंबर की सुबह को अपने घर से फसल में खाद डालने को गए थे, जिनके वापस न लौटने पर परिजनों ने जंगल में जाकर तलाश की तो वे अपने खेत में मृत पड़े हुए थे। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव पोस्टमार्टम को भेज दिया था, जिसकी रिपोर्ट में मौत का कारण बिजली का करंट लगने की बात कहते हुए पुलिस ने किसी भी कार्रवाई से पल्ला झाड़ लिया है। जितेंद्र नागर ने कहा कि जिस स्थान पर किसान का शव पड़ा हुआ था, वहां आसपास में पांच सौ मीटर तक बिजली का कोई भी खंबा अथवा लाइन नहीं है। इसलिए पोस्टमार्टम रिपोर्ट में दिया गया सारा हवाला पूरी तरह मनगढ़ंत है। जिलाध्यक्ष पवन हूण गुर्जर ने कहा कि किसान की मौत संदिग्ध दशा में हुई है, इसलिए पुलिस का कर्तव्य बनता है कि सही कारण का खुला. सा करते हुए जल्द से जल्द उचित कार्रवाई की जाए। इंस्पेक्टर महेंद्र सिंह द्वारा एक सप्ताह के भीतर किसान की मौत का सही कारण स्पष्ट करने का भरोसा दिए जाने पर भाकियू कार्यकर्ताओं ने थाने में चल रहा धरना सशर्त ढंग में समाप्त कर दिया। जिलाध्यक्ष पवन हूण गुर्जर ने बताया कि इंस्पेक्टर ने चार अक्टूबर तक का आश्वासन दिया है, परंतु अगर इस अवधि में पुलिस द्वारा दिवंगत किसान की मौत का सही कारण स्पष्ट करते हुए दोषियों पर कार्रवाई नहीं की तो पांच अक्टूबर को सिंभावली रोड जाम कर बेमियादी धरना प्रदर्शन प्रारंभ किया जाएगा। इस दौरान वीरेंद्र सिंह, देवेंद्र मास्टर, धर्मेंद्र, रामकुमार आर्य, पवन फौजी, राजीव हूण, भूले सिंह, बचन सिंह समेत दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# भारत में आरक्षण जाति धर्म पर नहीं आर्थिक आधार पर लागू होः पं. रविकांत शर्मा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** विश्व ब्राह्मण संघ (भारत) के चेयरमैन पं.रविकांत शर्मा ने भारत में जाति धर्म पूछकर आरक्षण नीति पर नाराजगी जताते हुए कहा कि अखण्ड भारत और विकसित भारत निर्माण के लिए भारत में आरक्षण आर्थिक आधार पर लागू किया जाए। जातिगत आधार पर आरक्षण का लाभ लेने वाला कोई भी व्यक्ति अपने कर्तव्यों का निर्वहन नहीं कर सकता है।

आपको बता दें कि विश्व ब्राह्मण संघ भारत के संस्थापक ब्राह्मण शिरोमणि स्व पं. मांगेराम शर्मा सदेव भारत में आरक्षण जाति धर्म पर नहीं ब्लकि आर्थिक आधार पर आरक्षण लागू होने के पक्षधर थे।

ब्राह्मण शिरोमणि स्व पं. मांगेराम शर्मा ने भारत में आरक्षण आर्थिक आधार पर लागू हो इसको लेकर यूपी बिहार राजस्थान हरियाणा और दिल्ली सहित भारत के विभिन्न राज्यों में जाकर ब्राह्मण सम्मेलनों में उद्घोष कर नारा दिया था कि जो ब्राह्मणों का सम्मान करेगा वही भारत पर राज करेगा। राष्ट्रीय प्रवक्ता पं. सोमदत्त शर्मा ने कहा कि विश्व ब्राह्मण संघ भारत के संस्थापक ब्राह्मण शिरोमणि स्व पं. मांगेराम शर्मा ने केन्द्र और राज्यों की सरकारों को पत्राचार और सम्मेलनों के दौरान भारत में आरक्षण जातिगत भेदभाव से नहीं बल्कि आर्थिक आधार पर लागू हो। यूपी उपाध्यक्ष पं. गोपाल शर्मा ने कहा कि भारत में सभी जाति धर्म के लोगों में एकता और समानता बनाए रखने के लिए भारत में आरक्षण आर्थिक आधार पर लागू शीघ्र हो कुछ राजनीतिक दल निजी स्वार्थ के कारण जो आरक्षण भारत में 10 प्रतिशत से कम प्रारंभ हुआ आज बढ़कर 50 प्रतिशत तक पहुंच गया जो कि भारत की एकता अखंडता और समानता के लिए घातक साबित होगा। क्या आरक्षण का लाभार्थी व्यक्ति डाक्टर इंजीनियर जिला. धिकारी और विधायक या सांसद बनकर भारत को विकसित बनाने में सक्षम होगा। यूपी उपाध्यक्ष पं. गोपाल शर्मा ने कहा कि यदि केंद्र और राज्य सरकारों को नौजवानों की खास प्रतिभा को बढावा दिया जाये तो भारत की बेरोजगारी दर में तेजी से गिरावट होगी और भारत तेजी से आत्म निर्भरता की ओर बढ़ने लगेगा।

# 18 साल से पाक को फाइनल नहीं हरा पाया भारत

**● अब तक 12 बार खिताबी मुकाबले में भिड़े दोनों देश, टीम इंडिया चार बार ही जीत पाई**




**नई दिल्ली, वार्ता।** पाकिस्तान ने एशिया कप 2025 में बांग्लादेश को हराकर फाइनल में जगह बना ली। भारत ने बुधवार को ही खिताबी मुकाबले के लिए क्वालिफाई कर लिया था। दोनों टीमें अब 28 सितम्बर को दुबई में पहली बार एशिया कप के फाइनल में आमने-सामने होंगी।

ग्रुप और सुपर-4 राउंड में दोनों बार टीम इंडिया ने बाजी मारी थी। भारत और पाकिस्तान के बीच इंटरनेशनल क्रिकेट में 13वीं बार किसी टूर्नामेंट या ट्राई सीरीज का फाइनल होगा। इससे पहले हुए 12 मुकाबलों में 8 बार पाकिस्तान और महज 4 बार भारत को जीत मिली। 2017 के आईसीसी चौंपियंस ट्राफी फाइनल में दोनों टीमें आखिरी बार खिताब के लिए भिड़ी थीं, तब भी पाकिस्तान ने ही बाजी मारी थी। भारत को आखिरी जीत 2007 के टी-20 वर्ल्ड कप में मिली थी। वनडे में 11 फाइनल हुए, 8 पाकिस्तान जीता भारत और पाकिस्तान के बीच पहली बार किसी भी टूर्नामेंट का फाइनल 1985 में हुआ था। यह खिताबी मुकाबला वर्ल्ड चौंपियनशिप आफ क्रिकेट का था। इसे भारत ने 8 विकेट से जीता था। इसे मिलाकर दोनों टीमों ने वनडे फार्मेट के अलग-अलग टूर्नामेंट में 11 फाइनल खेले, 8 में पाकिस्तान और महज 3 में भारत को जीत मिली। मौजूदा एशिया कप टी-20 फार्मेट में खेला जा रहा है। इस फार्मेट में दोनों टीमें दूसरी बार ही एक-दूसरे के खिलाफ खिताबी मुकाबला खेलेंगी। इकलौती बार दोनों टीमें 2007 के टी-20 वर्ल्ड कप फाइनल में भिड़ीं थीं। तब एमएस धोनी की कप्तानी में टीम इंडिया ने 5 रन से खिताबी मुकाबला जीतकर पहले वर्ल्ड कप की ट्राफी अपने नाम की थी। 12 फाइनल में क्या-क्या हुआ। फाइनल-1रू भारत ने वर्ल्ड चौंपियनशिप जीती 10 मार्च 1985 को पहली बार भारत और पाकिस्तान के बीच किसी टूर्नामेंट का फाइनल हुआ। वर्ल्ड चौंपियनशिप आफ क्रिकेट का यह फाइनल मेलबर्न के डब्ळ स्टेडियम में खेला गया। पहले बैटिंग करते हुए पाकिस्तान 176 रन ही बना सका। जवाब में भारत से कृष्णमचारी श्रीकांत और रवि शास्त्री ने फिफ्टी लगाकर टीम को 47.1 ओवर में 8 विकेट से जीत दिला दी। टूर्नामेंट में 7 टीमों ने हिस्सा लिया था। भारत ने पाकिस्तान को ग्रुप स्टेज में भी 6 विकेट के अंतर से हराया था। भारत ने अजेय रहते हुए खिताब पर कब्जा किया। ग्रुप स्टेज में टीम ने आस्ट्रेलिया और इंग्लैंड को हराया। वहीं सेमीफाइनल में न्यूजीलैंड को मात दी। रवि शास्त्री प्लेयर आफ द टूर्नामेंट रहे। फाइनल-2रू मियांदाद का आखिरी गेंद पर विनिंग सिक्स 18 अप्रैल 1986 को शारजाह में भारत और पाकिस्तान के बीच आस्ट्रल-एशिया कप का फाइनल खेला गया। भारत ने पहले बैटिंग करते हुए 7 विकेट खोकर 245 रन बनाए। श्रीकांत, गावस्कर और वेंगसरकर ने फिफ्टी लगाई। पाकिस्तान ने 49.5 ओवर तक 9 विकेट खोकर 242 रन बना लिए। आखिरी गेंद पर 4 रन चाहिए थे। मियांदाद ने चेतन शर्मा की गेंद पर छक्का लगाया और पाकिस्तान को फाइनल जिता दिया। उन्होंने 116 रन बनाए, इसके लिए उन्हें प्लेयर आफ द मैच का अवार्ड भी मिला। न्यूजीलैंड, आस्ट्रेलिया और श्रीलंका ने भी टूर्नामेंट में हिस्सा लिया। भारत ने श्रीलंका और पाकिस्तान ने न्यूजीलैंड को सेमीफाइनल हराया था। गावस्कर प्लेयर आफ द सीरीज रहे। फाइनल-3रू विल्स ट्राफी में आकिब जावेद को 7 विकेट 25 अक्टूबर 1991 को विल्स ट्राफी के फाइनल में दोनों टीमें भिड़ीं। पाकिस्तान ने पहले बैटिंग करते हुए 6 विकेट के नुकसान पर 262 रन बना दिए। जाहिद फजल ने 98 और सलीम मलिक ने 87 रन बनाए। जवाब में टीम इंडिया 190 रन बनाकर सिमट गई। पाकिस्तान से तेज गेंदबाज आकिब जावेद ने महज 37 रन देकर 7 विकेट लिए। विल्स ट्राफी ट्राई सीरीज थी। जिसमें वेस्टइंडीज ने भी हिस्सा लिया था। ग्रुप स्टेज में भारत-पाक के बीच 2 मैच हुए। पहला मैच भारत ने 60 रन से जीता, वहीं दूसरे मुकाबले में पाकिस्तान ने 4 रन से जीत दर्ज की।

## फाइनल से पहले ध्यान केंद्रित रखे पाक: माइक हेसन



**दुबई, वार्ता।** पाकिस्तान के मुख्य कोच माइक हेसन ने अपने खिलाड़ियों से टूर्नामेंट के फाइनल में भारत का सामना करने की तैयारी करते हुए, ध्यान भटकाने वाली चीजों से दूर रहने और सिफ क्रिकेट पर ध्यान कें. द्रित करने का आग्रह किया है। दोनों चिर-प्रतिद्वंद्वी टीमें इस प्रतियोगिता में तीसरी बार आमने-सामने होंगी, और अब तक ज्यादातर चर्चा क्रिकेट के बजाय मैदान के बाहर के मुद्दों और मैदान के हाव-भाव पर ही केंद्रित रही है। हेसन ने कहा कि देखिए, खिलाड़ियों को मेरा संद. ेश सिर्फ क्रिकेट पर ध्यान केंद्रित करने का है और हम निश्चित रूप से ऐसा करेंगे।

## संक्षिप्त खेल समाचार

### भारतीय महिला क्रिकेट टीम को मिला 'टाइगर' का समर्थन

**नई दिल्ली।** जैसे-जैसे आईसीसी महिला क्रिकेट विश्व कप 2025 भारत नजदीक आ रहा है, जियोस्टार का 'जर्सी वही, जज़्बा वही' अभियान देश भर के प्रशंसकों को एकजुट और उत्साहित कर रहा है। बॉलीवुड सुपरस्टार टाइगर श्रॉफ, भारतीय महिला टीम का समर्थन करने वाले नवीनतम सेलिब्रिटी हैं, क्योंकि वे अपने पहले आईसीसी खिताब के लिए प्रयासरत हैं। यह अभियान 30 सितम्बर को गुवाहाटी में हरमनप्रीत कौर एंड कंपनी की श्रीलंका के साथ भिड़ंत से शुरू होगा। भारत का समर्थन करने के महत्व पर, टाइगर श्रॉफ ने कहा कि हर बार जब टीम इंडिया यह जर्सी पहनकर मैदान पर उतरेगी, मैं हमेशा उनके साथ खड़ा रहूंगा। इस बार, हमारी महिलाएं ही हैं जो विश्व कप जीतकर इतिहास रचने के लिए तैयार हैं। मेरे लिए, चाहे पुरुष टीम हो या महिला टीम, कोई फर्क नहीं है, हमेशा भारत खेलता है और हमेशा भारत जीतता है। जब जर्सी एक जैसी होगी, तो जुनून भी हमेशा एक जैसा ही रहेगा। एक जर्सी, एक जुनून, एक भारत। आइए, उसी ऊर्जा के साथ अपनी नीली महिलाओं का समर्थन करें, क्योंकि यह देश को गौरवान्वित करने का उनका क्षण है।

### भारत अंडर-19 ने ऑस्ट्रेलिया को हराकर किया क्लीन स्वीप

**ब्रिसबेन, वार्ता।** वेदांत त्रिवेदी (86) और राहुल कुमार (62) की अर्धशतकीय पारियों के बाद खिलन पटेल (चार विकेट) और उद्धव मोहन (तीन विकेट) की घातक गेंदबा. जी की बदौलत भारत की अंडर-19 टीम ने शुक्रवार को तीसरे एकदिवसीय मैच में ऑस्ट्रेलिया को 167 रनों से करारी शिकस्त दी।


## हमारा सारा ध्यान क्रिकेट पर है: हरमनप्रीत

**बेंगलुरु, वार्ता।** भारतीय महिला क्रिकेट टीम की कप्तान हरमनप्रीत कौर ने पुरुष एशिया कप को लेकर हो रहे शोर-शराबे को दरकिनार करते हुए कहा है कि हम यहां केवल क्रिकेट खेलने आए और हमारा सारा ध्यान क्रिकेट पर ही रहेगा।

इस महीने की शुरुआत में आयोजित हुए एशिया कप में भारत और पाकिस्तान के मैच में खिलाड़ियों के हाथ ना मिलाने और उसके लेकर हुई राजनीति और बयानबाजी को लेकर पाकिस्तान के साथ मुकाबले को लेकर पूछे गए सवाल के जवाब में हरमनप्रीत ने कहा कि हम केवल मैदान पर होने वाली घटनाओं को नियंत्रित कर सकते हैं। अन्य मामले हमारे हाथ से बाहर हैं। ड्रेसिंग रूम में, हम इन बातों पर चर्चा भी नहीं करते। हम यहां केवल क्रिकेट खेलने के लिए हैं, और हमारा ध्यान क्रिकेट पर ही रहेगा। हरमनप्रीत ने आईसीसी महिला वनडे विश्व कप 2025 से पहले कैप्टन्स डे पर संवाददाताओं से कहा कि फिलहाल, हमारा ध्यान शुरुआती मैच पर है, क्योंकि यही टूर्नामेंट की दिशा तय करता है। सभी मैच समान रूप से महत्वपूर्ण हैं। हम मैदान के बाहर होने वाली किसी भी चीज पर ध्यान नहीं देंगे। यह सिफ इरादे का बयान नहीं था, बल्कि एक ऐसी खिलाड़ी के निजी सफर का प्रतिबिंब था।

## हारिस रऊफ पर गिरी आईसीसी की गाज

**● अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद ने लगाया 30 प्रतिशत जुर्माना, फरहान को भी मिली सख्त चेतावनी**




**दुबई, वार्ता।** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) की हारिस रऊफ और साहिबजादा फरहान की शिकायत पर शुक्रवार को अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने सुनवाई की।

एक एजेंसी ने टूर्नामेंट सूत्रों के हवाले से बताया कि दोनों को भारत के खिलाफ एशिया कप मैच के दौरान कथित तौर पर भड़काऊ गतिविधियों के लिए प्रतिबंधित किया जा सकता है। भारत और पाकिस्तान के बीच 21 सितम्बर को खेले गए मैच के दौरान माहौल गर्म हो गया था। दरअसल, लक्ष्य का पीछा करते हुए अभिषेक शर्मा और शुभमन गिल की सलामी जोड़ी ने भारत को तेज शुरुआती दिलाई थी, इससे उत्साहित भारतीय फैंस लगातार कोहलो-कोहली का नारा लगा रहा थे। बाउंड्री पर उस वक्त रऊफ खड़े थे और उन्होंने आपत्तिजनक इशारे किए। इतना ही नहीं, मैच के दौरान भारतीय खिलाड़ियों की पाकिस्तान के खिलाड़ियों से बहस भी हुई थी। पावरप्ले के दौरान भारत और पाकिस्तान के खिलाड़ियों में बहस हुई जिससे मैदान पर माहौल गर्म हो गया। दरअसल, शाहीन अफरीदी भारत की पारी का चौथा ओवर डालने आए और गिल ने उन पर दो चौके लगाए।

इसके बाद शाहीन और गिल के बीच कुछ बहस हुई जिसके बाद गिल ने शाहीन को जाने का इशारा किया। इसके बाद अगला ओवर डालने हारिस रऊफ आए। गिल ने फिर आखिरी गेंद पर चौका जड़ा जिसके बाद अभिषेक और रऊफ के बीच तीखी बहस होने लगी। मामला बढ़ता देख अंपायर गाजी सोहेल ने बीच बचाव किया और दोनों को अलग किया। पाकिस्तान के सलामी बल्लेबाज साहिबजादा फरहान ने भारत के खिलाफ अर्धशतक लगाने के बाद बल्ले को बंदूक की तरह पकड़ा और फायरिंग जैसा इशारा कर जश्न मनाया था। साहिबजादा की इस हरकत की खूब आलोचना की गई थी, बीसीसीआई ने इसे लेकर आईसीसी से शिकायत कर दी। आईसीसी ने इस मामले पर शुक्रवार को सुनवाई की। पीटीआई के मुताबिक, रऊफ पर उनकी अभद्र भाषा और आक्रामक इशारों के लिए जुर्माना लगाया जा सकता है। वहीं, पाकिस्तान के साहिब. जादा फरहान ने अपने 'गनफायर सेलिब्रेशन' के लिए खुद को आचार संहिता के उल्लंघन का दोषी नहीं माने जाने का अनुरोध किया है।

## जोनाथन ने शानदार अंदाज में जीता स्वर्ण

**● जोनाथन ने पुरुषों की 10 मीटर एयर पिस्टल स्पर्धा में खिताब अपने नाम किया रश्मिका को मिला रजत**




**नई दिल्ली, वार्ता।** भारत के 16 वर्षीय जोनाथन गेविन एंटनी ने डा. कर्णी सिंह शूटिंग रेंज में जारी आईएसएसएफ जूनियर वर्ल्ड कप राइफल/पिस्टल/शॉटगन नई दिल्ली 2025 के दूसरे दिन शानदार प्रदर्शन कर सबका ध्यान अपनी ओर खींच लिया। युवा भारतीय ने पुरुषों की 10 मीटर एयर पिस्टल स्पर्धा में खिताब अपने नाम किया।

एंटनी, जिन्होंने क्वालिफिकेशन में 586-19ग के स्कोर से शीर्ष स्थान हासिल किया था, ने फाइनल में भी अपना दमखम बरकरार रखते हुए 24 में से 21 शॉट 10 में मारे और 8.5 अंकों के बड़े अंतर से स्वर्ण जीता। इटली के लुका अरिघी ने 236-3 (572-21ग) अंकों के साथ रजत जीता, जबकि स्पेन के लुकास सांचेज टोमे ने 215-1 (573-11ग) अंकों के साथ कांस्य पदक हासिल किया। फाइनल में टूर्नामेंट का पहला शूट-ऑफ भी देखने को मिला, जहां ईरान के होसैन गोहारी ने इटली के गेब्रिएले आल्डो विलानी को 156-8 के स्कोर पर बराबरी के बाद पछाड़ दिया और छठा स्थान पाया। गोहारी आगे चलकर 174-8 (572-12ग) के साथ पांचवें स्थान पर रहे। इंडिविजुअल न्यूट्रल एथलीट्स व्लादिस्लाव मकारोव (194-3) और इगोर टुपित्स्यम (134-9) क्रमशः चौथे और सातवें स्थान पर रहे। भारत के चिराग शर्मा, जिन्होंने 578-15ग के स्कोर से क्वालिफिकेशन में दूसरा स्थान हासिल किया था, फाइनल में 115-6 अंकों के साथ आठवें स्थान पर रहे। जूनियर महिलाओं की 10 मीटर एयर पिस्टल फाइनल में इंडिविजुअल न्यूट्रल एथलीट एवलिना शीना ने संयमित प्रदर्शन करते हुए शुरू से अंत तक बढ़त बनाए रखी और 240-9 अंकों के साथ स्वर्ण जीता। भारत की रश्मिका सहगल, जिन्होंने 573-17ग के स्कोर से पांचवें स्थान पर क्वालिफाई किया था, ने कड़ा संघर्ष किया लेकिन वह एवलिना से 4.8 अंक पीछे रहीं और 236.1 अंकों के साथ रजत अपने नाम किया। ईरान की फातेमा शेकरी, जिन्होंने 567-14ग के साथ आठवें स्थान पर क्वालिफाई किया था, ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 213.8 अंकों के साथ कांस्य जीता। अन्य भारतीय फाइनलिस्टों में, वंशिका चौधरी, जिन्होंने 576-17ग के स्कोर से क्वालिफिकेशन में शीर्ष स्थान प्राप्त किया था, 18 शॉट के बाद 174.2 अंकों के साथ पांचवें स्थान पर रहीं, जबकि मोहिनी सिंह, जिन्होंने 576-12ग के साथ दूसरा सर्वश्रेष्ठ स्कोर किया था, 153.2 अंकों के साथ छठे स्थान पर रहीं।

## चोटिल शमार जोसेफ भारत दौरे से बाहर, योहान लेन को मौका



**नई दिल्ली, वार्ता।** वेस्टइंडीज के तेज गेंदबाज शमार जोसेफ चोट की वजह से अगले महीने भारत के खिलाफ होने वाली दो टेस्ट मैचों की सीरीज से बाहर हो गए हैं। उनकी जगह अनकैप्ड तेज गेंदबाज़ी ऑलराउंडर योहान लेन को टीम में शामिल किया गया है।

क्रिकेट वेस्टइंडीज ने ट्वीट कर पुष्टि की है कि जोसेफ सीरीज से बाहर हो गए हैं और बांग्लादेश के दौरे से पहले उनकी चोट का दोबारा आकलन किया जाएगा। हालांकि चोट की प्रकृति का खुलासा नहीं किया गया है। भारत में 14 अक्टूबर को टेस्ट सीरीज खत्म करने के बाद वेस्टइंडीज की टीम बांग्लादेश में तीन वनडे खेलेगी, जो 18 अक्टूबर से शुरू होंगे। इसके बाद 27 अक्टूबर से 1 नवंबर तक तीन टी20 भी होंगे। इसके बाद टीम न्यूजीलैंड जाएगी, जहां पांच टी20, तीन वनडे और तीन टेस्ट की ऑल-फॉर्मेट सीरीज खेलेगी। फ़िलिहाल टीम यूएई में है, जहां 27 सितम्बर से नेपाल के खिलाफ तीन टी20 खेले जाएंगे। जोसेफ अब तक 11 टेस्ट खेल चुके हैं, जिनमें उन्होंने 21-66 की औसत से 51 विकेट लिए हैं। उन्होंने जनवरी 2024 में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ डेब्यू पर पांच विकेट लिए थे। लेन 22 साल के हैं और उन्होंने अब तक 19 प्रथम श्रेणी मैच खेले हैं। इसमें उन्होंने 22-28 की औसत से 66 विकेट लिए हैं, जबकि 19-03 की औसत से 495 रन बनाए हैं। वह चार बार पंजा भी हासिल कर चुके हैं।

लेन ने हाल ही में वेस्टइंडीज ए के लिए जून में दक्षिण अफ्रीका ए के खिलाफ दो चार-दिवसीय मैच खेले थे, जहां उन्होंने चार पारियों में 62 रन बनाए थे और तीन पारियों में एक-एक विकेट लिया था। हालांकि उन्हें घरेलू प्रथम श्रेणी प्रतियोगिता में वेस्टइंडीज एकेडमी के लिए ज़्यादा सफलता मिली। उन्होंने विंडवर्ड आइलैंड्स के खिलाफ़ छह विकेट लिए। कुल मिलाकर लेन ने उस टूर्नामेंट में छह मैचों में 15-88 की शानदार औसत से 27 विकेट चटकाए थे, जिसमें दो बार पांच विकेट और दो बार चार विकेट शामिल हैं।

## बारिश से अंतिम दिन का खेल रद्द जमाल हुसैन ने जीता खिताब

**हैदराबाद, वार्ता।** बांग्लादेश के जमाल हुसैन को शुक्रवार को हैदराबाद गोल्फ एसोसिएशन (एचजीए) में भारी बारिश के कारण अंतिम राउंड रद्द होने के बाद 1 करोड़ रुपये की एनएसएल लक्स प्रेज़ेंट्स तेलंगाना गोलकोंडा मास्टर्स 2025 का विजेता घोषित किया गया। टूर्नामेंट का परिणाम 54 होल के बाद कुल स्कोर के आधार पर घोषित किया गया क्योंकि खराब मौसम के कारण चौथे राउंड में कोई खेल संभव नहीं था। जमाल हुसैन (61-62-64), जिन्होंने 54 होल के अपने 23-अंडर 187 के स्कोर की बदौलत तीसरे राउंड के बाद चार शॉट से बढ़त बनाई, ने इस तरह अपना छठा और पिछले साल नवंबर के बाद पहला खिताब जीता। परिणामस्वरूप, ढाका के 40 वर्षीय खिलाड़ी ने 15 लाख रुपये की विजयी राशि प्राप्त की, जिससे वह 2025 पीजीटीआई ऑर्डर ऑफ मेरिट में 14वें स्थान से 10वें स्थान पर पहुंच गए। चंडीगढ़ के अक्षय शर्मा (62-64-65) ने तीन राउंड के बाद 19-अंडर 291 का कुल स्कोर बनाकर उपविजेता स्थान प्राप्त किया।

अक्षय ने 10 लाख रुपये का चेक प्राप्त किया और पीजीटीआई की मेरिट सूची में 34वें स्थान से 21वें स्थान पर पहुंच गए। बेंगलुरू के खलिन जोशी (65-66-66) ने 13-अंडर 197 के कुल स्कोर के साथ तीसरा स्थान हासिल किया। दिल्ली के अर्जुन प्रसाद ने 11-अंडर 199 के कुल स्कोर के साथ छठा स्थान हासिल किया। इस प्रकार अर्जुन 69,71,599 रुपये की सीजन की कमाई के साथ पीजीटीआई रैंकिंग में दूसरे स्थान पर बने रहे।

## भारत ए ने ऑस्ट्रेलिया ए को 5 विकेट से हराया

**● केएल राहुल ने नाबाद 176 रनों की पारी खेली, साई सुदर्शन ने भी 78 रनों की पारी खेली**




**लखनऊ, वार्ता।** केएल राहुल ने बल्ले से शानदार प्रदर्शन करते हुए नाबाद 176 रन बनाए और भारत ए ने ऑस्ट्रेलिया ए के खिलाफ दूसरे अनाधिकृत टेस्ट में 412 रनों का पीछा करते हुए जीत हासिल की।

यह इतिहास में किसी 'ए' टीम द्वारा किया गया सबसे बड़ा सफल पीछा है। लखनऊ में रिकॉर्ड लक्ष्य का पीछा करते हुए भारत ए ने पहला मैच ड्रॉ रहने के बाद 1-0 से सीरीज जीत ली। राहुल को शतक जड़ने वाले साई सुदर्शन (100) ने 78 रनों की साझेदारी में अच्छा साथ दिया, जिसके बाद ध्रुव जुरेल ने तेजी से अर्धशतक बनाकर टेस्ट के चौथे दिन जीत पक्की कर दी। केएल राहुल और साई सुदर्शन की शतकीय पारियों की बदौलत भारत ए ने ऑस्ट्रेलिया ए को पांच विकेट से हरा दिया। आज यहां मैच के चौथे दिन भारत ए ने कल के दो विकेट पर 169 से आगे खेलना शुरु किया। भारत का तीसरा विकेट मानव सुथार (पांच) के रूप में गिरा। उन्होंने साई सुदर्शन के साथ चौथे विकेट के लिए 78 रन जोड़े। इसके बाद कल रिटायर हर्ट हुए केएल राहुल फिर से बल्लेबाजी के लिए उतरे और अपना शतक पूरा किया। साई सुदर्शन ने 172 गेंदों में नौ चौके और एक छक्का लगाते हुए (100) रन बनाए। उन्हें कोरी रॉकीचॉली ने आउट किया। इसके बाद बल्लेबाजी करने आए कप्तान ध्रुव जुरेल ने केएल राहुल के साथ पांचवें विकेट के लिए 115 रन जोड़कर अपनी टीम को जीत की ओर अग्रसर किया।

भारत ए ने 93.3 ओवरों में पांच विकेट पर 413 रन बनाकर मुकाबला पांच विकेट से जीत लिया। केएल राहुल ने 210 गेंदों में 16 चौके और चार छक्के लगाते हुए नाबाद 176 रनों की मैच विजयी पारी खेली। ऑस्ट्रेलिया ए के लिए टॉड मर्फी ने तीन विकेट लिए। कोरी रॉकीचॉली को दो विकेट मिले। ऑस्ट्रेलिया ए ने पहली पारी में 420 रन का स्कोर बनाया जिसके जवाब में भारत ए टीम पहली पारी में 194 रनों पर सिमट गई थी। इसके बाद ऑस्ट्रेलिया ने दूसरी पारी में 185 के स्कोर पर सिमट गई और भारत को जीत के लिए 412 रनों का लक्ष्य दिया था।

## नेपाल को 3-0 से हराकर भारत सैफ अंडर-17 चैंपियनशिप के फाइनल में

**कोलंबो, वार्ता।** भारत की अंडर-17 पुरुष राष्ट्रीय टीम ने नेपाल को 3-0 से हराकर सैफ अंडर-17 चैंपियनशिप 2025 के फाइनल में जगह पक्की कर ली। गुरुवार रात रेसकोर्स इंटरनेशनल स्टेडियम में हुए सेमीफाइनल में गत चैंपियन ने आखिरकार अपने दबदबे को गोल में बदल दिया, जिससे अब खिताबी मुकाबले में उसका बांग्लादेश से सामना होगा, जिसने पहले पाकिस्तान को 2-0 से हराया था।

वांगखेराकपम गुनलेइबा (61वें मिनट) और स्थानापन्न अजलान शाह खान (80वें मिनट) और डायमंड सिंह थोकचोम (90वें मिनट) ने गोल किए और ब्लू कोल्ट्स ने टूर्नामेंट में अपनी लगातार चौथी जीत दर्ज की। हाफ-टाइम तक स्कोरलाइन गोलरहित रही। भारत को पहला असली मौका बॉक्स में मची अफरा-तफरी के बीच मिला जब वांगखेराकपम गुनलेइबा ने गोल की ओर शॉट मारा, लेकिन नेपाल के डिफेंडर के तेज ब्लॉक ने उसे नाकाम कर दिया। इस मौके ने भारतीय खेमे में और भी तेज़ी ला दी। कुछ ही पल बाद, मोहम्मद ऐमान ने बाईं ओर से एक शानदार क्रॉस दिया जो डल्लालमुऑन गंगटे के पास गया, लेकिन आमतौर पर भरोसेमंद फ़ॉरवर्ड गोल नहीं कर पाए। रक्षात्मक रूप से, भारत पूरी तरह से अडिग था। मिडफ़ील्ड ने अनुशासन के साथ जगह बनाई, जबकि बैकलाइन ने पासिंग चैनल बंद कर दिए, जिससे नेपाल के पास लंबी दूरी के प्रयासों के अलावा कोई विकल्प नहीं बचा। प्रतिस थापा मगर के ऐसे ही एक प्रयास, बॉक्स के किनारे से एक शक्तिशाली ड्राइव, ने गोलकीपर मानशज्योति बरुआ को पूरी ताकत से बचाव करने पर मजबूर कर दिया।

# हड़बड़ाहट में ट्रम्प

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प बेहद हड़बड़ी में दिखाई दे रहे हैं। अमेरिका जैसे शक्तिशाली राष्ट्रपति के लिए इस तरह का आचरण बिल्कुल शोभा नहीं देता। एक तरफ भारत व अमेरिका के अधिकारी व्यापारिक डील को लेकर व्यस्त हैं, तो वहीं दूसरी तरफ इस वार्ता का नतीजा आए बिना ही डोनाल्ड ट्रम्प इस तरह की घोषणा कर देते हैं जो रिश्तों को और उलझा देती है। इस समय भारतीय प्रतिनिधिमंडल वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल के नेतृत्व में अमेरिका गया हुआ है। जहां उसने 22 से 24 सितम्बर तक अमेरिकी व्यापार प्रतिनिधि जैमीसन ग्रीर और भारत के लिए नामिक अमेरिकी राजदूत सर्जियो के साथ बैठक की। बैठक के बाद दोनों ही पक्षों ने माना है कि समझौते के विभिन्न पहलुओं पर रचनात्मक बैठक हुई। इस बीच डोनाल्ड ट्रम्प ने ब्रांडेड या पेटेंट दवाई पर सौ फीसदी टैरिफ लगाने का ऐलान कर दिया। इतना ही नहीं यह टैरिफ एक अक्टूबर से लागू होने की बात भी कही है। हालांकि यह टैक्स उन कंपनियों पर लागू नहीं होगा जो अमेरिका में ही दवा बनाने के लिए अपना प्लांट लगा रही हैं। जैनरिक दवाओं को अभी इस टैरिफ से बाहर रखा गया है। हालांकि ऐसी आशंका जताई जा रही है कि अगला निशाना जैनरिक दवाइयां भी हो सकती हैं जैसाकि जियोजित इन्वेस्टमेंट्स लि. के चीफ इन्वेस्टमेंट स्ट्रैटजिस्ट वीके विजय कुमार ने कहा भी है कि भारत जो जैनरिक दवाओं का एक्सपोर्टर है, उसे इससे ज्यादा असर नहीं होगा, लेकिन हो सकता है कि राष्ट्रपति का अगला निशाना जैनरिक दवाएं हों। जैनरिक दवाइयां अमेरिका को एक्सपोर्ट करने वाला भारत सबसे बड़ा देश है। 2024 की ही बात करें तो भारत ने अमेरिका को लगभग 8.73 अरब डॉलर की जैनरिक दवाइयां भेजी। जो भारत के कुल दवा एक्सपोर्ट का 31 फीसदी है। अमेरिका पहले से ही रूस से तेल खरीदने को लेकर भारत पर 50 फीसदी अतिरिक्त टैरिफ लगा चुका है। यहां यह भी याद दिलाना जरूरी है कि 16 सितम्बर को अमेरिकी व्यापार प्रतिनिधि कार्यालय का एक दल भारत आया था और उसकी नई दिल्ली में वाणिज्य विभाग के अधिकारियों के साथ महत्वपूर्ण बैठक हुई थी, उस समय भी यह कहा गया था कि बातचीत बेहद सकारात्मक रही है। तो जब दोनों ही पक्षों के अधिकारी बातचीत को सकारात्मक बता रहे हैं, तो ऐसे में अमेरिकी राष्ट्रपति के इस फैसले को समझना बेहद मुश्किल हो जाता है कि आखिर वह क्या चाहते हैं। एक तरफ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की समय-समय पर वह प्रशंसा करते दिखाई देते हैं, उन्हें अपना मित्र बताते हैं तो वहीं दूसरी तरफ वह भारत के साथ इस तरह के निर्णय लेने में देर नहीं लगाते जिससे भारत की स्थिति असहज हो जाती है। जाहिर है इस तरह के वातावरण में भारत को बेहद सतर्कता के साथ अमेरिका से ट्रेड के मामले में आगे बढ़ने की जरूरत है।

## भाजपा का दूसरा नाम पेपर चोर



आज भाजपा का दूसरा नाम पेपर चोर है, देशभर में बार-बार होने वाले पेपर लीक ने करोड़ों मेहनती युवाओं की जिंदगी और सपनों को तबाह कर दिया गया है, उत्तराखंड का पेपर लीक कांड इसका ताजा उदाहरण है, लाखों युवाओं ने दिन-रात मेहनत की, लेकिन भाजपा ने चोरी से उनकी पूरी मेहनत पर पानी फेर दिया, हम लगातार मांग कर रहे हैं कि पेपर लीक रोकने के लिए मजबूत और पारदर्शी सिस्टम बनाया जाए, लेकिन मोदी सरकार इस पर आंखें मूंदकर बैठी है क्योंकि उन्हें युवाओं की बेरोजगारी की नहीं, बल्कि अपनी सत्ता की चिंता है, बेरोजगारी आज देश की सबसे बड़ी समस्या है और यह सीधे तौर पर वोट चोरी से जुड़ी है. पेपर चोरों को पता है कि अगर युवाओं को रोजगार नहीं भी मिलेगा, तो भी वे चुनाव में वोट चोरी करके सत्ता में बने रहेंगे।

**-राहुल गांधी, नेता विपक्ष, लोकसभा**

# प्रकृति, संस्कृति और समाज को जोड़ता सतत पर्यटन

पर्यटन केवल मनोरंजन, सैर-सपाटे या विश्राम का माध्यम नहीं है बल्कि यह मानव सभ्यता के विकास में निरंतर योगदान देने वाला एक ऐसा वैश्विक उद्योग है, जिसने संस्कृतियों को जोड़ा, विविधताओं को समझने का अवसर दिया और आर्थिक समृद्धि के साथ सामाजिक उत्थान का मार्ग प्रशस्त किया। विश्व पर्यटन दिवस 2025 का विषय 'पर्यटन और सतत परिवर्तन' इसीलिए अत्यंत प्रासंगिक है क्योंकि यह न केवल पर्यटन उद्योग के महत्व को रेखांकित करता है बल्कि यह भी दर्शाता है कि पर्यटन किस प्रकार दुनिया में सकारात्मक बदलाव का वाहक बन सकता है। 'संयुक्त राष्ट्र विश्व पर्यटन संगठन' द्वारा प्रतिवर्ष 27 सितम्बर को मनाया जाने वाला यह दिवस विश्व समुदाय को पर्यटन के बहुआयामी महत्व और इसके दूरगामी प्रभावों पर पुनर्विचार करने का अवसर प्रदान करता है।

पर्यटन का दुनिया की अर्थव्यवस्था में स्थान असाधारण है। वैश्विक स्तर पर यह उद्योग प्रतिवर्ष अरबों डॉलर का राजस्व उत्पन्न करता है और करोड़ों लोगों को रोजगार उपलब्ध कराता है। विश्व बैंक और अंतर्राष्ट्रीय श्रम संगठन की रिपोर्टों के अनुसार, वैश्विक स्तर पर प्रत्येक दस में से एक नौकरी पर्यटन से जुड़ी है। विकसित देशों के साथ-साथ विकासशील राष्ट्रों की अर्थव्यवस्था में भी यह एक प्रमुख आधार स्तंभ के रूप में कार्य करता है। भारत की बात करें तो यह क्षेत्र देश की जीडीपी में लगभग 10 प्रतिशत योगदान देता है और सीधे या अपरोक्ष रूप से पांच करोड़ से अधिक लोगों को रोजगार उपलब्ध कराता है। विश्व पर्यटन दिवस का महत्व इसलिए और भी बढ़ जाता है क्योंकि यह हमें केवल आर्थिक आंकड़ों की चमक पर नहीं बल्कि उन सामाजिक और पर्यावरणीय जिम्मेदारियों पर भी ध्यान केंद्रित करने के लिए प्रेरित करता है, जिन्हें पर्यटन उद्योग के सतत विकास के लिए प्राथमिकता देना आवश्यक है।

पर्यटन सामाजिक समानता और सांस्कृतिक समझ को बढ़ावा देने का सशक्त माध्यम है। जब एक यात्री किसी दूसरे देश, राज्य या संस्कृति से जुड़ता है तो यह केवल यात्रा नहीं होती बल्कि यह संवाद, सहअस्तित्व और समझदारी का अवसर बनती है। एक ओर यह यात्रियों को नए अनुभव और दृष्टिकोण प्रदान करता है तो दूसरी ओर स्थानीय समुदायों को अपनी संस्कृति, परंपराओं और जीवनशैली को साझा करने का अवसर देता है। यही कारण है कि पर्यटन सांस्कृतिक विरासत को संरक्षित करने और पारंपरिक कलाओं, शिल्प और रीति-रिवाजों को पुनर्जीवित करने में मदद करता है। कई बार जो कला या परंपरा लुप्त होने के कगार पर होती है, वह पर्यटन के कारण नए जीवन का संचार प्राप्त करती है। विश्व पर्यटन दिवस 2025 का केंद्रीय विचार पर्यटन की परिवर्तनकारी शक्ति है और यह परिवर्तन तभी संभव है, जब पर्यटन विकास के केंद्र में स्थिरता, लचीलापन और सामाजिक समानता को रखा जाए। आधुनिक समय में जलवायु परिवर्तन, पर्यावरण प्रदूषण और प्राकृतिक संसाधनों की कमी जैसी चुनौतियां पर्यटन के समक्ष सबसे बड़ी बाधाएं बनकर उभरी हैं।



पर्यटन का अत्यधिक और अनियंत्रित विकास कई बार प्राकृतिक पारिस्थितिक संतुलन को बिगाड़ देता है। पर्वतीय क्षेत्रों में अत्यधिक पर्यटकों का दबाव ग्लेशियरों और प्राकृतिक संसाधनों पर प्रतिकूल असर डालता है, समुद्र तटों पर अनियंत्रित पर्यटन समुद्री जीवन को खतरे में डालता है और ऐतिहासिक धरोहरों पर भीड़भाड़ से उनका संरक्षण कठिन हो जाता है। यही कारण है कि 'सतत पर्यटन' की अवधारणा आज सर्वाधिक चर्चा में है। सतत पर्यटन का अर्थ है ऐसा पर्यटन, जिसमें प्राकृतिक संसाधनों का विवेकपूर्ण उपयोग हो, स्थानीय समुदायों को अधिकतम लाभ मिले और भविष्य की पीढ़ियों के लिए पर्यावरण सुरक्षित रहे। इस दिशा में अनेक देशों ने उल्लेखनीय पहल की है। उदाहरणस्वरूप, भूटान ने पर्यटन पर 'हाई वैल्यू, लो वॉल्यूम' नीति अपनाई है, जिसके अंतर्गत वह पर्यटकों की संख्या सीमित रखते हुए गुणवत्तापूर्ण अनुभव प्रदान करता है ताकि पर्यावरणीय और सांस्कृतिक संतुलन बना रहे। इसी प्रकार यूरोप के कई देशों ने 'ग्रीन टूरिज्म' मॉडल को अपनाकर पर्यावरणीय जिम्मेदारी को प्राथमिकता दी है। भारत में भी सतत पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए कई योजनाएं चलाई जा रही हैं, जिनमें इको-टूरिज्म, ग्रामीण पर्यटन और आध्यात्मिक पर्यटन को विशेष महत्व दिया जा रहा है। पर्यटन का महत्व शिक्षा और कौशल विकास के संदर्भ में भी कम नहीं है। यह न केवल यात्रियों को नई संस्कृतियों और भौगोलिक क्षेत्रों से परिचित कराता है बल्कि युवाओं को आतिथ्य, प्रबंधन, संचार और सांस्कृतिक समझ जैसे कौशल सीखने के अवसर भी देता है। भारत जैसे देश, जहां युवाओं की जनसंख्या बड़ी संख्या में है, पर्यटन क्षेत्र के माध्यम से विशाल रोजगार और उद्यमिता के अवसर प्रदान कर सकते हैं। छोटे कस्बों और ग्रामीण क्षेत्रों में होम-स्टे, स्थानीय गाइड सेवा, पारंपरिक व्यंजन और हस्तशिल्प आधारित पर्यटन न केवल युवाओं को आत्मनिर्भर बना सकते हैं बल्कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था में नई ऊर्जा का संचार कर सकते हैं। पर्यटन का एक और महत्वपूर्ण पक्ष शांति और वैश्विक सहयोग को बढ़ावा देना है। जब विभिन्न देशों के लोग एक-दूसरे से जुड़ते हैं तो यह न केवल सांस्कृतिक समझ को बढ़ाता है बल्कि आपसी विश्वास और सहयोग की नींव भी रखता है। संयुक्त राष्ट्र ने भी पर्यटन को 'शांति का दूत' कहा है। इतिहास गवाह है कि जब भी देशों के बीच पर्यटन और सांस्कृतिक आदान-प्रदान बढ़ा है, आपसी संबंध मजबूत हुए हैं। इसीलिए पर्यटन को केवल आर्थिक दृष्टि से नहीं बल्कि वैश्विक शांति और सहयोग की दिशा में एक प्रभावी उपकरण के रूप में देखा जाना चाहिए।

डिजिटल तकनीक ने पर्यटन उद्योग में क्रांतिकारी बदलाव किए हैं। ऑनलाइन बुकिंग, वर्चुअल टूर, एआई आधारित ट्रैवल गाइड और स्मार्ट पर्यटन समाधान ने यात्रियों के अनुभव को न केवल सरल बनाया है बल्कि अधिक सुलभ और सुरक्षित भी बनाया है। हालांकि तकनीक के उपयोग के साथ-साथ जिम्मेदारी भी जुड़ी है। यात्रियों को अपने पर्यावरणीय प्रभाव को कम करने, स्थानीय संस्कृति का सम्मान करने और स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा देने जैसी जिम्मेदारियों का निर्वहन करना होगा। केवल सरकार या उद्योग नहीं बल्कि प्रत्एक यात्री को भी यह समझना होगा कि उसकी छोटी-सी आदतें पर्यटन को सतत और परिवर्तनकारी बनाने में योगदान कर सकती हैं। भारत जैसे विविधताओं से भरे देश के लिए यह अवसर और चुनौती दोनों है।

यहां हिमालय की पर्वत श्रृंखलाओं से लेकर केरल की बैकवाटर्स, राजस्थान के रेगिस्तान से लेकर पूर्वोत्तर की हरियाली, वाराणसी के घाटों से लेकर कश्मीर की वादियों तक असीमित संभावनाएं हैं लेकिन इन संभावनाओं के साथ जिम्मेदारियों का बोझ भी जुड़ा हुआ है। अगर पर्यटन को अनियंत्रित और असंतुलित तरीके से बढ़ने दिया गया तो यह न केवल प्राकृतिक संसाधनों को नुकसान पहुंचाएगा बल्कि स्थानीय समुदायों और सांस्कृतिक विरासत को भी प्रभावित करेगा। इसलिए पर्यटन विकास की हर नीति में स्थिरता और समावेशिता को प्राथमिकता देनी होगी।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# नमकीन स्राव से पनपता रेगिस्तानी पौधा

**व्यापक शोध के बाद अल-हंदावी और उनकी टीम ने पाया कि दिन के समय में उत्सर्जन से बने नमक के रवे रात में पानी सोख कर फूल जाते हैं। टीम द्वारा की गई जांच से साबित हुआ कि जल संचयन में लवणों का प्राथमिक योगदान है, क्योंकि विशिष्ट परिस्थितियों में प्राकृतिक रूप से रवेदार परत वाली शाखाएं धुली हुई शाखाओं की तुलना में काफी अधिक पानी एकत्र करती है। यहां तक कि 50 प्रतिशत से कम आर्द्रता पर भी रवों पर ओस बन सकती है। एथल टमारिस्क की विशिष्टता इसके द्वारा उत्सर्जित लवणों का जटिल मिश्रण है।**

मध्य पूर्व के शुष्क क्षेत्र में एथल टमारिस्क Tamari aphylla नामक एक रेगिस्तानी पेड़ जिंदा रहने के लिए एक अनूठी रणनीति अपनाता है। यह पौधा झुलसाने वाली गर्मी में पानी प्राप्त करने के लिए नमकीन स्राव का फायदा उठाता है। प्रोसीडिंग्स ऑफ नेशनल एकेडमी ऑफ साइंसेज में प्रकाशित यह अध्ययन संकेत देता है कि पौधे दूभर परिस्थितियों में जीवित रहने के लिए किस तरह के रासायनिक जुगाड़ करते हैं। गौरतलब है कि लवण से समृद्ध तटीय मिट्टी में पनपने वाला यह पौधा एक लवणमृदोद्भिद (हैलोफाइट) है जो अतिरिक्त लवण को ग्रंथियों से बूंदों के रूप में स्रावित करके पत्तियों पर जमा करता है। जैसे-जैसे दिन गर्म होता है, इन चमकदार बूंदों का पानी तो वाष्पित हो जाता है जिससे पौधे पर सफेद रवों की परत जम जाती है जो अंततः तेज हवा से झड़ जाते हैं।

इस रणनीति का खुलासा तब हुआ जब अबू धाबी स्थित न्यूयॉर्क यूनिवर्सिटी की वैज्ञानिक मारिएह अल-हंदावी ने संयुक्त अरब अमीरात के गर्म, आर्द्र रेगिस्तानों से गुजरते समय इन रवों पर पानी को संघनित होते देखा। उनका अनुमान था कि इस प्रक्रिया में उत्सर्जित लवण-मिश्रण के रासायनिक संघटन की महत्वपूर्ण भूमिका रही होगी। व्यापक शोध के बाद अल-हंदावी और उनकी टीम ने पाया कि दिन के समय में उत्सर्जन से बने नमक के रवे रात में पानी सोख कर फूल जाते हैं। टीम द्वारा की गई जांच से साबित हुआ कि जल संचयन में लवणों का प्राथमिक योगदान है, क्योंकि विशिष्ट परिस्थितियों में प्राकृतिक रूप से रवेदार परत वाली शाखाएं धुली हुई शाखाओं की तुलना में काफी अधिक पानी एकत्र करती है। यहां तक कि 50 प्रतिशत से कम आर्द्रता पर भी रवों पर ओस बन सकती है। एथल टमारिस्क की विशिष्टता इसके द्वारा उत्सर्जित लवणों का जटिल मिश्रण है, जिसमें सोडियम क्लोराइड, जिप्सम (कैल्शियम सल्फेट) और एक अन्य घटक-लीथियम सल्फेट-शामिल है जिसमें सोडियम क्लोराइड और जिप्सम की अपेक्षा कम आर्द्रता पर भी नमी को अवशोषित करने की क्षमता कहीं अधिक होती है। कई विशेषज्ञों के अनुसार यह अध्ययन एक नए स्तर की समझ प्रदान करता है जिससे यह पता चलता है कि कैसे रेगिस्तानी पौधे लवणों से छुटकारा भी पाते हैं और हवा से पानी संचय के लिए इनका उपयोग भी करते हैं। इन लवणों का संघटन रेगिस्तानी पौधों द्वारा विकसित जटिल रणनीतियों को उजागर करता है। शोधकर्ताओं द्वारा किया गया यह अध्ययन अन्य रेगिस्तानी पौधों में भी इस प्रकार की विशेषता का संकेत देता है। संभव है कि अपना अस्तित्व बचाने के लिए हर पौधे के पास कोई विशिष्ट गुप्त नुस्खा हो। बहरहाल, इस अध्ययन से हमें विश्व भर में पानी की कमी से निपटने के तरीके के बारे में बहुमूल्य जानकारी प्राप्त हुई है जो आगे खोज की संभावना का संकेत देती है। **-स्रोत फीचर्स**



# सभी रोगों की जड़ है आपका मोटापा

चिकित्सा विशेषज्ञों का मानना है कि मोटापा आने से जीवन में पाबंदियों और परेशानियों के बढ़ जाने से जीवन की खुशियों में कमी आने लगती है और यही नहीं मोटापे से युक्त बेडौल शरीर अनेक बीमारियों को निमंत्रण देता है। यह सच ही है मोटे और थुलथुल शरीर की एक ओर तो लोग हंसी उड़ाते हैं, वहीं दूसरी ओर यह अनेक रोगों की जड़ भी होता है। मोटापे से ग्रस्त व्यक्ति अन्य कई शारीरिक समस्याओं से घिर जाता है जैसे मोटापे से पीड़ित व्यक्ति के रक्त संचार में बाधा पहुंचती है। इस के साथ ही खतरा बढ़ जाता है हाई ब्लडप्रेशर, हार्ट अटैक जैसी कई अन्य जानलेवा बीमारियों का। खून की नलिकाओं में कैल्शियम व वसा की परत चढ़ जाती है, जिससे वे संकरी हो जाती हैं। इसी वजह से रक्त सामान्य रूप से नलिकाओं में नहीं बह पाता। इस प्रकार मोटे व्यक्ति के रक्त संचार में रुकावट पैदा होती है।

ज्यादा मोटापा होने पर आदमी अगर थोड़ा सा भी काम करे, तो वह हांफने लगता है अर्थात उसकी सांस फूलने लगती है, साथ ही वेरीकोस वेंस (शिराओं के अवरुद्ध होकर फूल जाना) हार्निया, श्वसन तंत्र का संक्रमण जैसी बीमारियां भी मोटे व्यक्ति को आ घेरती हैं। जिसके कारण मोटा व्यक्ति पराश्रित हो जाता है। मोटापा मधुमेह रोग के लिए खुला निमंत्रण होता है। मोटे व्यक्ति मोटापे के बुरे प्रभाव को अच्छी तरह जानते हैं इसीलिए वे भीतर से काफी डरे हुए व हीनभावना का शिकार होते हैं। दवा, गोली, व्यायाम के साथ-साथ मोटापा कम करने के लिए आपरेशन भी एक आधुनिक चिकित्सा पद्धति है। इसके अन्तर्गत दो प्रकार से मोटापे को दूर किया जाता है। एक में आमाशय का आकार कम कर दिया जाता है और दूसरे में, छोटी आंत की बाईपास सर्जरी करके मोटापे को दूर किया जाता है। मोटापे की वजह कम से कम श्रम करने वाली आधुनिक जीवन शैली है, ऐसा चिकित्सा विशेषज्ञ मानते हैं। यह ज्यादातर मध्य आयु वर्ग में शुरू होता है पर यह जरूरी नहीं कि यह मध्य आयु वर्ग में ही हो, यह किसी भी आयु वर्ग में शुरू हो सकता है।

मोटापा एक वंशानुगत रोग होता है। इसलिए जिन के परिवार में कोई भी मोटापे से भूतकाल या वर्तमान में परेशान हो तो उनको इसके लिए सावधानी बरतनी चाहिए। स्टीरोइड्स इंसुलिन और गर्भ निरोधक गोलियां आदि कुछ दवाएं भी मोटापे की वजह बन सकती हैं। कुछ बीमारियों के कारण मोटापा होता है जैसे थायरायड ग्रंथि का कम काम करना (हाइपो थायरायडिज्म), पिट्यूटरी ग्रंथि का कम काम करना, (हाइपो पिट्यूटरिज्म), कशिंग सिंड्रोम (एड्रीनल ग्रंथि का अधिक काम करना), हाइपागोने डिज्म (सेक्स ग्रंथियों का कम काम करना) इत्यादि। चिकित्सा विशेषज्ञों का मानना है कि हर एक ग्राम वसा से नौ कैलोरी ऊर्जा का उत्पादन होता है और उनका कहना है कि हमें हर रोज 800-1600 कैलोरी का ही भोजन ग्रहण करना चाहिए। चिकित्सकों के अनुसार शराब पीने वालों को तो शराब का सेवन बिल्कुल कम कर देना चाहिए, क्योंकि 30 सीसी व्हिस्की में पानी मिला कर पीने से 70 कैलोरी ऊर्जा प्राप्त होती है। किसी भी व्यक्ति को कितनी ऊर्जा (कैलोरी) की आवश्यकता होती है, यह जानना हमारे लिए आवश्यक है। एक व्यस्क पुरुष को 2600 एवं व्यस्क स्त्री को 2100 कैलोरी की आवश्यकता होती है। एक आराम की जिंदगी जीने वाली स्त्री को 2000 और पुरुष को 2400 कैलोरी की जरूरत पड़ती है। मध्यमश्रमी पुरुष को 2600, अधिक परिश्रमी पुरुष को 3500 और कठोर परिश्रम करने वाले पुरुष को 4100 कैलोरी आवश्यक होती है। आप कितने मोटे हैं इसका अनुमान आप अपने वजन को देखकर लगा सकते हैं उदाहरण के लिए यदि आप की ऊंचाई 165 सेंटीमीटर है, तो 45 किलोग्राम आपके लिए कम वजन, 56.70 किलोग्राम सामान्य वजन है और यदि आप का वजन 85 किलोग्राम है, तो आप मोटे हैं और अगर आप का वजन 113 किलोग्राम है, तो आप ज्यादा मोटे हैं। अगर आप मोटे हैं, तो 0.5 से 1 किलाग्राम भार प्रतिमाह कम करने की ठान लें। इसके लिए व्यायाम करना काफी हद तक लाभप्रद होता है, क्योंकि इससे हमारी ऊर्जा की खपत होती है। कड़े परिश्रम के समय 10 किलो कैलोरी खेलकूद और साइकिल चलाते समय सात किलो कैलोरी तथा टहलते समय पांच किलो कैलोरी ऊर्जा प्रति मिनट खर्च होती है। मोटापा एक ऐसी चीज है, जिसके कारण आप दूसरों के द्वारा उपहास का केन्द्र बन सकते हैं। अतः हमें अपनी सेहत का ख्याल रखना चाहिए। खानपान की अच्छी आदतों का पालन करना चाहिए। तली हुई चीजों से परहेज करना चाहिए, क्योंकि इनसे कोलेस्ट्रोल की मात्रा बढ़ती है। रोज व्यायाम व खेलकूद से भी शरीर चुस्त दुरुस्त रहता है।



मोटापे को दूर करने के लिए कई प्रकार की दवाओं का इस्तेमाल किया जाता है। आइए इनके बारे में जानें।

**एंफीटामीन-** इस दवा का इस्तेमाल आजकल कम होता जा रहा है, क्योंकि यह दवा दिमाग में ज्यादा उत्तेजना पैदा कर देती है और इससे भूख भी बहुत कम ही घटती है, जबकि चिकित्सक ज्यादा भूख घटाने की आशा करते हैं।

**सीरोटोनीनार्जेक दवाएं-** जैसे डेक्सफेन फ्लोरेमीन, फेन लोरेमीन आदि। इन दवाओं का इस्तेमाल उस स्थिति में किया जाता है, जबकि वजन बहुत तेजी से कम करना हो। जैसे हाई ब्लडप्रेशर या मधुमेह में ये दवाएं भूख घटाने की जगह व्यक्ति की तृप्ति का अहसास देती हैं।

**कोलीसिस्टो कायनीन दवाइंया-** इस प्रकार की दवाएं भूख को शांत करती हैं। इन सबके अलावा आंतों के (लाइपेज एंजाइम) को निष्क्रिय करने वाली दवाओं का इस्तेमाल भी किया जाता है।

# वेस्ट बैंक पर इजरायल का कब्जा मंजूर नहीं: ट्रम्प

## कहा: मैं इसकी इजाजत नहीं दूंगा, नेतन्याहू के अगले हफ्ते अमेरिका आने पर इस मुताल्लिक होगी बातचीत

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कहा है कि वेस्ट बैंक (फलस्तीन का हिस्सा) पर इजरायल का कब्जा मंजूर नहीं है। उन्होंने कहा है कि वे कभी इसकी इजाजत नहीं देंगे। हाल ही में इजरायल के अधिकारियों ने वेस्ट बैंक के कुछ हिस्सों को इजरायल में मिलने की बात कही थी। इस पर ट्रम्प ने ओवल आफिस में कहा, मैं इजरायल को वेस्ट बैंक को मिलाने की परमिशन नहीं दूंगा।

ऐसा नहीं होगा। अब बहुत हो चुका है। इस हफ्ते फ्रांस, ब्रिटेन समेत कई देशों ने फलस्तीन को मान्यता दी है। इस फैसले का इजरायल ने विरोध किया था। इसके बाद वेस्ट बैंक पर कब्जे को लेकर इजरायली अधिकारियों की बयानबाजी शुरू हो गई थी। नेतन्याहू अगले हफ्ते सोमवार को अमेरिका के दौरे पर जाने वाले हैं। इस दौरान दोनों नेताओं के बीच व्हाइट हाउस में मुलाकात होगी। ट्रम्प के दूसरे कार्यकाल में नेतन्याहू का यह चौथा वाशिंगटन दौरा है।



- इस हफ्ते फ्रांस, ब्रिटेन समेत कई देशों ने फलस्तीन को मान्यता दी है
- इस फैसले का इजरायल ने विरोध किया था
- ट्रम्प के दूसरे कार्यकाल में नेतन्याहू का यह चौथा वाशिंगटन दौरा है

वेस्ट बैंक, जार्डन के पश्चिम और येरुशलम के पूरब में स्थित है। 1948 में अरब-इजरायल जंग के बाद जार्डन ने इस पर कब्जा कर लिया था। जार्डन नदी के पश्चिम में होने की वजह से तब इसका नाम वेस्ट बैंक रख दिया गया। 1967 में 6 दिनों तक चले जंग के बाद इजरायल ने इस इलाके को जार्डन से छीन लिया। तब से वेस्ट बैंक पर इजरायल का कब्जा बरकरार है। इस इलाके में 30 लाख से ज्यादा लोग रहते हैं। इसमें ज्यादातर फलस्तीनी हैं। इजरायल ने वेस्ट बैंक पर कब्जे के बाद कई यहूदी बस्तियां भी बसाईं। अंतर्राष्ट्रीय कानूनों के मुताबिक यहां बनाई गई इजरायली बस्तियां अवैध हैं। ट्रम्प लंबे समय से नेतन्याहू के करीबी सहयोग का दावा करते रहे हैं। लेकिन उन पर अब अरब नेताओं का दबाव भी है। संयुक्त अरब अमीरात ने चेतावनी दी है कि किसी भी इजरायली कब्जे को रेड लाइन माना जाएगा।

ट्रम्प ने कहा है कि वो इजरायल को ऐसा कोई भी कदम नहीं उठाने देंगे, जिससे अरब देशों के नेताओं में नारा. जगी हो। 1967 के युद्ध में इजरायल ने वेस्ट बैंक, पूर्वी यरुशलम और गाजा पटी पर कब्जा किया था। फलस्तीनियों की मांग है कि ये तीनों क्षेत्र भविष्य में उनके राज्य का हिस्सा होने चाहिए। मानना है कि इजरायल का कब्जा टू स्टेट साल्यूशन (दो राष्ट्र समाधान) या अलग फलस्तीनी देश बनाने की संभावना को खत्म कर देगा। इजरायल की मौजूदा सरकार फलस्तीनी देश के बनने का विरोध करती है और वेस्ट बैंक के ज्यादा से ज्यादा हिस्से को अपने में मिलाना चाहती है।



बिहार। मोतीहारी में हर घर अधिकार रैली में शामिल होतीं कांग्रेस की राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका गांधी रैली में अपार भीड़ से गदगद नजर आईं।

## UNRWA के लिए धन, राजनीतिक समर्थन का आग्रह

**संयुक्त राष्ट्र।** संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस ने गुरुवार को निकट पूर्व में फलस्तीन शरणार्थियों के लिए संयुक्त राष्ट्र राहत एवं कार्य एजेंसी (यूएनआरडब्ल्यूए) के लिए धन और राजनीतिक समर्थन का आग्रह किया।

गुटेरेस ने यूएनआरडब्ल्यूए के समर्थन में आयोजित मंत्रिस्तरीय बैठक में कहा कि मैं आज आपसे अपील करता हूं कि आप यूएनआरडब्ल्यूए को आवश्यक धनराशि और राजनीतिक समर्थन प्रदान करें, ताकि फिलिस्तीनियों, इजरायिलों और क्षेत्र के लिए शांति एवं स्थिरता का निर्माण किया जा सके। अपने संबोधन में, संयुक्त राष्ट्र प्रमुख ने कहा कि फलस्तीनी शरणार्थियों की कई पीढ़ियां शिक्षा, स्वास्थ्य सेवा और अन्य आवश्यक सेवाओं के

- यूएनआरडब्ल्यूए को बढ़ते दबाव में काम करने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है

लिए यूएनआरडब्ल्यूए पर निर्भर रही हैं। अक्टूबर 2023 से पहले, इसने पूरे क्षेत्र में पांच लाख लड़कियों और लड़कों को स्कूली शिक्षा प्रदान की। आज यह 26 लाख लोगों को आपातकालीन भोजन और नकद सहायता प्रदान करता है और इसके प्राथमिक क्लीनिकों में प्रति वर्ष 1-5 करोड़ लोग आते हैं। गुटेरेस ने कहा कि इन सबके बावजूद, यूएनआरडब्ल्यूए को अत्यधिक और बढ़ते दबाव में काम करने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है, इसके कर्मचारी गाजा में मारे जा रहे हैं, इसके परिसर नष्ट हो गए हैं, और इसे बजट की कमी का सामना करना पड़ रहा है।

## संक्षिप्त समाचार

### अवैध प्रवास को रोकने के लिए ब्रिटेन में अब डिजिटल आईडी

**लंदन।** ब्रिटिश प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर ने शुक्रवार को कहा कि अवैध प्रवास को रोकने के लिए सरकार अब डिजिटल आइडी योजना को क्रियान्वित करने जा रही है। उन्होंने यहां आयोजित ग्लोबल प्रोग्रेस एक्शन सम्मेलन में अपने संबा. ेधन में कहा कि मुझे पता है कि आप इस देश में अवैध प्रवास के स्तर को लेकर चितित हैं। डिजिटल आईडी यहां अवैध रूप से काम करने को और भी कठिन बनाने का एक और उपाय है, जिससे हमारी सीमाएं और भी सुरक्षित हो जाएंगी।

### भारत ने आतंकवाद के प्रति अपने शून्य सहिष्णुता दृष्टिकोण को दोहराया

**संयुक्त राष्ट्र/नई दिल्ली।** भारत ने आतंकवाद के सभी रूपों के खिलाफ लड़ाई में दुनिया के एकजुट होने की आवश्यकता पर बल दिया है। भारत ने 'आतंकवाद पीड़ितों के मित्र समूह' की छठी मंत्रिस्तरीय बैठक में सीमा पार आतंकवाद के संकट का उल्लेख किया और आतंकवाद के प्रति अपने शून्य सहिष्णुता वाले दृष्टिकोण को दोहराया है। सचिव 'पश्चिम राजदूत' सिबी जॉर्ज ने इस बैठक में भारत का पक्ष रखा।

### मीरवाइज ने लगातार तीसरी बार नजरबंद होने का किया दावा

**श्रीनगर।** कश्मीर के प्रमुख मौलवी एवं हुर्रियत अध्यक्ष मीरवाइज उमर फारूक ने शुक्रवार को कहा कि अधिकारियों ने उन्हें फिर से नजरबंद कर दिया है, जिससे वह श्रीनगर की ऐतिहासिक जामिया मस्जिद में नमाज अदा नहीं कर सकेंगे। मीरवाइज ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि यह लगातार तीसरा शुक्रवार है जब उन्हें मस्जिद में जाने से रोका गया है। उन्होंने लिखा कि पुलिस ने अभी सूचित किया है कि आज फिर, लगातार तीसरे शुक्रवार को, मुझे घर में नजर. बंद कर दिया गया है और जामा मस्जिद जाने की अनुमति नहीं दी जाएगी? मीरवाइज ने आरोप लगाया कि प्रतिबंध मनमाने तरीके से और बिना किसी जवाबदेही के लगाए गए हैं।

## यमन में इजरायल का बड़ा हवाई हमला

- चार बच्चे समेत नौ की मौत, कई लोग घायल

**सना।** यमन की राजधानी सना में इजरायल के भयावह हवाई हमले में कम से कम नौ लोगों की मौत हो गई, जबकि कई लोग घायल हुए हैं। शुक्रवार को इस बात की जानकारी यमन के हूथी विद्रोहियों ने दी। यह हमला गुरुवार को हुआ था, जो इजरायल और ईरान समर्थित हूथियों के बीच गाजा युद्ध को लेकर बढ़ते तनाव का हिस्सा है।

इससे पहले गुरुवार को हूथियों द्वारा दक्षिणी इजरायल के ईलात शहर में ड्रोन हमला किया गया था, जिसमें 22 लोग घायल हुए थे, जिसके जवाब में इजरायल ने ये हमला किया। मामले में हूथी नियंत्रित क्षेत्र की स्वास्थ्य मंत्रालय ने बताया कि मरने वालों में चार बच्चे, दो महिलाएं और तीन बुजुर्ग शामिल हैं। इसके अलावा 59 बच्चे, 35 महिलाएं और 80 बुजुर्ग घायल हुए हैं। राहत कर्मी मलबे के नीचे फंसे लोगों की तलाश कर रहे हैं, इसलिए मौतों की संख्या बढ़ सकती है। इजरायली सेना ने कहा कि उन्होंने सना में हूथी सैन्य कमांड सेंटर, कैंप और सुरक्षा केंद्रों को निशाना बनाया। वहीं हूथी प्रवक्ता ने दावा किया कि इजरायली हमले ने आवासीय इलाकों और बिजली सुविधाओं को नुकसान पहुंचाया, लेकिन उनकी सुरक्षा प्रणालियों ने हमला रोकने में मदद की। ऐसे में अब बात अगर सना के निवासी की करें तो उन्होंने इस हमले के बारे में बताया कि एक हमले में एक भवन क्षतिग्रस्त हुआ, जहां हूथी नेता रहते थे। विस्फोट इतना जोरदार था कि आस-पास के कई घर और वाहन भी क्षतिग्रस्त हो गए। इसके साथ ही स्थानीय लोगों ने बताया कि विस्फोट के बाद पूरा इलाका धूल और काले धुएं से भर गया था।

## कंबोडिया से जुड़े अंतर्राज्यीय साइबर ठग गिरोह का भंडाफोड़ चार लोग गिरफ्तार


**नई दिल्ली।** दक्षिण-पश्चिम दिल्ली साइबर थाना पुलिस ने बड़ी सफलता हासिल करते हुए एक अंतरराज्यीय साइबर ठग गिरोह का पर्दाफाश किया है, जिसके तार कंबोडिया में सक्रिय धोखेबाजों से जुड़े पाए गए हैं। पुलिस ने चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है और उनके पास से चार अत्याधुनिक मोबाइल फ़ोन बरामद किए हैं। यह गिरोह नकली ट्रेडिंग ऐप बनाकर लोगों को करोड़ों रुपये का चूना लगा रहा था। दक्षिण-पश्चिम जिला पुलिस उपायुक्त अमित गोयल ने गिरफ्तार आरोपियों की पहचान बुलंदशहर निवासी मनीक अग्रवाल (25) ,अब्दुल्ला उर्फ लूसिफर (23), मोहम्मद आमिर उर्फ रॉकी (26) और शनमियां खान के रूप में हुई है। शिकायतकर्ता टी- सिंह ने बताया कि 10 जून 2025 को उन्हें '101 शून्य वेल्थ सर्किल' नामक एक व्हाट्सऐप समूह में जोड़ा गया।

## शहबाज-मुनीर से मुलाकात से पहले प्रेस कॉन्फ्रेंस करते रहे ट्रम्प

### पाकिस्तानी पीएम और आर्मी चीफ को 30 मिनट इंतजार कराया

**वाशिंगटन।** पाकिस्तानी पीएम शहबाज शरीफ और आर्मी चीफ आसिम मुनीर ने गुरुवार देर रात अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प से मुलाकात की। बैठक से पहले ट्रम्प ने शहबाज को करीब 30 मिनट तक इंतजार कराया। इस दौरान ट्रम्प प्रेस कॉन्फ्रेंस करते रहे। दरअसल पाक पीएम रात करीब 2 बजे व्हाइट हाउस पहुंचे थे। उस वक्त ट्रम्प कार्यकारी आदेशों पर साइन कर रहे थे और पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे।

इस दौरान शहबाज व्हाइट हाउस में ही ट्रम्प का इंतजार करते रहे। बाद में दोनों के बीच करीब 1 घंटा 20 मिनट तक बैठक चली। यह मुलाकात व्हाइट हाउस में बंद कमरे में हुई। इस मीटिंग से मीडिया को दूर रखा गया। व्हाइट हाउस की तरफ से ट्रम्प और शरीफ-मुनीर की बातचीत को लेकर कोई तस्वीर या वीडियो अब तक जारी नहीं की गई है। अमूमन अमेरिकी राष्ट्रपति जब किसी विदेशी नेता से मिलते हैं, तो व्हाइट हाउस आधिकारिक तस्वीरें जारी करता है। ट्रम्प और



- व्हाइट हाउस ने फोटो-वीडियो तक जारी नहीं किया
- बाद में दोनों के बीच करीब 1 घंटा 20 मिनट तक बैठक

शहबाज के यह 3 दिन में दूसरी मुलाकात थी। इससे पहले दोनों नेताओं ने 23 सितम्बर को न्यूयार्क में संयुक्त राष्ट्र महासभा (यूएनजीए) के दौरान मुलाकात की थी। उस बैठक में कतर, तुर्की, सऊदी अरब, इंडोनेशिया, मिस्र, यूएई और जार्डन के नेता भी शामिल थे। उस दौरान गाजा जंग रोकने पर बात हुई थी। शहबाज शरीफ की किसी अमेरिकी राष्ट्रपति के साथ ओवल आफिस में पहली मुलाकात थी। पाकिस्तान के किसी पीएम अमेरिकी राष्ट्रपति से 6 साल बाद मुलाकात हुई है। इससे पहले जुलाई 2019 में इमरान खान और ट्रम्प के बीच बैठक हुई थी। इससे पहले शहबाज शरीफ ने 23 सितम्बर को न्यूयार्क में ट्रम्प से मुलाकात की थी। इस दौरान मुस्लिम देशों के कई नेता मौजूद थे। बैठक से पहले पत्रकारों से बात करते हुए ट्रम्प ने कहा कि व्हाइट हाउस में एक 'महान नेता' आ रहा है। ट्रम्प ने मीडिया से कहा पाकिस्तान के प्रधानमंत्री और फील्ड मार्शल आ रहे हैं। वे बहुत अच्छे व्यक्ति हैं और प्रधानमंत्री भी। दोनों ही (शहबाज और मुनीर) बहुत अच्छे हैं। पाकिस्तान के प्रधानमंत्री कार्यालय की तरफ से जारी बयान में कहा गया कि बैठक में अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस और विदेश मंत्री मार्को रुबियो भी मौजूद थे।

## छात्राओं से छेड़छाड़ का आरोपी चैतन्यानंद की अग्रिम जमानत याचिका खारिज

**नई दिल्ली।** दिल्ली के पटियाला हाउस कोर्ट ने कथित वित्तीय अनियमितताओं से जुड़े एक मामले में आरोपी स्वामी चैतन्यानंद सरस्वती की अग्रिम जमानत याचिका को शुक्रवार को खारिज कर दिया। अदालत ने याचिका पर विचार करने के बाद यह निर्णय लिया कि उन्हें अग्रिम जमानत देना उचित नहीं होगा। चैतन्यानंद पर छात्राओं के साथ छेड़छाड़ और यौन शोषण के भी गंभीर आरोप लगे हैं। सुनवाई के दौरान दिल्ली पुलिस ने जमानत का पुरजोर विरोध करते हुए अदालत को बताया कि आरोपी पिछले एक महीने से फरार है।

## फ्रांस के पूर्व राष्ट्रपति निकोलस सरकोजी को 5 साल की जेल

### 92 लाख का जुर्माना भी लगा, 2007 में लीबियाई तानाशाह से पैसे लेने की साजिश रची थी

**पेरिस।** फ्रांस के पूर्व राष्ट्रपति निकोलस सरकोजी को पेरिस की एक अदालत ने गुरुवार को आपराधिक साजिश के आरोप में 5 साल जेल की सजा सुनाई है। इसके साथ ही उन पर 1 लाख यूरो (लगभग 92 लाख रुपये) का जुर्माना लगाया गया और 5 साल तक कोई सरकारी पद लेने पर रोक लगा दी गई है।

यह मामला 2007 के राष्ट्रपति चुनाव में उनकी जीत के लिए लीबिया के तत्कालीन तानाशाह मुअम्मर गद्दाफी की अवैध फंडिंग से जुड़ा है। हालांकि, कोर्ट ने सरकोजी को भ्रष्टाचार जैसे अन्य आरोपों से



- 70 साल के सरकोजी ने फैसले को कानून के खिलाफ बताते हुए ऊपरी कोर्ट में अपील करने का ऐलान किया

बरी कर दिया। 70 साल के सरकोजी ने फैसले को कानून के खिलाफ बताते हुए ऊपरी कोर्ट में अपील करने का ऐलान किया है। निकोलस सरकोजी 2007 से 2012 तक फ्रांस के राष्ट्रपति रहे थे। उनकी पत्नी कार्ला ब्रूनी एक फेमस सिंगर और मॉडल हैं। निकोलस सरकोजी अपनी पत्नी कार्ला ब्रूनी के साथ सुनवाई के लिए कोर्ट पहुंचे थे। अदालत ने फैसला दिया कि सरकोजी ने अपने करीबी सहयोगियों के साथ मिलकर 2007 के इलेक्शन कैंपेन के लिए लीबिया से पैसे लेने की साजिश रची थी। हालांकि, यह साबित नहीं हो सका कि ये पैसा उनके कैंपेन में इस्तेमाल हुआ, इसलिए उन्हें भ्रष्टाचार जैसे अन्य आरोपों से बरी कर दिया गया। फिर भी अदालत ने कहा कि यह साजिश गंभीर अपराध है, क्योंकि इससे लोगों का भरोसा टूटता है। सरक. ोजी को एक महीने के अंदर जेल जाना होगा। आधुनिक फ्रांस के इतिहास में यह पहली बार है जब किसी पूर्व राष्ट्रपति को जेल जाना पड़ेगा। सरकोजी ने सभी आरोपों से इन्कार किया है। उनका कहना है कि यह मामला 'राजनीतिक साजिश' है और गद्दाफी परिवार ने बदला लेने के लिए ये आरोप लगाए हैं। सरक. ोजी ने कहा: अगर उन्हें जेल में सोना पड़ा, तो वे सिर ऊंचा करके सोएंगे।

## भारत का परमाणु क्षमता को बढ़ाने की दिशा में सराहनीय काम: विश्व परमाणु संघ

**मास्को।** विश्व परमाणु संघ की महानिदेशक समा बिलबाओ लियोन ने विश्व परमाणु सप्ताह समारोह में कहा है कि भारत अपने स्वदेशी कार्यक्रम के साथ परमाणु ऊर्जा क्षेत्र में शानदार काम कर रहा है।

उन्होंने यह भी कहा कि चीन, भारत और अन्य एशियाई देशों में परमाणु ऊर्जा का अच्छा विकास हुआ है। लियोन ने समारोह में अंतर्राष्ट्रीय मीडिया से बात करते हुए यह भी कहा कि दुनिया भारत की क्षमता की ओर देख रही है। उल्लेखनीय है कि यह समारोह रूसी परमाणु उद्योग की 80वीं वर्षगांठ को समर्पित है। उन्होंने कहा कि कई

- चीन, भारत और अन्य एशियाई देशों में परमाणु ऊर्जा का अच्छा विकास हुआ

देश आपूर्ति श्रृंखला के लिए भारत की ओर देख रहे हैं। उन्होंने 2047 तक भारत के 100 गीगावाट के लक्ष्य का उल्लेख करते हुए कहा कि देश के पास करने के लिए बहुत बड़ा काम है और सभी का ध्यान इसी पर है कि इसे कैसे पूरा किया जाएगा। उन्होंने नीतिगत विकास पर कहा कि भारत को अपने परमाणु ऊर्जा अधिनियम और परमाणु क्षति के लिए नागरिक दायित्व अधिनियम में संशोधन करने की जरूरत है।

## तुर्की के जवाब में भारत ने साइप्रस का मुद्दा उठाया

### कहा: यूएन के मुताबिक समाधान हो, एर्दोगन ने यूएन में कश्मीर मुद्दे का किया था जिक्र

**नई दिल्ली।** भारतीय विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने शुक्रवार को वीकली प्रेस कान्फ्रेंस की। इस दौरान उन्होंने बताया कि विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने हाल ही में साइप्रस के विदेश मंत्री से बात की है। इस दौरान उन्होंने साइप्रस विवाद को यूएन नियमों के मुताबिक हल करने पर बात की। दरअसल तुर्की ने 1974 में साइप्रस के उत्तरी हिस्से पर कब्जा कर लिया था, तब से वहां विवाद की स्थिति बनी हुई है।

भारत के आज के बयान से तीन दिन पहले तुर्की के राष्ट्रपति रेसेप तईप एर्दोगन ने यूएन में जम्मू-कश्मीर का मुद्दा उठाया था। इस पर जायसवाल ने कहा कश्मीर मुद्दे पर हमारा स्टैंड 10 साल से पूरी तरह क्लियर है। जायसवाल ने नाटो प्रमुख मार्क रुटे के उस बयान को पूरी तरह खारिज कर दिया, जिसमें उन्होंने कहा था पीएम मोदी ने यूक्रेन



- इस पर जायसवाल ने कहा कश्मीर मुद्दे पर हमारा स्टैंड 10 साल से पूरी तरह क्लियर है

वार मुद्दे पर राष्ट्रपति पुतिन से बात की है। जायसवाल ने कहा कि ऐसी कोई बातचीत नहीं हुई। उन्होंने नाटो से सावधानी से बयान देने को कहा। इसके साथ यह भी कहा कि भारत अपने लोगों के लिए सस्ती बिजली और देश की सुरक्षा के लिए जरूरी कदम उठाता रहेगा। हाल ही में मार्क रुटे ने कहा था कि अमेरिका ने जो टैरिफ भारत पर लगाए हैं, उसका असर रूस पर भी पड़ रहा है।

उनके मुताबिक, टैरिफ की वजह से भारत ने रूस से उसकी यूक्रेन युद्ध रणनीति को लेकर जवाब मांगा है। उन्होंने दावा किया कि प्रधानमंत्री मोदी इस बारे में रूसी राष्ट्रपति पुतिन से बात कर रहे हैं। जायसवाल ने बताया कि इस साल जनवरी से अब तक 2,417 भारतीय अमेरिका से वापस आए। ये लोग सही दस्तावेजों के बिना वहां थे। भारत चाहता है कि लोग कानूनी तरीके से विदेश जाएं। अवैध तरीके से विदेश जाने वालों को रोकने के लिए केंद्र सरकार राज्यों के साथ मिलकर काम कर रही है। लोगों को जागरूक करने और झूठे नौकरी के आफर से बचने की सलाह दी गई है।

## लश्कर डिप्टी चीफ बोला: हिंदुस्तान व हिंदुओं का सफाया होगा

**इस्लामाबाद।** लश्कर-ए-तैयबा (एलईटी) का डिप्टी चीफ सैफुल्लाह कसूरी का एक वीडियो सामने आया है, जिसमें वो भारत से हिंदुओं का सफाया करने की धमकी देता है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक ये वीडियो 22 अप्रैल के पहलगाम आतंकी हमले से पहले का है।

कसूरी इस हमले के मास्टरमाइंड में से एक है। वीडियो में वह कहता है कि हमारे काफिले न रुकेंगे, न थमेंगे और तब तक चैन से नहीं बैठेंगे जब तक पूरे हिंदुस्तान पर 'ला इलाहा इलल्लाह' (अल्लाह के अलावा कोई दूसरा नहीं) के परचम लहरा नहीं देते। कसूरी आगे कहता है कि ये वक्त आने वाला है, कोई नाउम्मीदी नहीं। हम जिस मैदान में खड़े हुए हैं, अपने दुश्मन को चारो खाने चित्त किया है। ये हिंदू हमारे सामने क्या है। हिंदुस्तान का हिंदू मिट जाएगा और

- पहलगाम हमले के पहले का वीडियो सामने आया, भारत में इस्लामी राज लाने की धमकी दी

इस्लाम का राज आने वाला है। कसूरी वीडियो में कहता है कि ये भाषण वो लश्कर के मुरीदके हेडक्वार्टर से दे रहा है। भारत ने ऑपरेशन सिंदूर के दौरान लश्कर के इस हेडक्वार्टर पर हमला बोला था। बाद में पाकिस्तानी सेना ने झूठा दावा किया था कि यह आतंकवादी अड्डा नहीं, बल्कि एक मस्जिद है। कसूरी ने पाकिस्तान को 'अल्लाह की दी हुई पनाहगार' बताया। उसने कहा: पाकिस्तान सलामती और अमन की सरजमीं है, ये दुनियाभर के मुस्लिमों का हमदर्द और मददगार है। इसके अलावा कसूरी ने दुनिया से पाकिस्तान की कद्र करने और जुड़ने को कहा।


यौन समस्याएं
यौन समस्याओं के विशेषज्ञ



पुराने से पुराने यौन रोग के मरीज एक बार अवश्य मिलें
डा. सम्राट
नशामुक्ति, शराब, बीड़ी, सिगरेट, गुटखा तम्बाकू, प्रोक्सीवॉन कैप्सूल अफीम, चरस, डोडे पोस्त इंजेक्शन व अन्य नशा छुड़ाने का स्थायी ईलाज।
नावल्टी सिनेमा चौक
मुजफ्फरनगर (यू.पी.)
M-9412211108